✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



औरंगाबाद में रैली निकाल मतदाताओं को किया गया जागरूक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 132 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 8 अक्टूबर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

# केंद्रीय कैबिनेट ने चार रेल परियोजनाओं को दी मंजूरी

## 24634 करोड़ की राशि से 894 किलोमीटर बढ़ेगा रेल नेटवर्क

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट ने मंगलवार को 24,634 करोड़ रुपये की चार प्रमुख रेल परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। स्वीकृत रेल परियोजनाओं में मध्य भारत में क्षमता और कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए प्रमुख मार्गों पर तीसरी और चौथी लाइनों का निर्माण शामिल है। स्वीकृत रेल परियोजनाओं में महाराष्ट्र में 314 किलोमीटर लंबा वर्धा-भुसावल खंड, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में फैला 84 किलोमीटर लंबा गोंदिया-डोंगरगढ़ खंड, गुजरात और मध्य प्रदेश को कवर करने वाला 259 किलोमीटर लंबा वडोदरा-रतलाम कॉरिडोर और मध्य प्रदेश में 237 किलोमीटर लंबा इटारसी-भोपाल-बीना खंड शामिल हैं। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात और छत्तीसगढ़ राज्यों के 18 जिलों को कवर करने वाली चार परियोजनाओं से भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 894 किलोमीटर का इजाफा होगा। स्वीकृत मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना से लगभग 3,633 गांवों, जिनकी आबादी लगभग 85.84 लाख है और दो आकांक्षी जिलों (विदिशा और राजनांदगांव) तक कनेक्टिविटी बढ़ेगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि बढ़ी हुई लाइन क्षमता से गतिशीलता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी जिसके परिणामस्वरूप भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता में सुधार होगा। ये मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव परिचालन को सुव्यवस्थित करने और भीड़भाड़ को कम करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा



कि नई रेल परियोजाओं से कोयला, कंटेनर, सीमेंट, फ्लाई ऐश, खाद्यान्न और इस्पात जैसी वस्तुओं का परिवहन आसान होगा। क्षमता वृद्धि कार्यों के परिणामस्वरूप 78 मिलियन टन प्रति वर्ष का अतिरिक्त माल यातायात होगा। रेलवे, पर्यावरण अनुकूल और ऊर्जा कुशल परिवहन का साधन होने के कारण, जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने और देश की रसद लागत को कम करने, तेल आयात (28 करोड़ लीटर) को कम करने और एग2 उत्सर्जन (139 करोड़ किलोग्राम) को कम करने में मदद करेगा, जो छह करोड़ पेड़ लगाने के बराबर है। रेल मंत्री ने कहा कि अब हम अमेरिका को पीछे छोड़कर दुनिया के दूसरे सबसे बड़े माल ढुलाई वाले देश बन गए हैं। हम 10 साल पहले जहां थे, उससे हमने बहुत बड़ी छलांग लगाई है। उन्होंने कहा कि बढ़ी हुई लाइन क्षमता गतिशीलता में उल्लेखनीय वृद्धि करेगी जिससे भारतीय रेलवे की परिचालन दक्षता और सेवा विश्वसनीयता में सुधार होगा। ये मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव परिचालन को सुव्यवस्थित करने और भीड़भाड़ को कम करने के लिए तैयार हैं। ये परियोजनाएं क्षेत्र के लोगों को व्यापक विकास के जरिये 'आत्मनिर्भर' बनाएंगी जिससे उनके रोजगार या स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। श्री वैष्णव ने बताया कि ये परियोजनाएं लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी। उन्होंने कहा कि परियोजना खंड सांची, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, भीमबेटका की शैलाश्रय, हजारा जलप्रपात और नवेगांव राष्ट्रीय उद्यान जैसे प्रमुख स्थलों को भी रेल संपर्क प्रदान करता है, जो देश भर से पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

# बिहार में एसआईआर के तहत हटाए गए मतदाताओं का ब्योरा दें : सुप्रीम कोर्ट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को चुनाव आयोग से बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत तैयार अंतिम चुनावी सर्वेक्षण से बाहर रखे गए 3.66 लाख मतदाताओं का ब्योरा उपलब्ध कराने के लिए कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से बिहार एसआईआर के तहत बाहर रखे गए मतदाताओं का विवरण 9 अक्टूबर तक देने के लिए कहा है। इसके साथ ही चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि एसआईआर की अंतिम मतदाता सूची में जोड़े गए ज्यादातर नाम नए और कुछ पुराने मतदाताओं के हैं। बिहार एसआईआर प्रक्रिया पर चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि अब तक किसी भी बाहर रखे गए मतदाता द्वारा कोई शिकायत या अपील दायर नहीं की गई है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि चुनाव आयोग बाहर रखे गए मतदाताओं के बारे में जो भी उनके पास है, उसे गुरुवार (9 अक्टूबर) तक पेश करेगा। इसके बाद एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आगे की सुनवाई करेगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि सभी के पास मसौदा मतदाता सूची है और अंतिम सूची भी 30 सितंबर को प्रकाशित हो चुकी है, इसलिए तुलनात्मक विश्लेषण के माध्यम से आवश्यक आंकड़े उपलब्ध कराए जा सकते हैं। न्यायमूर्ति बागची ने चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी से कहा कि अदालती आदेशों के परिणामस्वरूप चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और पहुंच बढ़ी है। चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को यह भी बताया कि प्रभावित/हटाई गई सूची में शामिल किसी भी मतदाता ने अदालत का रुख नहीं किया है और न ही अपील दायर की है बल्कि दिल्ली में बैठे राजनेता और गैर-सरकारी संगठन ही इस मुद्दे को उठा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट अब इस मामले की सुनवाई गुरुवार (9 अक्टूबर) को करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार सरकार ने बदली दिवाली की छुट्टी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में दीपावली की सरकारी छुट्टी अब 20 अक्टूबर को होगी। सामान्य प्रशासन विभाग ने इससे संबंधित गजट जारी किया है। विभाग के मुताबिक सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा पूर्व में 22 अक्तूबर (बुधवार) को एनआई एक्ट के तहत अवकाश घोषित किया गया था। अब उसके स्थान पर 20 अक्टूबर (सोमवार) को अवकाश की घोषणा की गई है। आपको बता दें इस साल लक्ष्मी पूजा के साथ दीपावली का पर्व 20 अक्टूबर सोमवार को मनाया जाएगा।

### हावड़ा-मुंबई एक्सप्रेस से गिरा युवक, मौत

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** कैमूर जिले के मोहनिया थाना अंतर्गत कुरई और भरखर गांव के बीच एक युवक की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। घटना हावड़ा-मुंबई एक्सप्रेस से हुई। मृतक की पहचान गिरिडीह जिले के बगोदर थाना अंतर्गत गुल्ली गांव निवासी नीरज कुमार के बेटे नारायण विश्वकर्मा के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार नीरज कुमार हजारीबाग रोड से मुंबई जाने के लिए हावड़ा-मुंबई एक्सप्रेस में सवार हुए थे। मोहनिया थाना क्षेत्र के कुरई और भरखर गांव के बीच ट्रेन पहुंचने पर वे चलती ट्रेन से नीचे गिर गया जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

### बिहार में कार्य निरीक्षक के 1114 पदों पर होगी बहाली

**नई दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार तकनीकी सेवा आयोग की ओर से कार्य निरीक्षक के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी कर भर्ती का एलान किया गया ही। अधिसूचना के मुताबिक इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 10 अक्टूबर से स्टार्ट हो जाएगी। आवेदन स्टार्ट होते ही अभ्यर्थी ऑनलाइन माध्यम से आयोग की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर फॉर्म भर सकेंगे, अन्य किसी भी प्रकार से आवेदन स्वीकार नहीं होंगे। फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 नवंबर तय की गई है।

### भोजपुरी स्टार निरहुआ व आम्रपाली दुबे के खिलाफ परिवाद दायर

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में भोजपुरी फिल्म स्टार और भाजपा के आजमगढ़ सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ तथा अभिनेत्री आम्रपाली दुबे के खिलाफ सिविल कोर्ट में परिवाद दायर किया गया है। दोनों पर आरोप है कि उन्होंने मुजफ्फरपुर शहर में आयोजित एक मॉल के उद्घाटन समारोह के दौरान सड़क जाम की स्थिति पैदा कर दी जिससे आम लोगों और मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। यह मामला सिविल कोर्ट के अधिवक्ता सुधीर कुमार ओझा द्वारा दर्ज कराया गया है। कोर्ट ने परिवाद को स्वीकार करते हुए मामले की सुनवाई की तिथि 18 अक्टूबर तय की है।

# स्कॉर्पियो-ऑटो की टक्कर में तीन की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** रोहतास जिले के सासाराम-आरा रोड पर नोखा थाना क्षेत्र में सोमवार की रात भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। यह दर्दनाक हादसा तराढ़ गांव मोड़ और गंगहर टोला के बीच हुआ जहां एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ऑटो में सवार लोग सासाराम से नोखा लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने ऑटो को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि उसका आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और ऑटो के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। दुर्घटना में ऑटो चालक समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के करमैनी खुर्द निवासी श्रीकांत प्रसाद, नोखा के केसरवानी मोहल्ला निवासी आशीष केसरी और दावथ थाना क्षेत्र के सेमरी निवासी साहिल गुप्ता शामिल है। वहीं करमैनी खुर्द निवासी विश्वास पासवान एवं बुढ़वल निवासी बिरजू पासवान गंभीर रूप से घायल है। घटना की जानकारी मिलते ही नोखा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो को जब्त करते हुए चालक को हिरासत में ले लिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# बिहार विधानसभा चुनाव में 21 एजेंसियों की होगी तैनाती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने की जिम्मेदारी चुनाव आयोग ने 21 एजेंसियों को सौंपी है। ये एजेंसियां पूरे चुनाव के दौरान अलर्ट मोड में रहेगी। इन एजेंसियों का काम कानून-व्यवस्था बनाए रखना, अवैध धन, शराब, ड्रग्स और अन्य संसाधनों के दुरुपयोग पर रोक लगाना है। राज्य पुलिस, केंद्रीय सुरक्षा बल और सशस्त्र सीमा बल सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे। इनके साथ राज्य निगरानी निदेशालय और स्पेशल इनफोर्समेंट ब्यूरो भी एक्टिव रहेंगे ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी को समय रहते रोका जा सके। चुनाव में अवैध पैसे के फ्लो पर रोक लगाने के लिए आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय, आयकर निगरानी निदेशालय, आरबीआइ और राज्य जीएसटी विभाग को जिम्मेदारी दी गई है। जीएसटी, कस्टम विभाग और स्टेट लेवल बैंकर्स कमेटी भी बैंकिंग और नकदी लेन-देन पर नजर रखेंगे। राज्य मद्यनिषेध विभाग और स्पेशल इनफोर्समेंट ब्यूरो को विशेष रूप से इस काम में लगाया गया है। इनकी टीमें सीमावर्ती इलाकों में अभियान चलाकर अवैध शराब और नशे की आपूर्ति को रोकेंगी। राज्य परिवहन विभाग, राज्य विमानन विभाग, नागरिक विमानन ब्यूरो और एयरपोर्ट अथॉरिटी मिलकर वाहनों और हवाई रूट से होने वाले संदिग्ध आवागमन पर नजर रखेंगे। पोस्टल विभाग, आरपीएफ और वन विभाग को भी सूचना संचार, माल परिवहन और बॉर्डर इलाके की निगरानी के लिए तैनात किया गया है। इन सभी एजेंसियों की निगरानी में बिहार विधानसभा चुनाव संपन्न होगा।

# राजस्व कर्मचारी रिश्वत लेते धराया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद।** सदर प्रखंड के पुराने अंचल कार्यालय भवन से मंगलवार को विजिलेंस की टीम ने एक राजस्व कर्मचारी को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते रंग हाथों गिरफ्तार किया है। राजस्व कर्मचारी अविनाश कुमार अनिल एक रिटायर्ड वायुसेना जवान से जमीन के दाखिल खारिज के लिए रिश्वत ले रहा था। गिरफ्तार राजस्व कर्मचारी को निगरानी की टीम अपने साथ पटना ले गई। उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। वह जहानाबाद सदर प्रखंड की चार पंचायतों के प्रभार में था। मांदिल, गोनमा, पंडुई और पिंजौर पंचायत के प्रभार में कार्यरत था। निगरानी विभाग के डीएसपी गौतम कृष्ण ने बताया कि जहानाबाद सदर प्रखंड के पिंजौर गांव निवासी रिटायर्ड वायुसेना के जवान पुष्कर कुमार ने शिकायत की थी कि दाखिल खारिज के नाम पर उनसे रिश्वत मांगी जा रही है। पैसे नहीं देने पर उन्हें लगभग एक वर्ष से अंचल कार्यालय का चक्कर लगाने पर मजबूर किया जा रहा था। शिकायत प्राप्त होने के बाद निगरानी विभाग की टीम ने दो दिन पूर्व गुप्त रूप से रेकी की जिसमें शिकायत को सही पाया गया। मंगलवार को पटना से आई टीम ने पुराने अंचल कार्यालय में छापेमारी कर अविनाश कुमार अनिल को पांच हजार रुपया रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। डीएसपी गौतम कृष्ण ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ के दौरान आरोपी कर्मचारी ने यह स्वीकार किया कि वरीय अधिकारियों तक भी रिश्वत की राशि पहुंचाई जाती थी। फिलहाल इस पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है। इस कार्रवाई की खबर मिलते ही अंचल कार्यालय परिसर में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में लोग कार्यालय पहुंचकर रिश्वत लेते पकड़े गए कर्मचारी को देखने के लिए जुट गए। लोगों ने इस कार्रवाई की सराहना की है।

# चिराग पासवान व धर्मेंद्र प्रधान के बीच सीट शेयरिंग पर हुई चर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नयी दिल्ली।** बिहार चुनाव को लेकर एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर ताबड़तोड़ बैठकों का दौर जारी है। मंगलवार को एनडीए के सहयोगी लोजपा (रा) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से बिहार भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े, बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान और बिहार सरकार के मंत्री मंगल पांडे ने दिल्ली में मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक मुलाकात के दौरान बिहार चुनाव को लेकर चर्चा हुई जो करीब 45 मिनट तक चली। इसमें सीट बंटवारे पर भी गहन मंथन हुआ। बताया जा रहा है कि एनडीए के सहयोगी जीतन राम मांझी 15 सीटों पर अड़े हैं तो वहीं चिराग पासवान की 30 सीटों की जिद है। मांझी तो पहले भी कह चुके हैं कि अगर 15 से कम सीटें मिली तो उनकी पार्टी अकेले 100 सीटों पर लड़ जाएगी। ऐसे में एनडीए में सीट बंटवारा थोड़ा चुनौती भरा हो सकता है। भाजपा अपने सहयोगी दलों को मनाने में जुटी है। इससे पहले रविवार को बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान और विनोद तावड़े ने जदयू के ललन सिंह, जीतनराम मांझी और रालोमो चीफ उपेंद्र कुशवाहा से मुलाकात की थी। इस दौरान सीट शेयरिंग पर चर्चा हुई थी। वहीं मंगलवार को जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलने सीएम आवास पहुंचे। इस दौरान जदयू नेताओं के साथ बैठक हुई। बताया जा रहा है कि टिकट और उम्मीदवार को लेकर पार्टी के बड़े नेताओं के साथ मुख्यमंत्री की लंबी बैठक चली। जदयू के कोटे की सीटों पर मंथन हुआ। इस दौरान संजय झा ने कहा कि एनडीए पूरी मजबूती से खड़ा है और जल्द सीट शेयरिंग हो जाएगी।

अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।




अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

# लोकतंत्र की सफलता के लिए निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव अनिवार्य : डीएम

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी विधानसभा आम निर्वाचन के सफल शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संचालन हेतु निर्वाचन प्रक्रिया की तैयारियों आदर्श आचार संहिता के अनुपालन मतदाता सूची की शुद्धता एवं मतदाता जागरूकता गतिविधियों पर विस्तृत विचार-विमर्श करना था। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बैठक में स्पष्ट किया कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता का पालन सर्वोपरि है। उन्होंने विशेष रूप से बताया कि जुलूस वाहन सभा आदि के आयोजन हेतु सभी राजनीतिक दलों को पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य है। इसके तहत जिले के विभिन्न मैदानों को चिन्हित किया गया है जिनकी क्षमता एवं विवरण संबंधित दलों को उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आवेदन प्रक्रिया को आसान एवं पारदर्शी बनाने के लिए एकल खिड़की प्रणाली लागू की गई है। राजनीतिक दलों को निर्देशित किया गया कि सभा जुलूस हेतु कम से कम 48 घंटे पूर्व लिखित आवेदन प्रस्तुत करें ताकि अनुमति प्रक्रिया समय पर पूर्ण की जा सके। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आचार संहिता एवं लागू धाराओं के महत्व के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी भी राजनीतिक दल अथवा उसके कार्यकर्ताओं द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं को धन वस्तु अथवा अन्य प्रलोभन देना मतदाताओं को डराना या धमकाना किसी अन्य दल की सभा या जुलूस में बाधा डालना मतदाताओं को वाहन द्वारा मतदान केंद्र तक पहुंचना जुलूस में बच्चों को शामिल करना जैसी अनैतिक या गैरकानूनी गतिविधियां की जाती हैं तो ऐसे मामलों में संबंधित धाराओं के अंतर्गत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने इसके अतिरिक्त राजनीतिक दलों को पार्टी झंडे के आकार बैनर एवं पोस्टर के आयाम पार्टी कार्यालय एवं वाहनों पर झंडा लगाने के नियमों तथा प्रचार सामग्री के उपयोग से संबंधित निर्वाचन आयोग के निर्देशों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी ताकि सभी दल निर्धारित नियमों का पूर्ण पालन सुनिश्चित कर सकें। बैठक में उपस्थित सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद गजाली एवं सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के सदस्य उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने इस बैठक के माध्यम से यह संदेश स्पष्ट किया कि लोकतंत्र की सफलता के लिए शांतिपूर्ण निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव अनिवार्य हैं और इसके लिए सभी राजनीतिक दलों का सहयोग आवश्यक है।

## बाइक की ठोकर से एक की मौत

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढी नौबतपुर मार्ग के मसौढी थाना क्षेत्र के नूरा बाजार के समीप बाइक के ठोकर से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक की पहचान नूरा गांव के रहने वाले सुदामा सिंह उम्र 55 वर्ष पिता स्व नवरत्न सिंह के रूप में हुई हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक सुदामा सिंह नुरा बाजार में एक पारचून का दुकान चलाते हैं और रविवार की शाम को तकरीबन 7:00 बजे वह दुकान बंद कर जा रहे थे, उसी दौरान पीछे से तेज गति से एक बाइक जोरदार ठोकर मार दी जिससे गंभीर रूप में जख्मी हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने आनन फानन में उन्हें इलाज के लिए पीएमसीएच भेजा गया। जहाँ इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई है। इस घटना के बाद से परिवार वाले स्तब्ध हैं। इधर ठोकर मार कर भाग रहे बाइक सवार की पहचान कर ली गई है, जो भखरा गांव के रहने वाला है। मृतक के परिजनों ने मसौढी थाने मे नामजद प्राथमिकी दर्ज करवाई है। फिलहाल पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की छानबीन में जुटी है। पुलिस बाइक चालक के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है।

## अब सिल्क सिटी में ही मिलेगा कोटा कोचिंग के एक्सपर्ट फैकल्टीज का मार्गदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**भागलपुर।** कैरियर सिटी कोटा के सबसे बड़े एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट ने बिहार की राजधानी पटना में अपनी स्थापना के सफलतम एक वर्ष पूरा करने के साथ ही राज्य के एक और प्रमुख शहर सिल्क सिटी भागलपुर में सेवाओं के विस्तार की घोषणा की है। यह घोषणा मंगलवार को होटल वैभव में आयोजित उद्घाटन समारोह में की गई। देश में मेडिकल व इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं के साथ-साथ साइंस ओलंपियाड की तैयारियों के लिए ख्याति प्राप्त कोटा के एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की भागलपुर में शुरुआत से स्थानीय अभिभावकों व विद्यार्थियों में उत्साह है। इस घोषणा के साथ ही एलन भागलपुर में वर्ष 2026-27 से मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी, इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन- एडवांस्ड एवं कक्षा 6 से 10 (जूनियर डिवीजन) नेशनल व इंटरनेशनल ओलंपियाड कोर्सेज के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। कक्षाएं जनवरी माह से शुरू होंगी। भागलपुर में सैकेंड फ्लोर भगवती कंट्रीयार्ड एमजी रोड पर एडमिशन ऑफिस शुरू किया गया है। इसके साथ ही सी-4 सीपी, जिला परिषद मार्केट, सत्संग, कचहरी रोड, वी-मार्केट के निकट तिलक नगर, चित्रगुप्त नगर बेगूसराय में क्लासरूम कैम्पस होगा। यहां जनवरी माह से कक्षाएं शुरू होंगी। इसके अलावा एलन द्वारा 10वीं बोर्ड परीक्षां की तैयारी के लिए बोर्ड मास्टर स्ट्रोक प्रोग्राम की शुरुआत की जा रही है जो कि 20 नवंबर से प्रारंभ होगा। कोर्स की अवधि 80 दिन होगी। उद्घाटन समारोह में जोनल हैड एवं वाइस प्रेसिडेंट डॉ. विपिन योगी मुख्य अतिथि रहे। इसके साथ ही जेईई डिवीजन के जोनल हैड कपिल बिरथरे, नीट डिवीजन के जोनल हैड हेमंत योगी, जूनियर डिवीजन के जोनल हैड विशाल केजरीवाल, एलन पटना के सेंटर हैड चेतन शर्मा एवं एलन कोटा के एक्सपर्ट फैकल्टीज एवं अधिकारी मौजूद रहे। समारोह में स्टूडेंट्स व पेरेन्ट्स की मौजूदगी में पोस्टर का विमोचन किया गया। इस मौके पर शहर के प्रमुख शिक्षाविद एवं एलन कोटा से पूर्व में पढ़ चुके भागलपुर मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत विद्यार्थी शामिल हुए। उन्होनें एलन के बारे में अपने अनुभव साझा किए। श्यामानंद श्याम जो कि पिछले 22 वर्षों से एलन में कैमिस्ट्री पढ़ा रहे हैं और उनके पढ़ाए हुए सैंकड़ों स्टूडेंट्स टॉप 100 में रैंक हासिल कर चुके हैं। उनको एलन भागलपुर का सेंटर हेड बनाया गया है। यहां कोटा की एक्सपर्ट फैकल्टीज के द्वारा ही अध्यापन कार्य होगा। एलन में प्रवेश के इच्छुक स्टूडेंट्स एलन स्पार्क एग्जाम में शामिल होकर एलन फीस में 90 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकते हैं। यह परीक्षा आगामी 9 व 12 नवंबर को आयोजित होगी। इसके लिए रजिस्ट्रेशन जारी है।

## नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने किशनगंज में कचरा डंपिंग के मामले पर स्वत: लिया संज्ञान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (NGT) की प्रधान पीठ, नई दिल्ली ने बिहार के किशनगंज नगर परिषद द्वारा ठोस कचरे के अवैज्ञानिक और खुले में निष्पादन को लेकर एक पत्र याचिका पर स्वतः संज्ञान लिया है। वार्ड संख्या 34 और 28 के निवासियों द्वारा भेजे गए पत्र में आरोप लगाया गया है कि बीते छह महीनों से नगर परिषद किशनगंज द्वारा सूखा, गीला एवं बायोमेडिकल कचरा खुले में सुधा नदी के पास फेंका जा रहा है। इससे जल, वायु और मृदा प्रदूषण फैल रहा है, जिससे जनस्वास्थ्य, किसानों और पर्यावरण पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। आवेदकों ने कहा कि यह व्यवहार अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के मौलिक अधिकार, जिसमें स्वच्छ वायु और जल का अधिकार भी शामिल है, का उल्लंघन है। उन्होंने गर्मियों में कचरे से हानिकारक गैस रिसाव और मृत पशुओं के खुले में फेंके जाने पर भी चिंता जताई। ट्रिब्यूनल ने माना कि मामला पर्यावरणीय कानूनों के तहत महत्वपूर्ण प्रश्न उठाता है। इसके लिए बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जिला मजिस्ट्रेट, किशनगंज की संयुक्त समिति गठित की गई है, जो स्थल का निरीक्षण कर, तथ्य सत्यापित कर उपयुक्त सुधारात्मक उपायों की सिफारिश करेगी। बीएसपीसीबी को नोडल एजेंसी बनाया गया है।

**इन अधिकारियों को नोटिस जारी कर मांगा गया जवाब**

मुख्य सचिव, बिहार सरकार, प्रधान सचिव, नगर विकास विभाग, बिहार, जिलाधिकारी, किशनगंज, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, किशनगंज, बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड। हालांकि सुनवाई दिल्ली में हुई, लेकिन चूंकि घटना स्थल बिहार में है, इसलिए एनजीटी ने मामले को पूर्वी क्षेत्र पीठ, कोलकाता में स्थानांतरित करने का आदेश दिया है। अगली सुनवाई 10 दिसंबर 2025 को कोलकाता में होगी। संयुक्त समिति और सभी प्रतिवादियों को दो माह के भीतर अपनी रिपोर्ट और उत्तर कोलकाता पीठ में दाखिल करने का निर्देश दिया गया है।

## उलार नहर तटबंध पर बनेगी तीन किमी लंबी सड़क

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज।** दुल्हिनबाजार प्रखंड क्षेत्र के उलार गांव के पास पालीगंज वितरणी नहर के दाहिने तटबंध पर लगभग तीन किलोमीटर लंबी पीसीसी सड़क और दो बॉक्स कलवर्ट के निर्माण की स्वीकृति मिल गई है। इस कार्य के लिए 3 करोड़ 80 लाख रुपये की प्रशासनिक एवं व्यय स्वीकृति जल संसाधन विभाग की ओर से दी गई है। जानकारी के अनुसार, दो दिन पहले राज्य विकास आयुक्त एस सिद्धार्थ उलार स्थित प्रसिद्ध सूर्य मंदिर पहुंचे थे। पूजा-अर्चना के बाद उन्होंने आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया।



इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता एवं उलार मंदिर न्यास समिति के सदस्य पवन कुमार सिंह ने बताया कि छठ पर्व और अन्य अवसरों पर इस नहर तटबंध से होकर बड़ी संख्या में लोगों का आना-जाना होता है। अगर यहां पीसीसी सड़क बन जाए तो श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी और नहर की मजबूती भी बढ़ेगी, जिससे खेतों तक सिंचाई के लिए पानी आसानी से पहुंच सकेगा। इस सुझाव पर राज्य विकास आयुक्त ने तत्परता दिखाते हुए जल संसाधन विभाग को अनुशंसा भेजी। विभाग ने आचार संहिता लागू होने से पहले ही इस निर्माण कार्य की स्वीकृति दे दी। स्वीकृति मिलने की जानकारी जल संसाधन विभाग बिहार सरकार द्वारा जारी पत्र से प्राप्त हुई है।

इस परियोजना की मंजूरी पर स्थानीय लोगों और उलार सूर्य मंदिर न्यास समिति के सदस्य पवन कुमार सिंह ने खुशी जाहिर की है।

## ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण को लेकर एसडीएम ने आयोजित की कार्यशाला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के उद्देश्य से एसडीएम अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जहां मौके पर एएसपी कोमल मीणा, कार्यपालक दंडाधिकारी धर्मवीर कुमार समेत सभी थानो के पुलिस पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ अन्य सभी कर्मी शामिल हुए।

कार्यशाला में एसडीएम अभिषेक कुमार ने संबंधित सभी पुलिस पदाधिकारी, मजिस्ट्रेट को लाउडस्पीकर, डीजे, पटाखों और अन्य ध्वनि स्त्रोतों के अनियंत्रित उपयोग पर लगाम लगाने के नियम व दिशा-निर्देश दिये हैं। कार्यशाला में नियमों के उल्लंघन पर जुर्माना और कार्रवाई के निर्देश दिये गये तथा नागरिकों को ध्वनि मानकों का पालन करने के लिए जागरूक करना है ताकि ध्वनि प्रदूषण से होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं और मानसिक तनाव को कम किया जा सके। इसके अलावा सभी स्कूल कॉलेज के बाहर गेट पर नो हार्न का स्टीकर लगाने के भी निर्देश दिए गए हैं। कार्यशाला में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, मसौढी थानाध्यक्ष अनिल कुमार, भगवानगंज थानाध्यक्ष सुजीत कुमार, लहसूना थानाध्यक्ष खुशबू खातून, केवड़ा थानाध्यक्ष संतोष कुमार, धनरूआ सीओ श्वेता कुमारी, बीडीओ सीमा कुमारी आदि शामिल रहे।

## ईवीएम कमिशनिंग एवं सीलिंग को लेकर बनाये गये 26 टेबल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के बाद सभी चुनाव कर्मी एक्टिव मोड में आ गए हैं। एक तरफ जहां आचार संहिता अनुपालन को लेकर पदाधिकारी जुटे हुए हैं। वहीं अब ईवीएम कमिशनिंग एवं सीलिंग की तैयारी में जुट गए हैं। ऐसे में चुनाव से पहले ईवीएम को तैयार करने को लेकर मसौढ़ी विधानसभा में 394 मतदान केंद्रों के लिए ईवीएम सिलिंग एवं कमिशनिंग की जानी है। जो मसौढ़ी के गिरिजा कुवंर हाई स्कूल में किया जाना है जहां 26 टेबल बनाए गए हैं और हर तीन टेबल पर एक तकनीकी पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। तकरीबन 95 मास्टर ट्रेनर, 8 तकनीकी पदाधिकारी और दो प्रभारी पदाधिकारी बनाए गए हैं। मसौढ़ी प्रखंड के लिए प्रभारी पदाधिकारी मसौढी बीडीओ प्रभाकर कुमार को और धनरूआ प्रखंड के लिए धनरूआ प्रभारी पदाधिकारी बीडीओ सीमा कुमारी को बनाया गया है। वही मतपत्र एवं पेपर सील आदि देने वाले दो पदाधिकारी को प्रतिनियुक्ति की गई है, दो नोडल पदाधिकारी बनाए गए हैं जिसमें 13 टेबल के लिए भूमि सुधार उपसमाहर्ता कोमल किरण और 13 टेबल के लिए लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सोनाली कुमारी को बनाया गया है। बहरहाल निर्वाचन कार्य के लिए ईवीएम वीवीपैट को ईवीएम सीलिंग एवं कमिशनिंग के लिए टेबलवार प्रभारी पदाधिकारी तकनीकी पदाधिकारी मास्टर ट्रेनर अन्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है और जल्द ही ईवीएम सीलिंग एवं कमिशनींग की जाएगी।

**ईवीएम सीलिंग से जुडे मास्टर ट्रेनरों को दी गई ट्रेनिंग**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में चुनाव से पहले ईवीएम को तैयार करने में प्रशासन जुट गया है। ऐसे में सोमवार को ईवीएम सीलिंग से जुड़े सभी मास्टर ट्रेनर एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। जहाँ अनुमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में अनुमंडल सभागार में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने सभी मास्टर ट्रेनर को ईवीएम सीलिंग की जानकारी संपूर्ण रूप से ले लेने का निर्देश दिया। उनका कहना था कि ईवीएम सीलिंग की प्रक्रिया का सफल संचालन ही मतदान के दिन का प्रारंभिक सफलता कहलाएगा। इसलिए प्रत्येक बूथ के लिए वीवीपैट, कंट्रोल यूनिट तथा बैलट यूनिट तीनों को जोड़ने की जानकारी के साथ सीलिंग प्रक्रिया बारीक रूप से करना अनिवार्य है। वहीं अनुमंडल कार्यपालक दंडाधिकारी धर्मवीर कुमार के द्वारा ईवीएम सीलिंग प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया और मास्टर ट्रेनरों से फीडबैक भी लिया गया। उन्होंने कंट्रोल यूनिट, बैलट यूनिट तथा वीवीपैट में किए जाने वाले सीलिंग कार्य को विस्तार से बताया गया। साथ ही किन-किन चीजों को सील करना है। प्रशिक्षण में बताया गया कि मॉक पोल कब और कैसे करना है। मॉक पोल के बाद कंट्रोल यूनिट (सीयू) को जीरो करके फाइनल वोटिंग की प्रक्रिया शुरू की जाती है। वीपीटी, सीपीयू , बैलेट यूनिट, ईवीएम और वीवीपीएटी आदि ऑपरेट करना बताया गया। बताया गया कि किसी भी निर्वाचन में मास्टर ट्रेनरों की भूमिका सबसे अहम होती है। इसलिए उन्हें हर तकनीकी बातों का ज्ञान बेहद जरूर मै।ईवीएम को सील करने व विभिन्न प्रपत्रों को भरने की जानकारी दी।

## विधानसभा चुनाव को लेकर पुनपुन में केंद्रीय पुलिस बलों का एरिया डोमिनेशन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन काफी सक्रिय है। सोमवार को पुनपुन मे डीएसपी-2 कन्हैया कुमार एवं थानाध्यक्ष बेबी कुमारी एवं केवडा थानाध्यक्ष संतोष कुमार की संयुक्त नेतृत्व मे केंद्रीय पुलिस बलों एरिया डोमिनेशन एवं फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने वोटरों को यह आश्वस्त किया कि आप सभी निश्चिंत होकर विस चुनाव में अपना मतदान करें। कहीं से कोई परेशानी नहीं होगी। असामाजिक तत्वों के साथ पुलिस सख्ती से निपटेगी। हर हाल में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराया जायेगा। गड़बड़ी करने वालों को सीधे जेल भेजने की कार्रवाई की जायेगी। डीएसपी कन्हैया कुमार ने बताया कि फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को यह विश्वास दिलाया गया है की पुलिस आपके लिए है। आप निर्भीक होकर विस चुनाव में मतदान करें। कहीं से कोई सूचना हो तो तुरंत पुलिस को दें। उस पर अविलंब कार्रवाई होगी।वहीं थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत विधि-व्यवस्था संधारण एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से पटना पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा पुनपुन थानांतर्गत विभिन्न क्षेत्रो में फ्लैगमार्च निकाला गया है।

## प्रो0 अनिल कुमार सिंह बने एस यू कॉलेज, हिलसा के नये प्रभारी प्राचार्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**दनियावां (पटना)।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर अवस्तिथ समीपवर्ती एस यू कॉलेज, हिलसा में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना से जारी अधिसूचना के आलोक में प्रो0(डॉ0) अनिल कुमार सिंह ने नए प्रभारी प्राचार्य के रूप में शरद पूर्णिमा को दोपहर बाद पदभार ग्रहण कर लिया। प्रो0 अनिल कुमार वर्तमान में ए एन कॉलेज, पटना में रसायन शास्त्र विभाग में सीनियर प्रोफ़ेसर के रूप में कार्यरत थे। वे वहां वितेक्षक पद पर भी कुछ वर्षों तक कार्य कर चुके थे। सरदार पटेल कॉलेज, भभुआ और डुमरांव कॉलेज में भी प्राचार्य के पद पर कार्य करने का उनका अनुभव रहा है। पदभार ग्रहण करने के पूर्व उन्होंने श्रीचंद उदासीन, महाविद्यालय हिलसा के संस्थापक विष्णु प्रकाश उदासीन उर्फ झक्कड़ बाबा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर पूजा अर्चना की उसके बाद कॉलेज के कॉन्फ्रेंस हॉल में शिक्षकों, कर्मियों और कई छात्र संघ प्रतिनिधियों ने नये प्राचार्य के लिए स्वागत समारोह आयोजित किया। जिसमें उन्हें बुके, शॉल, माला और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। प्रॉक्टर प्रो0 अरविंद कुमार ने सभी अध्यापकों और कर्मियों से उनका परिचय करवाया। नवनियुक्त प्राचार्य ने इस मौके पर कहा कि वे सबके सहयोग से इस महाविद्यालय को नए उंचाइयों पर ले जाने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर डॉ पिंकी कुमारी, डॉ घनश्याम कुमार,डॉ अश्विनी कुमार झा,डॉ प्रभात कुमार, डॉ संदीपा इंद्रा, डॉ शिव प्रसाद ठाकुर, बीसीए के प्राध्यापक राजमणि कुमार, प्रधान सहायिका सुभद्रा सिन्हा, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ राजीव नयन, सचिव शैलेश कुमार, लेखापाल रोनित रॉय, वरीय सहायक आलोक कुमार सिंह, पुस्तकाध्यक्ष कुमार पवन, जलेंद्र कुमार, कंप्यूटर कर्मी मधुसूदन कुमार, बीरेंद्र कुमार, चिंटू कुमार, मुनील कुमार, सुजीत कुमार, राजा कुमार, नवीन कुमार, प्रदीप कुमार, रंजीत कुमार, सियापति देवी, सुनीति देवी, वजरंगीलाल वर्मा, छात्र संघ के चंदन कुमार, आशीष कुमार, धर्मेंद्र यादव, विकास कुमार व 50 से ज्यादा छात्र-छात्रा आज के स्वागत समारोह में उपस्थित रहे।

## धनरूआ में पोषण माह के साथ मतदाता जागरूकता, शत-प्रतिशत मतदान को लेकर दिलाई गई शपथ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** धनरूआ में बाल विकास परियोजना अंतर्गत पभेडा पश्चिमी आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-64 पर गोदभराई दिवस के अवसर पर मतदाताओं को जागरूक किया गया। जहां गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म के साथ-साथ उन्हें वोट देने के महत्व के बारे में बताया गया और शत-प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई गई । सीडीपीओ जीनत कौसर के नेतृत्व में आंगनबाड़ी सेविकाओं ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की। उन्हें पोषण पदार्थ के साथ स्वच्छता किट भी दिया। महिलाओं को स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए गए। आंगनबाड़ी केंद्र पर स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। इसके अलावा आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्लोगन लेखन, मेहंदी प्रतियोगिता, पेंटिग प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को विधानसभा चुनाव में वोट करने के लिए जागरूक किया धनरूआ सीडीपीओ जीनत कौसर ने बताया की मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आम नागरिकों को मतदान प्रक्रिया, बूथ पर उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं और निर्वाचन आयोग द्वारा जारी वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950 एवं वोटर हेल्पलाइन ऐप जैसे मोबाइल ऐप्स की जानकारी दी गई। नागरिकों को संदेश दिया गया कि वे निर्भीक होकर लोकतंत्र की इस महाप्रक्रिया में अपनी सहभागिता निभाएं और मतदान सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में पर्यवेक्षिका मधुलता, नेहा कुमारी, रंजू कुमारी, मंजू कुमारी, स्वीटी कुमारी आदि उपस्थित रही।

## आचार संहिता लागू होते ही मसौढ़ी में बैनर-होर्डिंग हटाने की कार्रवाई तेज

### 623 बैनर पोस्टर हटे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता लागू होते ही मसौढी विधानसभा के मसौढी एवं धनरूआ प्रखंड में प्रशासन की सक्रियता बढ़ गयी है।चुनाव आयोग के निर्देश के बाद क्षेत्र में सरकारी और गैर-सरकारी भवनों, प्रतिष्ठानों तथा सार्वजनिक स्थलों पर लगे राजनीतिक बैनर, पोस्टर और होर्डिंग हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। मसौढी अंचलाधिकारी प्रभात रंजन ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार सार्वजनिक स्थानों से सभी अनधिकृत प्रचार सामग्री हटायी जा रही है, ताकि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी बनी रहे. उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई अभियान चलाकर की जा रही है। आचार संहिता लागू होने के 72 घंटे के भीतर सभी राजनीतिक बैनर और पोस्टर हटा लिये जायेगें। निर्देश का पालन करते हुए मसौढी में कई चौक-चौराहों और सरकारी परिसरों से पोस्टर व बैनर हटाने का सिलसिला जारी रहा. प्रशासन ने राजनीतिक दलों से भी अपील की है कि वे स्वयं अपनी प्रचार के बैनर पोस्टर खुद भी हटा ले, बहरहाल अब तक 203 पोस्टर, 189 बैनर यानी कुल 623 बैनर पोस्टर को हटाए गए हैं। वहीं 185 दीवाल पेंटिंग को पेंट कर ढक दिया गया है।

# पटना के बी. डी. कॉलेज में सौर ऊर्जा की नई सुबह, 100 किलोवाट क्षमता वाला संयंत्र स्थापित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बी. डी. कॉलेज, पटना ने पर्यावरण संरक्षण और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बिहार अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (ब्रेडा) के सहयोग से 100 किलोवाट क्षमता वाला सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया है। यह कदम न केवल कॉलेज की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा, बल्कि छात्रों में पर्यावरणीय चेतना और सतत विकास के प्रति जागरूकता भी बढ़ाएगा। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने सौर ऊर्जा संयंत्र के उद्घाटन अवसर पर कहा कि यह 'ज्ञान के मंदिर में सूर्य की शक्ति का प्रवेश' है। उन्होंने बताया कि यह संयंत्र न केवल विद्युत बचत का माध्यम है, बल्कि छात्रों के लिए एक जीवंत प्रयोगशाला के रूप में कार्य करेगा जहां वे अक्षय ऊर्जा के सिद्धांतों को प्रत्यक्ष रूप से समझ सकेंगे। ब्रेडा के अधिकारी ने इस परियोजना को बिहार के उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए एक आदर्श मॉडल बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहलें राज्य को हरित और ऊर्जा आत्मनिर्भर भविष्य की ओर अग्रसर करेंगी। स्थापित सौर संयंत्र प्रतिदिन औसतन इतनी विद्युत ऊर्जा का उत्पादन करेगा कि कॉलेज की विद्युत आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा पूरा हो सकेगा। इसके साथ ही यह कार्बन उत्सर्जन में भी उल्लेखनीय कमी लाने में सहायक सिद्ध होगा। बी. डी. कॉलेज का यह प्रयास शिक्षा, पर्यावरण और नवाचार के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है। ब्रेडा के सहयोग से स्थापित यह सौर ऊर्जा संयंत्र आने वाले वर्षों में संस्थान की हरित प्रतिबद्धता को और भी सशक्त बनाएगा।

## फायरिंग में बाल-बाल बचे जनसुराज पार्टी के नेता गजेंद्र सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया शहर विधानसभा क्षेत्र में सोमवार देर रात जनसुराज पार्टी के नेता और वार्ड पार्षद गजेंद्र सिंह पर बाइक सवार अपराधियों ने फायरिंग की। अपराधियों ने कई राउंड गोलियां चलाईं जिनमें से एक गोली उनकी स्कॉर्पियो गाड़ी में लगी जबकि दो से अधिक गोलियां लक्ष्य से चूक गईं। गनीमत रही कि गजेंद्र सिंह इस हमले में सुरक्षित बच गए। जानकारी के अनुसार गजेंद्र सिंह सोमवार देर रात अपने विधानसभा क्षेत्र के चंदौती इलाके का दौरा करने के बाद एपी कॉलोनी स्थित अपने आवास लौट रहे थे। इसी दौरान चंदौती रोड पर एलआईसी कार्यालय और डीपीएस स्कूल के बीच में बाइक सवार दो अज्ञात अपराधियों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी। हमले के बीच गजेंद्र सिंह ने सूझबूझ दिखाते हुए तेज गति से वाहन चलाकर सीधे रामपुर थाना पहुंचे और वहां पूरी घटना की जानकारी पुलिस को दी।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25वें वर्ष पर प्रो. रणवीर नंदन ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25वें वर्ष में प्रवेश करने पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने उन्हें हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सार्वजनिक जीवन में राष्ट्र निर्माण, जनसेवा और गरीबों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

प्रो. नंदन ने कहा कि वर्ष 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद से ही नरेंद्र मोदी ने शासन को जन-आधारित और पारदर्शी बनाने की दिशा में कई ऐतिहासिक कदम उठाए। उन्होंने गुजरात को विकास का नया मॉडल दिया और देश के सामने सुशासन की मिसाल पेश की। उन्होंने आगे कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र के साथ भारत को नई दिशा दी। जन धन योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, स्टार्टअप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों का जीवन बदला है। प्रो. नंदन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने आर्थिक मजबूती के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिष्ठा बढ़ाई है। आत्मनिर्भर भारत अभियान, मेक इन इंडिया और वोकल फॉर लोकल जैसी पहलें देश को वैश्विक मंच पर नई पहचान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का जीवन त्याग, समर्पण और सेवा का प्रतीक है। वे निरंतर देश के हर नागरिक के कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। प्रो. नंदन ने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में भी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत नई ऊंचाइयों को छुएगा।

# एसएसबी पटना सीमांत मुख्यालय में प्रवर्तन व खुफिया एजेंसियों की समन्वय बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** सशस्त्र सीमा बल सीमांत मुख्यालय, पटना में मंगलवार को महानिरीक्षक निशित कुमार उज्ज्वल की अध्यक्षता में विभिन्न प्रवर्तन और खुफिया एजेंसियों की समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच वास्तविक समय में खुफिया जानकारी साझा करने की व्यवस्था को मजबूत करना तथा खुफिया आधार पर संयुक्त अभियानों को और प्रभावी बनाना था। इस बैठक में बिहार पुलिस, एसटीएफ, सीमा शुल्क विभाग, एनसीबी, डीआरआई, प्रवर्तन निदेशालय, एफआईयू, आयकर विभाग, रेलवे, मद्य निषेध एवं आबकारी विभाग सहित सशस्त्र सीमा बल के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में सभी एजेंसियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आगामी बिहार विधानसभा चुनावों के निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सफल संचालन के लिए आपसी सहयोग और समन्वय को और सशक्त किया जाएगा। बैठक का समापन इस सामूहिक संकल्प के साथ हुआ कि सभी एजेंसियां अपराध नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में निर्वाचन प्रक्रिया के सुचारू संचालन हेतु अपने समर्पित प्रयास जारी रखेंगी।

# देश की पहली एनिमेटेड फिल्म 'तीर्थंकर' तैयार, प्रीमियर शो पटना में

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** जैन धर्म की अनादिकालीन परंपरा और 24 तीर्थंकरों के दिव्य जीवन पर आधारित देश की पहली एनिमेटेड फिल्म 'तीर्थंकर' जैनत्व के कल, आज और कल बनकर तैयार हो गई है। इस फि ल्म का निर्देशन पटना/जयपुर के राजेंद्र जैन ने किया है और इसे दिवाली के बाद देशभर के 100 सिनेमाघरों में एक साथ प्रदर्शित किया जाएगा। अहिंसा जिन मोशंस पिक्चर्स प्रा. लि. के बैनर तले बनी इस 2 घंटे 35 मिनट की भव्य फि ल्म में 24 तीर्थंकरों की जीवन यात्रा, उनके उपदेश, संयम और अहिंसा के सिद्धांतों का सजीव चित्रण किया गया है। फिल्म में जैन धर्म की सम्पूर्ण गाथा को आधुनिक एनिमेशन तकनीक के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया है। इस फिल्म में देश के 70 से अधिक प्राचीन जैन मंदिरों एवं तीर्थ स्थलों का अद्भुत दृश्यांकन किया गया है। इसकी शूटिंग राजस्थान के 8 प्रमुख स्थलों सहित देशभर के 36 स्थानों पर संपन्न हुई। पटकथा जयपुर की जया जैन एवं पटना की डॉ गीता ने लिखी है, सिनेमैटोग्राफी मुंबई के अन्नू कुमार, संगीत बिहार के बबलू मिश्रा तथा स्वर जयपुर के पुनीत गुप्ता और साधना रावल के हैं। फिल्म में विदेह क्षेत्र, जंबूद्वीप, त्रिलोक, समोसरण और अवरार्पिणी-उत्तरार्पिणी काल का शास्त्रसम्मत चित्रण किया गया है। पहली बार इसमें णमोकार महामंत्र का फ्यूजन तथा सम्मेद शिखर का भव्य दृश्यांकन प्रस्तुत किया गया है। विशेष बात यह है कि फिल्म में दिगंबर और श्वेतांबर दोनों ही परंपराओं के महान संतों, मुनियों और आचार्यों के विचारों को शामिल किया गया है। निर्देशक राजेंद्र जैन के अनुसार 'तीर्थंकर' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि जैन दर्शन, संस्कृति और अहिंसा की आत्मा का अनुभव कराने का प्रयास है। इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को जैन धर्म की समृद्ध परंपरा से जोड़ना और उसके मूल्यों को आधुनिक माध्यम से पहुंचाना है। फिल्म के रिसर्च कार्य में भरत जैन, नितिन जैन सहित 19 लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# कल से शुरू होगा फेस्टिव दशहरा फेयर 2025

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार की सांस्कृतिक और उद्यमशीलता भावना को नई दिशा देने के उद्देश्य से विद्याधारा सबल भारत फाउंडेशन द्वारा 'फेस्टिव दशहरा फेयर 2025' ग्रैंड धनतेरस-दिवाली डील का आयोजन 9 अक्टूबर 2025 को अवसर हॉल, कंकड़बाग, पटना में किया जा रहा है। यह आयोजन सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक सशक्तिकरण का एक अनोखा संगम होगा जिसका मुख्य उद्देश्य फाउंडेशन के मिशन 'हर घर रोजगार' को आगे बढ़ाते हुए बिहार के युवाओं, महिलाओं और स्थानीय उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाना है। मेले में बिहार सहित विभिन्न राज्यों के पारंपरिक उत्पाद, हस्तशिल्प, फेस्टिव आइटम्स और दिवाली-धनतेरस से जुड़े स्टॉल लगाए जाएंगे जिससे स्थानीय व्यापार और स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन संध्या में 'ओ वूमनिया' संस्था के तत्वावधान में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कलाकार एवं एंकर रुबी खातून के नेतृत्व में संगीतमय प्रस्तुति 'स्वरांजली-याद शारदा जी की' आयोजित की जाएगी। यह प्रस्तुति बिहार की स्वर कोकिला स्वर्गीय शारदा सिन्हा को समर्पित होगी। इस अवसर पर राज्य के लोक कलाकार लोकगीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से बिहार की लोक-संस्कृति को जीवंत करेंगे। कार्यक्रम के समापन सत्र में एक विशेष रैंप वॉक और एक्सपो प्रदर्शन का आयोजन होगा जिसमें विभिन्न उत्पादों, महिला उद्यमियों और स्टार्टअप्स की उपलब्धियों का प्रदर्शन किया जाएगा। फाउंडेशन की निदेशक मीनम संजीव कुमार ने कहा कि फेस्टिव दशहरा फेयर 2025 केवल एक सांस्कृतिक उत्सव नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर बिहार की दिशा में ठोस कदम है। हमारा उद्देश्य समाज के हर वर्ग को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित करना है।

## गैंगरेप के बाद महिला की हालत नाज़ुक, पांच गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** शहर के रामपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक विवाहित महिला के साथ सामूहिक दुराचार का मामला सामने आया है। घटना चार अक्टूबर की है। गंभीर हालत में महिला सिविल लाइन थाना की पुलिस को मिली जिसके बाद पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामला संज्ञान में आते ही एसएसपी आनंद कुमार ने आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम का गठन कर दिया। पुलिस ने पीड़िता के प्रारंभिक बयान, तकनीकी जांच और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया है जिनमें बोधगया स्थित एक होटल का मैनेजर भी शामिल है।

# प्रभु आहार सेवा और आधार फाउंडेशन की ओर से नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल के पटना विजन लाउंज में मंगलवार को नेत्र जांच शिविर का आयोजन हुआ। प्रभु आहार सेवा और आधार फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से पटना के आयकर गोलंबर के निकट टेलीग्राफ कालोनी स्थित पटना विजन लाउंज में यह शिविर लगायी गयी। इसमें 20 से अधिक लोगों का निःशुल्क नेत्र जांच किया गया। अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विवेक विकास ने बताया कि शिविर में आए लोगों का विजन, रिफ्रैक्शन, स्लिट लैंप चेकअप के अलावा आर्टिफिशल इंटेलिजंस आधारित फंडस ऑन फोन (एफओपी)के जरिए आंखों की जांच की गयी। पटना विजन लाउंज की सीनियर ऑप्टोमेट्रिस्ट मेयंका ने बताया कि एफओपी के जरिए आखों में ग्लूकोमा, रेटिना की समस्या आदि का पता लगाया जाता है। नेत्र जांच के बाद कई लोगों ने रियायती दरों पर अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल के लैब में तैयार चश्मे भी लिए। प्रभु आहार के राकेश कुमार ने बताया कि लॉकडाउन के समय से जारी सेवा अभियान के तहत संस्था से जुड़े लोगों की नेत्र जांच की गयी। आधार फाउंडेशन के एमपी जैन ने बताया कि अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल के पटना विजन लाउंज में भविष्य में ऐसे कई और नेत्र जांच शिविर लगाए जाएंगे। इस मौके पर डॉ धनंजय, डॉ गीता जैन, सुबोध जैन, अमित राज अकेला, पिंटू कुमार, विद्यादेव प्रसाद, स्वर्णलता, पुष्पा जैन, तनूजा, आदित्य राज, अदिति राज, रूबी सिन्हा आदि मौजूद थे।

# एक संकल्प, एक ही नारा – विकसित हो बिहार हमारा विषय पर मृदुराज प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** समाजसेवा और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय संस्था मृदुराज फाउंडेशन द्वारा आज राजधानी पटना में मृदुराज प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 सह परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम का विषय था – 'एक संकल्प, एक ही नारा – विकसित हो बिहार हमारा'। कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य के सर्वांगीण विकास को लेकर जागरूकता फैलाना और उन प्रतिभाओं को सम्मानित करना था जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से चयनित प्रतिभावानों को 'मृदुराज प्रतिभा सम्मान 2025' से सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के क्षेत्र से दीपक कुमार, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की रिसर्च स्कॉलर सिमरन राज, दिव्यांग व्हीलचेयर रग्बी खिलाड़ी धीरज कुमार, रैडीशन ग्रुप के एक्जीक्यूटिव सू शेफ अंकित गौरव, बागा दौड़ एथलेटिक्स के खिलाड़ी रिषभ राज, तथा 'मार्गदर्शन ट्रस्ट' के संस्थापक अजय कुमार शामिल थे। इन सभी व्यक्तित्वों ने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर बिहार का मान बढ़ाया है। फाउंडेशन के अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह आयोजन संस्था के प्रेरणास्रोत स्व. मृदुला सिन्हा और स्व. राज किशोर प्रसाद की पुण्यतिथि (7 अक्तूबर) के अवसर पर प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है।

# इसीआरकेयू हाजीपुर जोन की वर्किंग कमेटी की बैठक सम्पन्न, शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** इस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन हाजीपुर जोन की वर्किंग कमेटी की बैठक 7 अक्टूबर मंगलवार को रेलवे समुदायिक भवन, पानी टंकी रोड, खरखुरा कॉलोनी गया में संपन्न हुआ।मुख्य अतिथि के रूप में ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के महामंत्री कामरेड शिवगोपाल मिश्रा की उपस्थिति सराहनीय रही। बैठक में ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के जोनल अध्यक्ष कामरेड डीके पांडे ने अध्यक्षता की। हाजीपुर जोन के महामंत्री एसएनपी श्रीवास्तव भी मंच पर उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़कर कार्यक्रम को सफल बनाए। सर्वप्रथम ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के महामंत्री कामरेड शिवगोपाल मिश्रा ने इस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन का झंडा फहराकर अमर शहीदों को पुष्पांजलि किया। तत्पश्चात 2 मिनट मौन रखकर उन अमर शहीदों को तथा विगत वर्षों में शहीद हुए यूनियन के सक्रिय कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि दी गई और उनको नमन किया गया। मुख्य अतिथियों को कामरेड मिथिलेश कुमार केंद्रीय कोषाध्यक्ष तथा मुकेश सिंह सचिव गया शाखा ने अंग वस्त्र तथा बुके देकर सम्मानित किया गया। बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि यूनियन के प्रत्येक स्तरों पर कर्मठ एवं जुझारू कार्यकर्ताओं को संगठन में स्थान प्राथमिकता के आधार पर दिया जाए। युवा कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संगठन के साथ जोड़ा जाए साथ ही महिला कर्मचारियों को संगठन में आगे लाकर संगठन को मजबूती प्रदान किया जाए। विगत चुनाव में जिस प्रकार सोशल मीडिया के माध्यम से हमारे रनिंग साथियों एवं ट्रैकमैन साथियों को बरगलाकर दिग्गभ्रमित किया गया वह आज ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। उनकी समस्याओं को सर्वोपरि मानते हुए ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन तथा ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन समाधान करवाएगी। कामरेड मिथिलेश कुमार ने कहा कि आज की वर्किंग कमेटी बैठक इस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के लिए मिल का पत्थर साबित होगी और आने वाले चुनाव में पुनः कर्मचारियों का भरोसा कायम रखते हुए विजय होगी। लोको पायलट, ट्रैक मेंटेनर, कैरिज एंड वैगन के अलावा तमाम विभागों के कर्मचारियों का विश्वास इस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन पर वर्तमान समय में भी कायम है जिसका लाभ कर्मचारियों को समस्याओं के समाधान करवाने में अवश्य मिल रहा है। बैठक मे हाजीपुर जोन के सभी शाखा के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और अपनी अपनी बातों को बखूबी रखा। बैठक का आयोजन गया शाखा के द्वारा किया गया था जिसकी तैयारी के लिए विगत कई दिनों से युवा साथी एवं गया शाखा की पूरी टीम लगी हुई थी।उक्त जानकारी उत्तम कुमार मीडिया प्रभारी, इस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन, शाखा गया ने साझा की है।

## जमीन विवाद को लेकर मारपीट, 4 घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** शहर के विष्णुपद थाना क्षेत्र के ऊपर डीह मोहल्ला में जमीन विवाद को लेकर सोमवार को मारपीट हुई। घटना में जुगल किशोर पाठक के परिवार के 4 सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है। 3 अन्य लोगों को मामूली चोटें आई हैं जिनका इलाज घर पर चल रहा है। जुगल किशोर पाठक ने बताया कि उनके पड़ोसी कृष्णा राउत प्रसाद उर्फ बउया, कृष्ण मोहन राउत उर्फ बउया और उनके बेटे राकेश कुमार, बृजेश कुमार, राजेश और राजू उनकी जमीन हड़पने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। पाठक के अनुसार, पड़ोसी पहले भी कई बार मारपीट की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। सोमवार को दबंगई की हद पार करते हुए पड़ोसियों ने लगभग 10 असामाजिक तत्वों को बुलाया और उनकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया जब परिवार ने इसका विरोध किया तो उन पर धारदार हथियारों और लाठी-डंडों से बेरहमी से हमला किया गया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।

# आरपीएफ और जीआरपी के संयुक्त अभियान में 21.500 लीटर विदेशी शराब बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** चुनाव को लेकर शराब माफिया सड़क मार्ग को छोड़ कर रेलमार्ग से शराब लाना सुरक्षित समझने लगे हैं। वैसे भी ट्रेन से लाई गई शराब गया जंक्शन पर कई बार बरामद किए गए हैं। कुछ मामलों में गिरफ्तारियां भी हुई है, लेकिन अधिकतर लावारिश हालात में ही बरामद किए गए हैं। चुनाव के मद्देनजर इस बार रेलवे लाइन के किनारे से मंगलवार को लावारिश हालात में आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने संयुक्त रूप से अपराधिक गतिविधियों पर नजर रखते हुए बागेश्वरी गुमटी और फलगु ब्रिज के पास से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है जिस पर निरंतर नजर रखने की जरूरत है। फिलहाल जो मंगलवार को शराब बरामदगी हुई है इसके बाद रेलवे सुरक्षा बल और रेल पुलिस को इसकी गहनता से जांच करना जरूरी है। नहीं तो माफिया चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं। कार्रवाई की जानकारी देते हुए आरपीएफ पोस्ट प्रभारी निरीक्षक बनारसी यादव ने बताया कि बरामद शराब की मात्रा कुल 21.500 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई है जिसमें हॉवर्ड बोल्ड स्ट्रांग बीयर 650 एमएल के 25 बोतल (12 + 13 बोतल) रॉयल स्टेज सुपीरियर व्हिस्की 750 एमएल के 7 पीस

बरामद शराब की कीमत लगभग 9210 आंकी गई है। कार्रवाई की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए श्री यादव ने बताया कि आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने संयुक्त रूप से अपराधिक गतिविधियों पर नजर रखते हुए बागेश्वरी गुमटी और फलगु ब्रिज के पास दो नायलॉन के झोले और एक बैगनी रंग का बैग लावारिस अवस्था में पड़ा पाया। तलाशी के दौरान झोलों और बैग में से विदेशी शराब बरामद हुई। बरामद शराब को विधिवत जप्त कर जीआरपी थाना गया में अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है और जीआरपी थाना गया में कांड संख्या 292/25 दिनांक 07.10.25 अंतर्गत धारा 30 बिहार मद्य निषेध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# जीबीएम कॉलेज में इतिहास, दर्शनशास्त्र एवं गृहविज्ञान की छात्राओं के अभिभावकों ने पेरेंट्स टीचर्स मीट में लिया भाग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में प्रधानाचार्या डॉ सीमा पटेल के संरक्षण में इतिहास, दर्शनशास्त्र एवं गृहविज्ञान विभाग की सेमेस्टर वन, थ्री एवं फाइव की छात्राओं के लिए पैरेंट्स-टीचर्स मीट का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं के पेरेंट्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिक्षिकाओं से अपनी समस्याएं साझा कीं। प्रधानाचार्या ने सभी अभिभावकों से कक्षाओं में छात्राओं की 75% उपस्थिति को किसी भी तरह से सुनिश्चित करने कहा। अगस्त तथा सितंबर माह में जिन छात्राओं की उपस्थिति 50 प्रतिशत से कम पायी गयी, उन्हें परीक्षा प्रपत्र भरने तथा छात्रवृत्ति लेने की सुविधाओं से वंचित किये जाने की चेतावनी दी। कहा कि कॉलेज में नामांकन लिया है तो कक्षाओं में छात्राओं की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है।

प्रधानाचार्या ने इतिहास विभाग की छात्राओं को शैक्षणिक परिभ्रमण हेतु संग्रहालयों, ऐतिहासिक धरोहरों एवं प्रसिद्ध स्थलों पर भी ले जाने की बात कही। छात्राओं को मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षण हेतु भी आमंत्रित किया। यूनिफॉर्म कोड के तहत मैरून रंग का कुर्ता एवं व्हाइट कलर का सलवार एवं दुपट्टा पहन कर आने का निर्देश दिया। एनएसएस, एनसीसी, संगीत, स्पोर्ट्स, नैट्स आदि सुविधाओं का लाभ उठाने कहा। कॉलेज द्वारा छात्रावास की व्यवस्था किये जाने का भी आश्वासन दिया। इतिहास विभाग की सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर्स डॉ अनामिका कुमारी, डॉ कृति सिंह आनंद, दर्शन शास्त्र विभाग की डॉ जया चौधरी, डॉ अमृता कुमारी घोष, डॉ आशुतोश कुमार पांडेय व डॉ पूजा राय, गृहविज्ञान विभाग की डॉ प्रियंका कुमारी, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, रौशन कुमार ने भी पेरेंट्स के सुझावों एवं समस्याओं को सुनकर यथोचित समाधान बतलाया।

# एसबीआई क्रेडिट कार्ड से 82 हजार की अवैध निकासी, पीड़ित ने दिया आवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के मंगरौर निवासी नीरज कुमार अंबष्ट ने अपने एसबीआई क्रेडिट कार्ड से अवैध रूप से 82,196 रुपये निकाले जाने की शिकायत साईबर थाना में दर्ज कराई है। नीरज कुमार, पिता सुशील कुमार अंबष्ट, ग्राम मंगरौर, थाना कोंच, जिला-गया ने बताया कि उनका खाता एसबीआई बाजार शाखा गया में है। कुछ वर्ष पूर्व उन्हें इसी शाखा से एसबीआई क्रेडिट कार्ड जारी किया गया था। नीरज कुमार ने बताया कि 4 अक्टूबर 2025 को उनके मोबाइल पर 82,196 रुपये की निकासी का संदेश मिला जबकि उन्होंने किसी भी प्रकार की खरीदारी या लेन-देन नहीं किया था। पीड़ित के अनुसार 1 और 2 अक्टूबर 2025 को भी उन्होंने कोई ओटीपी साझा नहीं किया, न ही किसी लिंक या संदेश पर क्लिक किया। इसके बावजूद उनके खाते से राशि की निकासी हुई। उन्होंने बताया कि कार्ड उनके पास सुरक्षित है और उन्होंने किसी को इसकी जानकारी नहीं दी थी। घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने तुरंत एसबीआई बाजार शाखा गया एवं क्रेडिट कार्ड विभाग को सूचित किया। बैंक द्वारा लेन-देन की जांच के बाद उन्हें थाने में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई।

# मुख्य न्यायाधीश पर हमला नहीं, भारत के संविधान पर हमला : जिलाध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** सर्वोच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी. आर. गवई पर हुआ जूता फेंकने की कोशिश का कृत्य केवल एक व्यक्ति पर हमला नहीं, बल्कि भारत के संविधान, उसकी आत्मा और सामाजिक न्याय के मूल्यों पर सीधा प्रहार है। यह वही देश है जहां बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से हर व्यक्ति को समान अधिकार और सम्मान का हक दिया। आज जब एक दलित अपनी योग्यता और निष्ठा के बल पर देश की सर्वोच्च न्यायिक कुर्सी पर विराजमान है, तब एक विशेष विचारधारा को यह स्वीकार नहीं हो पा रहा है।

पिछले कई दिनों से सोशल मीडिया पर आरएसएस-भाजपा मानसिकता से प्रेरित लोग मुख्य न्यायाधीश के विरुद्ध घृणा और जहर फैला रहे थे। उसी विषैली मानसिकता की परिणति यह घृणित जूता फेंकने की घटना है। उक्त बातें मंगलवार को कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी का स्पष्ट मत है कि यह जूता भारत की संवैधानिक अस्मिता पर फेंका गया है, बाबा साहेब के आदर्शों पर मारा गया है और देश के दलितों के आत्मसम्मान पर मारा गया है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, संगठन महासचिव के. सी. वेणुगोपाल सहित समूची कांग्रेस पार्टी ने इस घटना की तीव्र निंदा की है और कहा है कि माननीय मुख्य न्यायाधीश पूरी निर्भीकता से हमारे संविधान और उसमें प्रदत्त शक्तियों के तहत अपने निर्णयों से संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करें समूचा भारतवर्ष आपके साथ खड़ा है। प्रेस वार्ता का संचालन प्रदेश प्रवक्ता डॉ खालिद अमीन ने किया और साथ में साहब रहमानी कार्यकारी अध्यक्ष, जिला प्रवक्ता शौकत निशात उर्फ नवाब अली, जिला प्रवक्ता बबलू शर्मा, जिला उपाध्यक्ष शामी अख्तर खान इत्यादि मौजूद रहे।

# भाजपा गया जी विधानसभा क्षेत्र से रिकॉर्ड एक लाख वोटों से जीत का लक्ष्य निर्धारित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भारतीय जनता पार्टी गया जी विधानसभा क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को सम्राट होटल, गया में आयोजित की गई। बैठक में बिहार सरकार के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार की विशेष उपस्थिति रही। बैठक में गया जिला के पदाधिकारी, विभिन्न मंचों और मोर्चों के अध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए संगठनात्मक रणनीति और बूथ स्तर पर जनसंपर्क अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह संकल्प लिया गया कि गया जी शहर विधानसभा क्षेत्र (230) में भाजपा जनता के सहयोग और सरकारों द्वारा किए गए विकास कार्यों के आधार पर लगातार नौवीं बार विजय का रिकॉर्ड दर्ज करेगी। कार्यकर्ताओं ने यह भी संकल्प व्यक्त किया कि आगामी चुनाव में एनडीए प्रत्याशी को रिकॉर्ड एक लाख वोटों के अंतर से विजयी बनाकर गया जी विधानसभा में फिर से कमल खिलाया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की राजनीति सेवा और विकास के लिए समर्पित है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जनकल्याण की अनेक योजनाओं के माध्यम से राज्य और देश में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि सात निश्चय योजना-भाग 2, मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल योजना, मुख्यमंत्री सड़क संपर्क योजना, कुशल युवा कार्यक्रम, हर घर नल का जल, 125 यूनिट मुफ्त बिजली योजना, मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना और नारी वंदन योजना जैसी योजनाओं ने आम नागरिकों के जीवन में ठोस परिवर्तन किया है। वहीं, केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री अन्नपूर्णा योजना ने गरीब परिवारों को निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराकर सामाजिक सुरक्षा को मजबूत किया है। उन्होंने बताया कि गया शहर में सड़क, पेयजल, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। जनता के विश्वास और कार्यकर्ताओं के परिश्रम से गया जी विधानसभा में एक बार फिर प्रचंड विजय सुनिश्चित है। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने, जनसंपर्क अभियान को गति देने तथा सरकार की नीतियों और योजनाओं को बूथ स्तर तक पहुंचाने का संकल्प लिया। बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिन्हा, विकास कुमार, प्रदेश नेता प्रेम सागर, विधानसभा प्रभारी नीरज निश्चल, महामंत्री पप्पु चंद्रवंशी, अशोक कुमार, विनोद सिंह, अमर शेखर, संगठन विस्तारक अनिल मलाड, ऋषि लोहानी, शंभू यादव, अनिल गुप्ता, मनीष सोनू, धीरू सिन्हा, हरि यादव, आशोक गुप्ता, सुरेंद्र यादव, राजेश मस्तान, कौशलेंद्र, पवन कुमार, राम पुकार सिंह, कृष्णा साव, राजनंदन गांधी, वेद प्रकाश, सूरज राणा, गोपाल चंद्रवंशी, शिवनारायण चंद्रवंशी, वाहिद अली, दीपक कुमार, सूरज सेठ, पवन कुमार, बन्टी वर्मा, डॉ. रूबी, करूणा सिंह, नीलम, विनोद पासवान, नीतीश कुमार, अशोक साहनी और गौतम कुमार सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बैंकॉक से गया की अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवा शुरू, पर्यटन और व्यापार को मिलेगी नई गति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार के गया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से बैंकॉक (थायलैंड) की प्रत्यक्ष विमान सेवा का संचालन शुरू हो गया है। मंगलवार को थायलैंड की राजधानी बैंकॉक स्थित दोम्यौंग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से आने वाली वर्ष 2025 की पहली एयरबस-320 विमान गया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरी। इस विमान में कुल 118 यात्री सवार थे। उड़ान का निर्धारित आगमन समय दोपहर 12 बजकर 40 मिनट तथा प्रस्थान समय 1 बजकर 40 मिनट निर्धारित था। इस अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवा के प्रारंभ होने से गया हवाई अड्डे की अंतरराष्ट्रीय संपर्क क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। विशेष रूप से बौद्ध सर्किट पर्यटन, भारत-थायलैंड सांस्कृतिक संबंधों और व्यापारिक आदान-प्रदान को सशक्त बनाने में यह उड़ान सेवा एक नई दिशा प्रदान करेगी। गया हवाई अड्डा निदेशक बंगजीत साहा ने कहा कि बैंकॉक से गया तक वर्ष की पहली उड़ान का आगमन गया के अंतरराष्ट्रीय पर्यटन और व्यापारिक गतिविधियों के लिए नई संभावनाएँ लेकर आया है। यह बिहार की विकास यात्रा में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ेगा। गया हवाई अड्डा प्रशासन ने इस सेवा के सफल संचालन में सहयोग के लिए एयरलाइन कंपनी, सभी संबंधित पक्षों तथा हवाई अड्डे पर कार्यरत भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भविप्रा) के सभी कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## भगवान बुद्ध की ज्ञान स्थली बोधि वृक्ष की शीतल छांव में चीवर दान कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** बौद्धों के पवित्र स्थल महाबोधि मंदिर परिसर स्थित बोधि वृक्ष के शीतल छांव में तीन महीने के वर्षवास के उपरांत अंतर्राष्ट्रीय चीवर दान समारोह का आयोजन किया गया। थेरवाद परंपरा में तीन महीने के बौद्ध वर्षावास के समापन को चिह्नित करने वाले पावन दिवस के शुभ अवसर पर 7 अक्टूबर को महाबोधि महाविहार, बोधगया में पवित्र बोधि वृक्ष के नीचे अंतर्राष्ट्रीय पवित्र महासंघ चिवार दान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में विभिन्न देशों से एकत्रित 1,250 भिक्षुओं और भिक्षुणियों को बौद्धों का पवित्र वस्त्र चीवर दान किया गया। इस अवसर पर विश्व शांति, सौहार्द, अच्छे स्वास्थ्य और सभी प्राणियों के आध्यात्मिक कल्याण के लिए प्रार्थना की गई। इस कार्यक्रम को वैश्विक बौद्ध समुदाय के भीतर एकता और भक्ति का प्रतीक बतलाया गया। महाबोधि मंदिर प्रबंधकारिणी समिति बोधगया की ओर से सभी सम्मानित भिक्षुओं, भिक्षुणियों, श्रद्धालुओं और प्रायोजकों को उनकी गहरी श्रद्धा और पुण्य योगदान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया और कहा कि इससे बौद्ध देशों के बीच मित्रता और आध्यात्मिक सौहार्द के बंधन को मजबूत करते हैं।

## शराब कांड में महिला गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

बहेरा/गयाजी। गयाजी जिला के बहेरा थाना क्षेत्र में बीपीइ एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने महिला अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। इस मामले की पुष्टि करते हुए बहेरा थानाध्यक्ष रवि रंजन कुमार ने कहा कि कांड संख्या 146/25, धारा 30 के तहत एक महिला को गिरफ्तार किया गया है।

# असदुद्दीन ओवैसी एनडीए और महागठबंधन पर जमकर बरसे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी/शेरघाटी।** ऑल इंडिया मजलिस ए - इते हरदौल मुसलामिन के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने माहवार को गयाजी जिले के नगर प्रखंड के चाकंद में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप केवल वोट डालने वाले बनकर रह गए हैं। पिछले 60 सालों से हम लोग केवल वोट डालकर सो जाते हैं। आपको सिटिजन बनना होगा। आप अगर सिटीजन बनेंगे तो आपको सारे हक और हुकुम मिलेंगे जो एक भारत के नागरिकों को मिलता है, लेकिन हमारी हालत पिछले 60 सालों से इन जालिमों ने वद से बदतर बना कर रख दिया है। तुम वोट डालो और सब कुछ हम पर छोड़ दो। मैं कहता हूं तुम वोट भी डालो और अपना मुताबिल के फैसले खुद लो।




इन्होंने अपने संबोधन में एनडीए और महागठबंधन पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि सेकुलरिज्म के नाम पर लोगों से वोट लिया जा रहा है। अब अपना वजन और अपनी ताकत को अब बढ़ाना होगा। इसके लिए पतंग पर वोट डालना होगा। उन्होंने अपनी बुनियाद को मजबूत करने की सलाह दी। सभा में उपस्थित लोगों से की ओर मुखातिब होते हुए कहा कि आप यहां से जाएं तो इंसानियत और बराबरी का पैगाम लेकर जाएं।

दूसरी ओर शेरघाटी संवाददाता के अनुसार शहर के ऐतिहासिक रंगलाल हाई स्कूल के मैदान में मंगलवार को एआईएमआईएम की जनसभा में पार्टी प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने जोशीले अंदाज में सभा को संबोधित किया। उन्होंने शेरघाटी विधानसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी साने अली खान के पक्ष में वोट की अपील करते हुए कहा कि अब वक्त आ गया है जब शेरघाटी के लोग अपनी ताकत दिखाएं और अपने हक के लिए आवाज उठाएं। सभा के दौरान ओवैसी ने राज्य और केंद्र सरकार दोनों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव पर तीखे शब्दों में हमला बोला। उन्होंने कहा चीफ जस्टिस पर चप्पल फेंकने वाले को पुलिस ने अब तक क्यों नहीं पकड़ा। उन्होंने कहा कि जो चीफ जस्टिस पर जूता चलाया क्या वह व्यक्ति मोदी का था जिसे आज तक गिरफ्तार नहीं किया गया। उनके इस बयान पर मंच के नीचे मौजूद भीड़ ने जमकर तालियां बजाईं।

ओवैसी ने कहा कि बिहार की जनता ने अपनी जवानी लालू और नीतीश के नाम कर दी, लेकिन बदले में सिर्फ बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और जातीय राजनीति मिली। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि अब वे अपने बच्चों के भविष्य के लिए जागें और एकजुट होकर बदलाव लाएं। अपने भाषण में ओवैसी ने शेरघाटी की स्थानीय समस्याओं के बारे में जिक्र किया जिसमें खराब सड़कें, बेरोजगारी, शिक्षा की स्थिति और स्वास्थ्य सुविधाओं की बदहाली पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि एआइएमआइएम इन मुद्दों को विधानसभा में आवाज देने का काम करेगी। सभा में हजारों की भीड़ उमड़ी, जिसने ओवैसी जिंदाबाद और साने अली खान को जिताओ के नारे लगाए।

# संकट की घड़ी में मानसिक कल्याण विषय पर नारा लेखन प्रतियोगिता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह 2025 के दूसरे दिन संकट की घड़ी में मानसिक कल्याण विषय पर केंद्रित नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग परिसर में किया गया। प्रतियोगिता में छात्रों ने आपदाओं, महामारी, संघर्ष और व्यक्तिगत संकटों के दौरान मानसिक स्वास्थ्य की भूमिका को रचनात्मकता के साथ अभिव्यक्त किया। प्रतिभागियों का मूल्यांकन मौलिकता, प्रासंगिकता, रचनात्मकता और प्रभावशीलता के आधार पर किया गया। निर्णायक मंडल में प्रो. नीरज कुमार (अंग्रेजी विभाग) और प्रो. पीयूष कमल (इतिहास विभाग) शामिल थे जबकि आयोजन सचिव के रूप में डॉ. मीनाक्षी ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का समन्वयन प्रो. सुप्रीति सुमन, डॉ. रवीन्द्र सिंह और डॉ. मुस्सर्रत जहां ने किया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अंकुश राज (शिक्षा विभाग), द्वितीय पुरस्कार साहिल राज (शिक्षा विभाग), तृतीय पुरस्कार सुरुचि कुमारी (शिक्षा विभाग) और प्रोत्साहन पुरस्कार सृष्टि रंजन को प्रदान किया गया। विजयी नारों को विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शित किया जाएगा तथा विभागीय डिजिटल मंचों पर साझा किया जाएगा, ताकि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवाद और जागरूकता को व्यापक रूप मिले। इस अवसर पर विभाग के निदेशक प्रो. सुशील कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष प्रो. प्रभात कुमार धल सहित डॉ. नरेंद्र पांडे, डॉ. विवेकानंद सिंह, डॉ. संजीव कुमार पांडे, डॉ. नरगिस नाज, डॉ. मुसरत जहां, डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. कामरान हसन, डॉ. असफाक अहमद और डॉ. सुजीत कुमार ने सभी पुरस्कृत प्रतिभागियों को बधाई दी और उनकी रचनात्मकता की सराहना की।

## शेरघाटी अनुमंडल क्षेत्र में अफीम खेती पर सख्त निगरानी, 24 घंटे में रिपोर्ट तलब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर स्वच्छ, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने की दिशा में जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर और वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार की अध्यक्षता में शेरघाटी अनुमंडल क्षेत्र के सीमावर्ती इलाकों में अफीम की खेती की स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी शेरघाटी, सहायक आयुक्त उत्पाद, जिला वन पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक शेरघाटी सहित सभी अंचल अधिकारियों और थाना अध्यक्षों को निर्देश दिया कि वे अगले 24 घंटे के भीतर उन स्थलों का निरीक्षण करें जहां पूर्व में अफीम की खेती को नष्ट किया गया था। उन्होंने कहा कि बाराचट्टी, धनगाई, डुमरिया, चकरबंधा, इमामगंज, बांके बाजार, लुटवा और रोशनगंज जैसे क्षेत्रों में पूर्व में अफीम की खेती का विनष्टीकरण किया गया था। इन इलाकों में वर्तमान स्थिति का प्रत्यक्ष निरीक्षण कर अद्यतन रिपोर्ट उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। जिला पदाधिकारी ने सहायक आयुक्त उत्पाद को यह भी निर्देश दिया कि अनुमंडल पदाधिकारी शेरघाटी के माध्यम से सभी संबंधित थानों को पर्याप्त संख्या में मानव रहित यान (ड्रोन) उपलब्ध कराए जाएं। ताकि संपूर्ण क्षेत्र की हवाई निगरानी की जा सके और किसी भी अवैध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पिछले वर्ष शेरघाटी अनुमंडल क्षेत्र के 11 थानों के अंतर्गत लगभग 1000 एकड़ से अधिक क्षेत्र में अफीम की खेती को नष्ट किया गया था। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की रोकथाम हर हाल में आवश्यक है और इस दिशा में कठोर कदम उठाए जा रहे हैं। जिले में चुनाव सुरक्षा की दृष्टि से केंद्रीय पुलिस बल की 26 कंपनियां तैनात की गई हैं जिनके माध्यम से तलाशी अभियान भी संचालित किया जा रहा है। बैठक में मादक पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) पटना के क्षेत्रीय निदेशक, सहायक आयुक्त उत्पाद, गुप्तचर ब्यूरो के पदाधिकारी, सहायक समाहर्ता, सहायक वन पदाधिकारी, शेरघाटी अनुमंडल क्षेत्र के सभी अंचल अधिकारी और थाना अध्यक्ष उपस्थित थे।

## आर्म्स एक्ट मामले में गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बहेरा/गयाजी।** गयाजी जिला के बहेरा थाना क्षेत्र से पुलिस ने आर्म्स एक्ट के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। इस मामले की पुष्टि करते हुए बहेरा थाना अध्यक्ष रवि रंजन कुमार ने कहा कि आर्म्स एक्ट के मामले में एक व्यक्ति गिरफ्तार किये गए। व्यक्ति की पहचान करण कुमार उम्र 19 वर्ष पिता स्व.आदित्य पासवान ग्राम सुंदर कुम्हारी, थाना-बाराचट्टी, जिला-गया के रूप में हुई है। गिरफ्तार किये गए अभियुक्त को आगे की करवाई हेतु न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया है। थाना प्रभारी के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा। पूछताछ के उपरांत उसे विधि अनुसार न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेजते हुए जेल भेज दिया गया।

# कार्यालयों में सिंगल विंडो प्रणाली स्थापित करने का जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी गया शशांक शुभंकर ने आज सिंगल विंडो सेल/एकल खिड़की कोषांग के अंतर्गत विभिन्न राजनीतिक दलों के चुनावी सभा/ रैली/ हेलीकॉप्टर लैंडिंग इत्यादि के लिए प्राप्त होने वाले आवेदनों के लिए काउंटर चिन्हित कर आज उसका फीता काटकर उद्घाटन किया गया। विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के जन सभाओं / रैलियों / जुलूसों के लिए ऑनलाइन प्लेटफार्म-सुविधा, लाउड स्पीकर के उपयोग और चुनाव प्रचार के लिए वाहनों के उपयोग के साथ-साथ गैर वाणिज्यिक / दूरस्थ / आनियंत्रित हवाईअड्डों / हेलीपैडों के उपयोग के लिए सिंगल विंडो सिस्टम में आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया है कि राजनैतिक दलों एवं उनके उम्मीदवारों को उसके प्लेटफार्म सुविधा के माध्यम से अनुमति मांगने वाले सभी आवेदनों को अनुमति देने के लिए विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालयों में 24 घण्टे के भीतर निपटान किया जाना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी रिटर्निंग आफिसर को निर्देश दिए हैं कि अपने कार्यालयों में सिंगल विंडो प्रणाली / अनुमति प्रकोष्ठ स्थापित करेंगे और उन्हें कार्यशील करेंगे, जो आवश्यक अवसंरचना यथा, फोटो कॉपियर मशीन, स्कैनर, कम्प्यूटर, टेलिफोन आदि तथा समर्थित स्टाफ से सज्जित होंगे। अनुमति प्राप्त करने वाले राजनैतिक दल / अभ्यर्थी को निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण संबंधी अनुदेशों के संग्रह में दिए गए विहित फॉर्मेट अनुलग्नक में व्यय योजना के ब्यौरे सहित कार्यक्रम से कम से कम 48 घंटे पहले संबंधित रिटर्निंग आफिसर के कार्यालय में अनुमति प्रकोष्ठ के प्रभारी को आवेदन करना होगा। कोई राजनैतिक दल अभ्यर्थी आवेदन करने के 7 दिनों के भीतर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों / रैलियों / जुलूसों के संबंध में अनुमति के लिए आवेदन कर सकते हैं। किसी एक विशेष दिन के लिए एक से अधिक कार्यक्रम हेतु पृथक आवेदन दाखिल किया जाना होगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सभी निर्वाचित पदाधिकारी के कार्यालय में भी संबंधित विधानसभा का सिंगल विंडो का संचालन काउंटर चालू कर दी गई है जहां किसी भी राजनीतिक दल द्वारा किसी भी प्रकार की रैली आम सभा जुलूस की अनुमति के लिए आवेदन दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि आवेदन कम से कम 48 घंटे पहले सिंगल विंडो काउंटर में समर्पित करवाना होगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के स्तर से हेलीपैड/हेलीकॉप्टर संबंधित अनुमति के लिए समाहरणालय परिसर में बनाए गए सिंगल विंडो काउंटर पर आवेदन जमा करना होगा। इस अवसर पर वरीय नोडल पदाधिकारी सिंगल विंडो सह नगर आयुक्त गया कुमार अनुराग, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सदर, वरीय उप समाहर्ता अंशु कुमारी उपस्थित थे।

## सबमर्सिबल चोरी, किसान को पचास हजार का नुकसान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच थाना क्षेत्र के ग्राम चैनपुर में सोमवार की देर रात अज्ञात चोरों ने किसान का समरसिबल चोरी कर लिया। घटना की जानकारी मंगलवार की सुबह मिली जब किसान राजीव सिंह पिता दीनानाथ सिंह अपने खेत बधार में पहुंचे। उन्होंने बताया कि गांव से पश्चिम दिशा में नहर के समीप सिंचाई के लिए समरसेबुल लगाया गया था। वहां पहुंचने पर पाया कि मोटर सेट और पाइप समेत पूरा समरसिबल गायब है। किसान ने बताया कि चोरी की इस घटना से उसे करीब 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान ने इस संबंध में लिखित आवेदन स्थानीय कोंच थाना में देने की बात कही है। ग्रामीणों का कहना है कि हाल के दिनों में क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ी हैं जिससे किसान व आम लोग दहशत में हैं।

# वंचितों, दलितों और शोषित समाज की सशक्त आवाज हैं जीतन राम मांझी : डॉ. मनीष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** गया लोकसभा के सांसद एवं केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी का जन्मदिन भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने श्री मांझी को विष्णु चरण चिन्ह, अंगवस्त्र, माला और पुष्प भेंट कर उन्हें जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि जीतन राम मांझी देश के वंचितों, दलितों और शोषित समाज की सशक्त आवाज हैं। उन्होंने अपने संघर्षमय जीवन से समाज को यह संदेश दिया कि संकल्प, समर्पण और सेवा के बल पर कोई भी व्यक्ति उच्चतम शिखर तक पहुंच सकता है। श्री मांझी ने सदैव समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया है। उनका जीवन जनसेवा और समाज उत्थान के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने गरीब, किसान और मजदूर वर्ग के विकास के लिए अनेक कार्य किए हैं। डॉ. मिश्रा ने ईश्वर से प्रार्थना की कि जीतन राम मांझी दीर्घायु हों, स्वस्थ रहें और उनके नेतृत्व में गया सहित समूचे बिहार का निरंतर विकास होता रहे। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समाजसेवी ने एक स्वर में कहा कि श्री मांझी का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत है।

## 55 वर्षीय व्यक्ति बिजली टॉवर पर चढ़ा, आठ घंटे बाद नीचे गिर हुआ घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच प्रखंड के केर गांव निवासी 55 वर्षीय देवी लाल दास ने मंगलवार की सुबह दौलतपुर स्थित बिजली के ऊंचे टॉवर पर चढ़कर सनसनी फैला दी। सुबह करीब 7 बजे हुए इस घटनाक्रम से पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही कोंच थाना पुलिस और बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और व्यक्ति को नीचे उतरने के लिए समझाने का प्रयास करने लगी। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। जानकारी के अनुसार देवी लाल दास मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे। बताया गया कि उनके पुत्र हाल ही में अपनी मां को साथ लेकर बाहर काम करने के लिए चले गए थे जिससे वे घर पर अकेले रह गए थे। इसी वजह से उन्होंने यह खतरनाक कदम उठाया। लगातार समझाने के बावजूद वे नीचे नहीं उतरे। दोपहर करीब 3 बजे, करीब आठ घंटे बाद वे टॉवर से बिजली के तार पर लटक गए और नीचे धान के खेत में गिर पड़े। खेत में पानी भरा होने के कारण वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत अनुमंडलीय अस्पताल टिकारी ले जाया गया जहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए गया मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

# लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास करती है भारतीय जनता पार्टी : डॉ. मनीष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की अधिसूचना जारी किए जाने पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने आयोग के इस निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि भारत का निर्वाचन आयोग देश की सबसे निष्पक्ष, स्वतंत्र और संवैधानिक संस्था है जो लोकतंत्र के पर्व को निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती और जनता की भागीदारी के लिए चुनाव आयोग का यह कदम अत्यंत सराहनीय है। बिहार में विधानसभा चुनाव का यह आयोजन लोकतांत्रिक परंपराओं को और सुदृढ़ करेगा तथा जनता को अपने प्रतिनिधियों को चुनने का अवसर प्रदान करेगा। भारतीय जनता पार्टी हमेशा से लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास करती रही है और चुनाव आयोग के सभी दिशा-निर्देशों का सम्मान करते हुए इस महापर्व में पूरी निष्ठा से भाग लेगी। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने हर चरण में तकनीकी और पारदर्शी सुधारों को अपनाकर मतदाताओं का विश्वास और भी मजबूत किया है। आने वाले चुनाव में आयोग की भूमिका यह सुनिश्चित करेगी कि हर मतदाता बिना किसी दबाव, प्रलोभन या भय के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। जनता से भी अपील की कि वे लोकतंत्र के इस उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और मतदान के माध्यम से एक मजबूत, विकासोन्मुख और आत्मनिर्भर बिहार के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

पूर्व मध्य रेल
ई—निविदा सूचना
ई—निविदा नोटिस सं.—डी.डी.यू./ईएल/जी/ई॰ निविदा/25.26/16, दिनांक : 03.10.2025
मंडल रेल प्रबन्धक/विद्युत/जी/डी.डी.यू. एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ —साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोकनिर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड मिलिटरी इंजीनियर सर्विस लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई—निविदा) आमंत्रित की जाती हैं।
क.सं—01, कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम : सं. डी.डी.यू./ईएल/जी/पी/2025—26/06 आर, विषय — डीडीयू मंडल के अन्तर्गत वरी सेक्शन ए॰ सी॰ के अधीन पूरे मंडल के एसएम पैनल रूम, केबिन आदि में एयर कंडीशन का प्रावधान करने में विद्युती कार्य करने के संबंध में। कार्य करने की कुल लागत : ₹59,82,608.68
क.सं—02, कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम : सं. डी.डी.यू./ईएल/जी/पी/2025—26/04 ए आर, विषय — डीडीयू मंडल के अन्तर्गत सीडीएमआर स्टेशन पर 100 फीट/30.5 मीटर स्मारक ध्वज का प्रावधान करने में विद्युती कार्य करने के संबंध में। कार्य करने की कुल लागत : ₹ 9,31,898.31
निविदा बंद करने की अंतिम तिथि एवं समय : 30.10.2025, 15:00 Hrs., ई—निविदा वेब साइट का विवरण : www.ireps.gov.in
वरिष्ठ मंडल विधुत अभियंता (सा॰)/
पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/1102/डीडीयू/ईएलईसीटी/टी/25—26/40

संपादकीय

# अब कप्तानी शुभमन के हाथ!

बदलाव प्रकृति का नियम है और यह होते भी रहना चाहिए। फिर भी चयनकर्ताओं द्वारा भारतीय क्रिकेटर शुभमन गिल को रोहित शर्मा की जगह भारतीय वन डे टीम का कप्तान घोषित किए जाने पर व्यापक प्रतिक्रिया हुई है। रोहित के फैन इस बदलाव को पचा नहीं पा रहे हैं। जबकि शुभमन गिल ने कहा कि वो नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे। बताया जाता है कि यह फैसला आने वाले 2027 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखकर लिया गया है। गिल को कप्तानी सिर्फ वनडे विश्व कप 2027 को देखते हुए नहीं सौंपी गई है, बल्कि लंबी अवधि के लिए है। अगरकर ने तर्क दिया कि गिल को कप्तान बनाने के पीछे एक मुख्य कारण यह था कि सभी प्रारूपों में स्थिरता बनी रहे और तीन अलग-अलग कप्तान न हों। मुख्य चयनकर्ता (पुरूष) अजीत आगरकर ने पत्रकार वार्ता में कहा कि ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल होंगे। अब, तीनों प्रारूपों में तीन अलग-अलग कप्तान रखना व्यावहारिक रूप से असंभव है। किसी न किसी स्तर पर हमें अगले विश्व कप की ओर देखना शुरू करना होगा और अगले कप्तान को तैयारी के लिए कम से कम कुछ समय देना होगा। उधर भारत के लीजेंड क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने भी कहा कि अब गिल ही तीनों फार्मेट में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान होंगे। 25 वर्षीय गिल ने सफल टेस्ट कप्तानी के बाद वनडे के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। उन्हें 19-25 अक्टूबर के बीच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली जाने वाली वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है जबकि श्रेयस अय्यर को उपकप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वैसे पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली वन डे टीम में खेलते रहेंगे। रोहित की कप्तानी से विदाई ने टीम के कुछ खिलाड़ियों को भावुक जरूर कर दिया। जहां तक रोहित शर्मा की कप्तानी की बात है तो उनका कार्यकाल उपलब्धियों से भरा रहा है। उनकी कप्तानी उनके खेल की तरह ही आक्रामक रही। उनकी अगुवाई में भारत ने 2024 में टी20 वर्ल्ड कप और 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की। इसके अलावा 2023 वनडे वर्ल्ड कप में टीम ने फाइनल तक शानदार अपराजित सफर तय किया, जहां बस एक मैच की दूरी रह गई थी ट्रॉफी से। भारत ने इन तीनों बैक टू बैक आईसीसी टूर्नामेंट्स में सिर्फ एक मैच गंवाया और वह रहा 2023 वनडे विश्व कप का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल। आंकड़ों की बात करें तो रोहित ने 56 वनडे मैचों में से 42 में जीत हासिल की। यानी लगभग 76 प्रतिशत का जीत प्रतिशत, जो भारतीय क्रिकेट के इतिहास में सबसे बेहतरीन में गिना जाता है। क्रिकेटर दिनेश कार्तिक ने कहा कि रोहित ने सिर्फ ट्रॉफियां नहीं जीतीं, बल्कि हमारी पीढ़ी को यह सिखाया कि जीतने का जज्बा क्या होता है। हिटमैन का अध्याय चाहे कप्तानी से खत्म हो गया हो, लेकिन उनकी कहानी भारतीय क्रिकेट की आत्मा में हमेशा जिंदा रहेगी। उल्लेखनीय है कि रोहित के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद गिल को ही लाल गेंद के प्रारूप की कप्तानी सौंपी गई थी। नए कप्तान शुभमन के सामने यह चुनौती होगी कि वो रोहित की विरासत को आगे कैसे बढ़ाएं। वैसे कप्तान बनते ही शुभमन गिल ने साफ कर दिया है कि उनका सबसे बड़ा लक्ष्य 2027 वनडे विश्व कप है, जो दक्षिण अफ्रीका में खेला जाएगा। शुभमन एक कप्तान और बेहतरीन आरंभिक बल्लेबाज के रूप में अपनी भूमिका कैसे निभाते हैं, यह देखने की बात है। अक्सर कप्तानी का दबाव खिलाड़ी को अपना स्वाभाविक खेल खेलने से रोकता है, उम्मीद है कि शुभमन दोनो मोर्चों पर कामयाब होंगे।

# गांधी में ही है ट्रंप टैरिफ से सुरक्षा

**अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कई देशों पर टैरिफ बढ़ाया है, परंतु भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ और 25 प्रतिशत पैनाल्टी यानि कुल मिलाकर 50 प्रतिशत बढ़ाया है। फिर कुछ दिन बाद भारत में निर्मित दवाओं पर शुल्क बढ़ा दिया है, इससे भारत के अमेरिका के निर्यात पर असर पड़ना स्वाभाविक है। एक देश के रूप में हमें ट्रंप के इस टैरिफ ब्लैकमेलिंग का मुकाबला करना एक अनिवार्य लाचारी है। ट्रंप के बयानों से यह स्पष्ट है कि ट्रंप का टैरिफ भारतीय विदेश नीति को अपने अनुकूल करने के लिए एक हथियार जैसा रहा है।**

रघु ठाकुर

आरंभ में ट्रंप ने अपनी भाषा को भी लगभग असभ्यता की सीमा तक पहुँचाया। जिनसे ट्रंप की छवि सारी दुनिया में एक अस्थिर व्यक्ति की बन गई। भारतीय मीडिया ने भी विशेषतः मुख्यधारा का होने का दावा करने वाले मीडिया ने ऐसी खबरें छापना शुरू किया है जैसे अमेरिका भारत के समक्ष शरणागत हो गया है, यह भी समाचार छपे हैं कि ट्रंप ने श्री नरेन्द्र मोदी से नोबल प्राइज के लिये समर्थन मांगा था जिससे उन्होंने इंकार कर दिया और इसलिये ट्रंप ने टैरिफ लगाया। यद्यपि इस संबंध में भारत के प्रधानमंत्री ने खंडन नहीं किया। 31 अगस्त को प्रधानमंत्री जी के चीन यात्रा के बाद ऐसे भी समाचार आये हैं कि श्री नरेन्द्र मोदी को चीन के समिट में, चीन के राष्ट्रपति श्री जेनपिन, और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के बराबर राज सम्मान मिला है। अगर यह सही है तो एक भारतीय होने के नाते मुझे प्रसन्नता हुई। हालाँकि भारत व चीन की मित्रता कितने दिन की और कितनी कारगर होगी यह कहना कठिन होगा? अभी भारत का चीन को निर्यात लगभग 1.25 लाख करोड़ का है और चीन से आयात लगभग 9.50 लाख करोड़ का है याने आयात की तुलना में निर्यात 1.6 है। और इस दोस्ताने के बाद चीन का निर्यात और अधिक बढ़ेगा।

सूचना ये भी है कि भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ संबंधित वार्तालाप जारी है और शीघ्र कुछ हल निकलने की संभावना है। यह हल निकले ऐसा सभी चाहते हैं। भले ही भारत के मीडिया में यह कहा जाये कि भारतीय अर्थव्यवस्था पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। यह कहना भी कुछ अतिरेकी लगता है। भारत के और विशेषता गुजरात सूरत के जेम्स ज्वैलरी से निर्यात बहुत घटा है और भारत के उद्योगजगत ने सरकार से यह मांग की है कि उन्हें कोरोना काल के समान मदद दी जाये। यह भी जानकारी मिली है सरकार अभी तक रु 25 हजार करोड़ का पैकेज दे चुकी है और लगभग 8 वर्ष के बाद भारत सरकार ने जो जीएसटी स्लैब बदला है, यह भी बाजार के ऊपर ट्रंप टैरिफ के असर को कम करने और बाजार को मदद पहुँचाने का रास्ता है। जीएसटी कम होने से उपभोक्ताओं की खरीदारी बढ़ेगी, क्योंकि उन्हें सस्ता माल मिलेगा और अमेरिका को निर्यात करने की वजह से जो कमी आई है उसका कुछ अंश पूरा हो सकेगा। यह सरकार का सोचना है तथा सरकार समर्थक व्यापारी वर्ग नाराज नहीं होगा। हालाँकि सरकार ने इसे अपनी दयानतदारी बताने का प्रयास किया है जो देश में किसी को भी स्वीकार्य नहीं है। यह स्वाभाविक है कि टैरिफ वृद्धि जैसी घटनाओं से बाजार पर असर पड़ेगा। अमेरिका में इस टैरिफवृद्धि के बाद तीन प्रकार की प्रतिक्रियायें सामने आई हैं।




जो ट्रंप विरोधी प्रतिपक्ष है वह इसे ट्रंप की राजनैतिक भूल बता रहा है और भारत को रूस और चीन के नजदीक भेजने के लिये जिम्मेदार बता रहा है। ट्रंप उनकी सलाहकार मंडली और हाल ही में जो बड़े उद्योगपति एलन मस्क को छोड़कर, टेक लीडर की मीटिंग ट्रंप ने की, उसमें अमेरिकी उद्योगजगत संतुष्ट नजर आया। प्रतिक्रिया उन लोगों की भी है जो संख्या बल में बहुत कम है कि भारत के चीन और रूस के पास जाने से वैश्विक सत्ता संतुलन और अमेरिका की श्रेष्ठता की स्थिति में फर्क पड़ेगा।

अमेरिका और ट्रंप की नाराजगी की वजह रूस के साथ सस्ते तेल के सौदे को लेकर ज्यादा है। अमेरिका यह मानता है कि रूस के ऊपर लगाये गये आर्थिक प्रतिबंध इसलिये सफल नहीं हो पा रहे हैं क्योंकि भारत के द्वारा सस्ती दरों के कारण अपनी जरूरत से ज्यादा तेल खरीदा जा रहा है, जो रूसी अर्थव्यवस्था को मजबूती देता है और उसका परिणाम रूस के यूक्रेन पर थोपे गये युद्ध की वृद्धि में है। अमेरिकी राष्ट्रपति के एक प्रवक्ता पीटर नवारो ने इस प्रकार के बयान सार्वजनिक रूप से भी दिये हैं। पीटर नवारो की भारत के खिलाफ बयानबाजी खुलकर हो रही है और भारत की ओर से उसका उत्तर सरकार की ओर से सरकार के बजाय भारत का मीडिया दे रहा है। इस टैरिफब्लैकमेलिंग अभियान के बाद जिस प्रकार का तख्ता पलट अचानक नेपाल में हुआ है, इंडोनेशिया में हुआ है वह अमेरिका की कमजोर स्थिति की द्योतक तो नहीं है बल्कि ऐसा लग रहा है कि अमेरिका के चीन को घेरने के प्रयास है। उनका भी कहीं न कहीं संबंध इन घटनाओं से है। हालाँकि अभी प्रमाणिक तौर पर कुछ कहना कठिन होगा। परंतु यह घटनायें सिद्ध कर रही हैं कि नेपाल, बंगलादेश और अब अमेरिका में भी भारत विरोधी विचार फैल रहा है। नेपाल के तथाकथित जेन जी आंदोलन के नौजवानों ने नये प्रधानमंत्री के चयन में भारत के साथ नजदीकी वाले नामों पर आपत्ति की और भारतीय उद्योगपति की संपत्ति को बड़े पैमाने पर जलाकर रख दिया। बंगलादेश में भी भारत विरोधी भावना पनप रही है या पनपाई जा रही है और अमेरिका में भी पिछ्ले कुछ समय से भारतीयों पर हमले बढ़ रहे हैं तथा कई घटनाओं में घृणात्मक शब्दों का प्रयोग हुआ है। यह सीधी विदेश नीति का मामला तो नहीं है परंतु विदेश नीति को प्रभावित करने वाला मसला जरूर है। अमेरिका में ट्रंप सत्ता में है परंतु ट्रंपवाद, विवादित है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट और कई संवैधानिक संस्थायें ट्रंप के तरीकों और ट्रंप टैरिफ के पक्ष में नहीं है। ट्रंप के सपोर्टर चार्ली किर्क की हत्या के संकेत ट्रंप को भी चिंतित कर रहे हैं। जिस व्यक्ति ने किर्क की हत्या की है, उसने जो शब्द कहे 'फासिस्ट्', यह ट्रंप और उनके अनुयायियों के प्रति बढ़ती हुई घृणा का प्रतीक है। हालाँकि अमेरिका में एक और नई घटना शुरू हुई है जो आरंभिक दौर में है कि वहाँ डेमोक्रेटिक पार्टी का हिस्सा यह मानने लगा है कि डेमोक्रेटिक पार्टी अब अस्तित्वहीन हो रही है। एक छोटे समूह का आकर्षण लोकतांत्रिक समाजवाद की तरफहो रहा है। अमेरिका जैसा पूंजीवादी देश में समाजवादी विचार का उदय एक अच्छा संकेत है। डॉ लोहिया जब अमेरिका के दौरे पर गये थे तब उन्होंने अमेरिकी सांसदों से चर्चा में कहा था कि आप लोगों के कुछ कार्य समाजवादी जैसे हैं, यद्यपि आप समाजवाद को स्वीकारते नहीं हैं। अगर इस वैश्विक घटनाक्रम की वजह से अमेरिका में समाजवाद का उदय हो सके तो वह दुनिया के लिये और विश्वशांति के लिये एक महत्वपूर्ण कदम होगा। मैं जानता हूँ कि कुछ लोग इसे मेरा यूटोपिया होना बतायेंगे। परंतु किसी बड़े परिवर्तन के लिये एक बड़ा सपना होना जरूरी होता है। वह आरंभ में यूटोपिया जैसा ही होता है। भले ही वह किसी नाम से हो। एक जमाने में समाजवादियों ने कल्याणकारी राज्य के द्वारा जरूरतमंदों को मदद की बात उठाई थी। सन 1950-60 के दशक में समाजवादी लोग ही राज्य के द्वारा आम जनता को रियायतें देने की मांग करते थे। परंतु आज हिंदुस्तान का हर राजनैतिक दल चाहे वह समाजवाद का विरोधी ही क्यों न हो, जनता को रोटी, बिजली, पानी या अन्य प्रकार की रियायतें दे रहा है बल्कि अब तो रियायतों की होड़ इतनी बढ़ गई कि लगता है कि जैसे सरकारी या गैर सरकारी घोषित रियायतें वोट खरीदी का पर्याय बन गई हैं।

अब जो हम समाजवादी लोग कहते रहे कि श्यूज एंड थ्रोय कि सभ्यता पूँजीवाद को जन्म देती है और श्यूज एण्ड रीयूज्य याने उपयोग करो फैकों मत, सुधारो और पुनः उपयोग करो की सभ्यता समाजवादी विचार के लिये जरूरी है। जब आरंभ में हम लोग यूज एण्ड थ्रो के खिलाफबोलते थे, तब पूँजीवादी तबका उसका मजाक उड़ाता था। हालांकि जब हम समाजवादी लोग यह कहते थे तो इसके कई पक्ष थे- प्रकृति को अधिकतम बचाया जाये क्योंकि वस्तु का निर्माण अंततरू प्रकृति की कीमत पर ही होता है। यूज एण्ड थ्रो पूंजीवाद और बाजार की शक्तियों की जीवनदायिनी अमृत होता है जो लगातार उत्पादन और विक्रय के नाम पर लूट और मुनाफाखोरी का स्थाई माध्यम होता है। गैर जरूरी जरूरतों का बाजार निर्मित होता है जो उपभोक्ता को स्थाई ग्राहक बनाता है और यही पूँजीवाद को पनपने का आधार बनता है। यूज एन्ड थ्रो-भारतीय संस्कृति व परंपराओं के विरुद्ध है। यह भी आश्चर्यजनक और सुखद है कि अभी तक भारत में यह विचार नहीं फैल पाया, जबकि यह महात्मा गांधी और भारतीय संस्कृति का मूल विचार है। यह समाजवाद का भी मूल विचार रहा है कि जरूरत के अनुसार लें। अगर गांधी और लोहिया का यह विचार आज अमेरिका और यूरोप के संपन्न देशों में फैल रहा है तो यह एक सुखद घटना है और इस अर्थ में भी कि गांधी, लोहिया और समाजवाद शाश्वत विचार है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने तो अपने जीवन काल में ही अपने कार्यों और उदाहरण से प्रकृति के संरक्षण व न्यूनतम उपयोग का सिद्धांत दिया था।

## अध्यात्म

### जब तक सफलता न मिल जाए, तब तक हार नहीं माननी चाहिए



एक राजा युद्ध में हार गया तो शत्रु सैनिकों से बचने के लिए एक गुफा में छिप गया, सैनिकों ने पत्थरों से बंद कर दी थी गुफा जो लोग सफलता पाना चाहते हैं, उन्हें अंतिम पल तक हिम्मत नहीं हारना चाहिए। जिस पल हम हार मान लेते हैं, उसी समय हम असफल हो जाते हैं। ये बात एक लोक कथा से समझ सकते हैं। कथा के अनुसार पुराने समय में एक राजा युद्ध में हार गया था। उसके सभी सैनिक मारे जा चुके थे। राजा किसी तरह अपनी जान बचाकर जंगल में भाग गया। सैनिक उसका पीछा कर रहे थे। वह बचने के लिए एक गुफा में छिप गया। सैनिक राजा को जंगल में खोजते-खोजते उस गुफा तक पहुंच गए। गुफा के अंदर राजा को ढूंढा, लेकिन सैनिक उसे ढूंढ नहीं सके। बाहर आकर सैनिकों ने बड़े-बड़े पत्थरों से गुफा बंद कर दी। गुफा बहुत गहरी थी। अंदर की ओर राजा छिपा हुआ था। वह काफी थक चुका था। भूख-प्यास की वजह से बेहाल हो रहा था। उसके शरीर में ताकत भी नहीं बची थी। शत्रु सैनिक गुफा बंद करके वहां से चले गए तो राजा अंदर बैठा-बैठा सोच रहा था कि अब तो उसका जीवन खत्म हो गया। वह गुफा से कभी बाहर नहीं निकल पाएगा। राजा निराश हो चुका था। तभी उसे मां की एक बात याद आई। उसकी मां कहती थी कि कुछ तो कर, यूं ही मत मर। ये बात याद आते ही राजा में फिर से ऊर्जा आ गई। उसने सोचा कि कोशिश किए बिना हार नहीं मानना चाहिए। राजा गुफा के द्वार से पत्थरों को हटाने का काम शुरू कर दिया। कड़ी मेहनत के बाद राजा ने बड़े-बड़े पत्थर खिसका दिए। किसी तरह राजा ने बाहर निकलने की थोड़ी सी जगह बना ली थी। राजा गुफा से बाहर निकला और अपने मित्र राजा के पास पहुंच गया। मित्र राजाओं की मदद से उसने शत्रुओं को पराजित कर दिया और अपना राज्य वापस प्राप्त कर लिया। हमें सफलता मिलने तक हार नहीं मानना चाहिए। जिस पल हम हार मान लेते हैं, उसी समय असफल हो जाते हैं।

# हरियाणा :इस रफ्तार से कहां पहुंच पाएगी कांग्रेस!

**लगभग दो दशक बाद कांग्रेस ने हरियाणा में गैर दलित नेता को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। पहले फूल चंद मुलाना, फिर अशोक तंवर, शैलजा और उदयभान प्रदेश अध्यक्ष रहे। इस दौरान कांग्रेस जाट और दलित के समीकरण से राजनीति करती रही, जबकि अल्पसंख्यक और ओ.बी.सी. वोट भी उसे मिलते रहे। हरियाणा में दलित कांग्रेस के परंपरागत माने जाते हैं। हालांकि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी दलित समुदाय से ही आते हैं लेकिन हरियाणा के दलितों को अपने साथ जोड़े रखने के लिए पार्टी को कुछ और साफ संदेश देना होगा, वर्ना भाजपा की सेंधमारी से बच नहीं पाएगी। वैसे नए प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के लिए भी प्रदेश संगठन बना पाना आसान नहीं होगा। हुड्डा के फिर नेता प्रतिपक्ष तथा राव नरेंद्र सिंह के नए प्रदेश अध्यक्ष बनने के बावजूद यह अंतर्कलह थमने वाली नहीं है।**

राज कुमार सिंह

कांग्रेस चाहे तो अपनी पीठ खुद थपथपा सकती है कि हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और विधायक दल नेता का फैसला एक साथ कर दिखाया, पर इसमें लगा लगभग साल भर का समय उसकी अंतर्कलह भी बयान करता है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा कांग्रेस विधायक दल के नेता यानी नेता प्रतिपक्ष भी होंगे, जबकि राव नरेंद्र सिंह नए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष। हरियाणा में पिछले साल 5 अक्तूबर को विधानसभा चुनाव हुए थे। चंद महीने पहले लोकसभा चुनाव में 10 में से 5 सीटें जीत लेने के चलते माना जा रहा था कि कांग्रेस 10 साल बाद हरियाणा की सत्ता में वापसी कर सकती है, लेकिन एक प्रतिशत से भी कम वोटों के अंतर से वह भाजपा से मात खा गई। भाजपा ने लगातार तीसरी बार सरकार बनाने का करिश्मा कर दिखाया।

भाजपा ने 48 सीटें जीतीं, जबकि कांग्रेस 37 पर अटक गई। एक बार फिर सत्ता-सिंहासन दूर छिटक जाने के पीछे कांग्रेस की अंतर्कलह ही मुख्य कारण रहा। चुनाव के दौरान भी कांग्रेस पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के समर्थकों और विरोधियों में बंटी नजर आई। एक हुड्डा समर्थक की टिप्पणी से खफा होकर कांग्रेस की बड़ी नेत्री शैलजा तो कई दिन तक चुनाव प्रचार से भी दूर रहीं। इससे भाजपा को कांग्रेस में दलित अपमान को मुद्दा बनाने का मौका भी मिल गया। बेशक कुछ योगदान 'इंडिया' गठबंधन में सहयोगी 'आप' का भी रहा, जो सीट बंटवारे पर बात न बनने के कारण अलग चुनाव लड़ी।

माना जा रहा था कि इस बार भी भूपेंद्र सिंह हुड्डा ही कांग्रेस विधायक दल के नेता होंगे। आखिर विधायक दल में उन्हीं के समर्थक सबसे ज्यादा जीत कर आए थे। बेशक विधानसभा चुनाव तक कांग्रेस आलाकमान ने हुड्डा को टिकट वितरण समेत हर मामले में 'फ्री हैंड' भी दे रखा था। विधानसभा चुनाव नतीजों के सप्ताह भर बाद हुई कांग्रेस विधायक दल की बैठक में पर्यवेक्षकों ने जब एक-एक कर विधायकों से बात की तो लगभग अढ़ाई दर्जन विधायक हुड्डा के समर्थन में थे, लेकिन अंतर्कलह के चलते सत्ता फिर छिटक जाने से खफा आलाकमान ने नेता के चयन का फैसला टाल दिया।

इस बीच चुनावी हार के चलते प्रदेश अध्यक्ष उदयभान पर भी इस्तीफे का दबाव बढ़ने लगा, जिनकी हुड्डा की पसंद के चलते ही ताजपोशी हुई थी। माना गया कि अब आलाकमान किसी एक नेता को 'फ्री हैंड' देने की बजाय सभी गुटों में संतुलन के साथ आगे बढ़ेगा, पर नए प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल नेता के नामों से साफ हो गया है कि खासकर जाट समुदाय पर मजबूत पकड़ के चलते वह हुड्डा को नजरअंदाज नहीं कर पाया। कांग्रेस के साथ जाट समुदाय के समर्थन और उन पर हुड्डा की पकड़ के मद्देनजर यह फैसला तो पहले भी लिया जा सकता था।

एक स्वाभाविक फैसले में भी साल भर का समय लगा कर आलाकमान ने न सिर्फ राज्य में कांग्रेस की फजीहत कराई, बल्कि खुद की निर्णय क्षमता पर भी सवाल उठाने का मौका दिया। राव नरेंद्र सिंह की नियुक्ति का संकेत यह अवश्य है कि प्रदेश अध्यक्ष के मामले में सिर्फ हुड्डा की नहीं चली। पुराने कांग्रेसी रहे नरेंद्र सिंह लगभग दो दशक पहले पूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल के साथ जनहित कांग्रेस में चले गए थे। 2009 में जनहित कांग्रेस के टिकट पर नारनौल से विधायक भी बने लेकिन जब कांग्रेस बहुमत से चूक गई तो हुड्डा के इशारे पर अपनी पार्टी तोड़ कर 4 अन्य विधायकों के साथ लौट आए। हुड्डा ने उन्हें मंत्री भी बनाया। इसलिए मानना चाहिए कि हुड्डा ने उनके नाम का विरोध तो नहीं किया होगा लेकिन राव नरेंद्र सिंह के पक्ष में गुटबाजी से दूर रहना भी गया है। इसलिए उनका विरोध शायद शैलजा और रणदीप सिंह सुर्जेवाला जैसे नेताओं ने भी नहीं किया होगा।



रणनीतिक रूप से भी दक्षिणी हरियाणा के अहीरवाल क्षेत्र से प्रदेश अध्यक्ष बनाना सही दाव माना जा सकता है। दशकों बाद अहीरवाल के किसी नेता को कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। कांग्रेस को उम्मीद है कि इससे ओ.बी.सी. वर्ग में उसकी स्वीकार्यता बढ़ेगी, जो नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाए जाने से भाजपा के साथ और भी ज्यादा एकजुट हो गया है। वैसे राव इंद्रजीत सिंह के भाजपा में शामिल हो जाने के बाद से कांग्रेस दक्षिणी हरियाणा में हाशिए पर ही नजर आ रही है लेकिन एक बार कांग्रेस छोड़ चुके नेता को प्रदेश अध्यक्ष जैसी बड़ी जिम्मेदारी दे देना चौंकाता भी है। अहीरवाल के यादव समुदाय से ही कैप्टन अजय सिंह यादव और राव दान सिंह भी आते हैं लेकिन उनकी पहचान क्रमशः हुड्डा विरोधी और हुड्डा समर्थक गुट से जुड़ी है।

लगभग दो दशक बाद कांग्रेस ने हरियाणा में गैर दलित नेता को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। पहले फूल चंद मुलाना, फिर अशोक तंवर, शैलजा और उदयभान प्रदेश अध्यक्ष रहे। इस दौरान कांग्रेस जाट और दलित के समीकरण से राजनीति करती रही, जबकि अल्पसंख्यक और ओ.बी.सी. वोट भी उसे मिलते रहे। हरियाणा में दलित कांग्रेस के परंपरागत वोटर माने जाते हैं। हालांकि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी दलित समुदाय से ही आते हैं लेकिन हरियाणा के दलितों को अपने साथ जोड़े रखने के लिए पार्टी को कुछ और साफ संदेश देना होगा, वर्ना भाजपा की सेंधमारी से बच नहीं पाएगी। वैसे नए प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के लिए भी प्रदेश संगठन बना पाना आसान नहीं होगा। हुड्डा के फिर नेता प्रतिपक्ष तथा राव नरेंद्र सिंह के नए प्रदेश अध्यक्ष बनने के बावजूद यह अंतर्कलह थमने वाली नहीं है। हरियाणा में प्रदेश से ले कर जिला-शहर स्तर तक संगठन बनाना दरअसल राहुल गांधी की निर्णय क्षमता की भी परीक्षा होगी, जो अपने करीबी समझे जाने वाले दिग्गजों को भी भाजपा में जाने से नहीं रोक पाए और पुराने विधायक दल नेता की ही फिर ताजपोशी करने में भी जिन्हें साल भर लग गया। यह रफ्तार सत्ता की दौड़ में कांग्रेस की बेहतर संभावनाओं का संकेत तो हरगिज नहीं देती।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

आज अपनी बातों को दूसरों पर थोपने से बचें। विवादित मुद्दों में उलझ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ मिलकर घर के कार्यों में हाथ बटायेंगे।

**वृषभ**

आज किसी को धन उधार में न दें अन्यथा नुकसान हो सकता है। नसों में खिंचाव की समस्या रहेगी। महिलाओं को घर में आज बहुत अधिक काम हो सकता है।

**मिथुन**

आज आलस्य और प्रमाद में समय बर्बाद न करें। स्वास्थ्य को लेकर अत्यधिक सचेत रहने की आवश्यकता है। लोग भावनाओं का निरादर कर सकते हैं।

**कर्क**

वित्तीय योजनाओं को आप समय देंगे। नयी योजनाओं पर आप काम कर सकते हैं। किसी पुराने मामले का निपटारा हो सकता है। आपमें प्रतिस्पर्धा की भावना रहेगी।

**सिंह**

अधूरे पड़े कार्यों को आज पूरा कर लेंगे। घर की व्यवस्था उचित बनी रहेगी। व्यवसाय में आप पार्टनरशिप को अत्यधिक महत्व देंगे।

**कन्या**

सन्तान की शिक्षा पर आप अत्यधिक ध्यान देंगे। नये विचारों को अपनाने में आप संकोच नहीं करेंगे। वैवाहिक सम्बन्ध मधुर रहेंगे।

**तुला**

तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छे अवसर मिल सकते हैं। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों के लिये दिन बहुत ही अच्छा है। अपने खर्चों पर नियन्त्रण रखें।

**वृश्चिक**

दिनचर्या व्यवस्थित और अनुशासित रखें। स्वास्थ्य समस्याओं से छुटकारा मिलेगा। प्रतिस्पर्धा के वातावरण में आप विरोधियों पर भारी पड़ेंगे।

**धनु**

दबाव के कारण घर में झगड़ा हो सकता है। सोच-विचार के ही कोई बड़ा निर्णय लें वरना आपको उसके लिये काफी परेशानी उठानी पड़ सकती है। उच्च शिक्षा में आप भाग लेंगे।

**मकर**

वाहन में खराबी आ सकती है। दोपहर के बाद आपका मन कुछ अप्रसन्न हो सकता है। जल्दबाजी के कार्यों के कारण आपको परेशानी होगी। पिता की सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ**

उच्चाधिकारियों के साथ अपने सम्बन्ध अच्छे रखें। कारोबार में सुधार कर सकते हैं। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में आशा के अनुरूप परिणाम मिलेंगे।

**मीन**

नये व्यवसाय की शुरुआत करना चाह रहे हैं तो सफलता मिलेगी। धर्म-कर्म के प्रति आपकी आस्था बढ़ेगी। घर में भाई-बहनों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी।

# बेगूसराय में अलग-अलग घटनाओं में दो की हत्या

## एक की सिर कुचलकर जबकि दूसरे की गोली मारकर हुई हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** अचार संहिता की घोषणा होते ही जिले में थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की निर्मम हत्या का अपराधियों ने अंजाम दिया है। जिसमे पहली वारदात चेरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र में एक मजदूर की सोए अवस्था में सिर कुचलकर हत्या कर दी गई। वहीं दूसरी घटना सिंघौल थाना क्षेत्र में शराब पार्टी के दौरान विवाद में एक युवक को गोली मार दी गई। दोनों घटनाओं से इलाके में सनसनी फैल गई है। ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। चेरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र के बसही पंचायत के मुसहरी टोला में देर रात एक मजदूर की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 47 वर्षीय राधे सहनी के रूप में हुई है, जो मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके दो बेटे और एक बेटी है। सुबह जब बेटी ने अपने पिता के कमरे में जाकर देखा तो राधे सहनी खून से लथपथ बिस्तर पर पड़े थे। परिजनों ने पुलिस को बताया कि हत्या से एक दिन पहले राधे सहनी का भट्टा ठेकेदार से मजदूरी के पैसों को लेकर विवाद हुआ था। इसी विवाद को लेकर हत्या की आशंका जताई जा रही है। दूसरी घटना सिंघौल थाना क्षेत्र के नागदह वार्ड नंबर-10 में सोमवार रात कुछ युवक शराब पार्टी कर रहे थे इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ। जिसके बाद एक युवक की बेरहमी से पिटाई कर गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्यारे शव को सड़क किनारे फेंककर फरार हो गए। मृतक की पहचान संतोष कुमार (35 वर्ष) के रूप में हुई है। जो मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बाघी वार्ड नंबर-25 निवासी अर्जुन महतो के पुत्र थे। संतोष ठेला (जुगाड़ गाड़ी) चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। सुबह मर्निंग वक पर निकले लोगों ने सड़क किनारे खेत में खून से लथपथ शव देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर सिंघौल थाना पुलिस पहुंची और जांच शुरू की। घटनास्थल से शराब की बोतलें और डिस्पोजेबल गिलास बरामद किए गए हैं। एसपी मनीष कुमार ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। अपराधियों की पहचान की जा रही है और जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

# मटिहानी का विकास ही पहली प्राथमिकता : विधायक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मटिहानी।** विधानसभा क्षेत्र के मणिअप्पा में स्वर्गीय कामदेव सिंह एवं स्वर्गीय रामसागर शर्मा स्मृति में रेड क्रास अस्पताल की चाहारदीवारी एवं स्मृति द्वार का उद्घाटन विधायक राजकुमार सिंह ने किया। उद्घाटन के उपरांत मटिहानी विधायक राजकुमार सिंह ने कहा कि आइओसीएल की मदद से 43 लाख की राशि से चाहारदिवारी का कार्य पूरा हुआ है। एवं इस अस्पताल में लगभग 8 करोड़ के राशि से भवन का भी निर्माण किया जाएगा। इस ऐतिहासिक क्षण पर महापौर पिंकी देवी, पूर्व मेयर संजय सिंह, मुखिया मुरारी कुमार, पूर्व मुखिया संजीव कुमार, पूर्व मुखिया गुलशन कुमारी, सरपंच मंटुन कुमार, भाजपा नेता सुरेश कुमार, जदयू नेता संजीव कुमार, कौशल कुमार, विपिन कुमार, प्रभाकर कुमार एवं मुकेश तांती सहित अनेक सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में आंगनबाड़ी सेविकाओं ने मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। पहले मतदान फिर जलपान, वोट हमारा है अनमोल, नहीं लेगें कोई मोल, मतदान है अधिकार हमारा, इससे बनता लोकतंत्र सारा, छोड़कर अपने सारे काम, पहले चलो करे मतदान, एक वोट से जीत हार, वोट न हो कोई बेकार,सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो आदि स्लोगन लगाते हुए पोषक क्षेत्र में भ्रमण कर मतदाताओं को वोटिंग करने के लिए जागरूक किया। एल एस कृष्णा कुमारी ने आसपास के मतदाताओं को प्रेरित कर 06 नवम्बर को होने वाले विधान सभा चुनाव के लिए बूथ पर भेजकर वोट डालने की अपील की गयी। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका सुलेखा कुमारी, अरूणा कुमारी, इंदू कुमारी, कमरून निशा बेग, कल्पना कुमारी, मीना कुमारी सहित अन्य मतदाता मौजूद थे।

### शहरो से हटाए गए बैनर पोस्टर

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सोमवार की शाम चुनाव आयोग द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद बलिया में लगाये गये सरकारी एवं राजनीतिक दलों के बैनर पोस्टर हटाने का कार्य देर शाम शुरू कर दिया गया है। जिसके तहत प्रखंड एवं अंचल, अनुमंडल, नगर परिषद, अस्पताल परिसर एवं सड़क किनारे लगाये गये विभिन्न राजनीतिक दलों के बैनर पोस्टर हटाने का कार्य तेज गति से शुरू कर दिया गया है। कर्मियों के द्वारा सभी बैनर पोस्टर को हटाया जा रहा है। वही आचार संहिता लगने के बाद राजनीतिक दलों में भी हलचल बढ़ गयी है। चुनाव की चर्चा आम हो गई है। विभिन्न चौक-चौडाहों से लेकर चाय की दुकानों पर चुनाव आयोग द्वारा दो चरण में चुनाव कराने की घोषणा को सराहा जा रहा है। बताया जाता है कि चुनाव आयोग के द्वारा आगामी 6 नवम्बर एवं 11 नवम्बर को चुनाव कराये जाने की घोषणा की है। जिसमें साहेबपुर कमाल विधानसभा में पहले चरण यानी 6 नवम्बर को चुनाव होगें। जबकि मतगणना 14 नवम्बर को होगे।

### तीन अधिवक्ताओं के निधन पर शोकसभा

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला वकील संघ के वरीय अधिवक्ता ब्रजनंदन प्रसाद साहू,अधिवक्ता मनोज कुमार व अधिवक्ता भुवनेश्वर प्रसाद सिंह के निधन पर मंगलवार को बलिया अनुमंडल अधिवक्ता संघ में शोकसभा आयोजित की गई।जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार यादव व संचालक महासचिव मणिशंकर यादव ने किया। सभी अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। महासचिव मणिशंकर यादव ने कहा वरीय अधिवक्ता ब्रजनंदन प्रसाद साहू जिला वकील संघ के पूर्व अध्यक्ष व एपीपी रह चुके है। अध्यक्ष अशोक कुमार यादव ने कहा हमारे जिला वकील के तीन अधिवक्ता का निधन हम सभी अधिवक्ताओं को झकझोर दिया है। हमलोग तीनो मृत अधिवक्ताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते है। शोकसभा के साथ ही संघ के सभी अधिवक्ता अपने को न्यायिक कार्य से अलग रखा। शोकसभा में एजीपी शिवनंदन सिंह, उपाध्यक्ष अनंत कुमार पोद्दार, अरूण शर्मा, मो खालिद, दिवाकर वर्धन, ब्रजेश सिंह, राजीव रंजन, अक्षयकान्त झा, रामनगीना सिंह, अमरेंद्र सिंह, अरबिंद सिंह, संजीव कुमार, बिजय पासवान, पवन पासवान सहित संघ के सभी अधिवक्ता मौजूद थे।

### चार स्मैक तस्कर गिरफ्तार

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना पुलिस एवं डीआईओ की संयुक्त टीम ने चार स्मैक तस्कर को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। साथ ही तस्करो के पास तलाशी लेने पर 800 ग्राम से ज्यादा स्मैक बरामद की है। जिसकी कीमत करीब 80 लाख रुपये बताई जा रही है। जिला आसूचना इकाई को सूचना मिली थी कि बलिया थाना क्षेत्र के बालाचक मोड़ से हुसैनी चक जाने वाली सड़क पर कुछ तस्कर स्मैक की खेप लेकर जा रहे हैं। सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने इलाके में घेराबंदी की और दो संदिग्धों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से अवैध मादक पदार्थ बरामद हुआ।पूछताछ में गिरफ्तार युवकों की पहचान रामानुज सिंह का बेटा कुणाल कुमार और मुकेश सिंह का बेटा छोटू कुमार, दोनों मटिहानी थाना अंतर्गत चाक गांव के रूप में हुई। दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने दो अन्य तस्करों रामदेव सिंह का बेटा मनोज सिंह और मनोज सिंह का बेटा रवीश कुमार को भी गिरफ्तार किया। सभी आरोपी मटिहानी थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपियों के नेटवर्क और सप्लाई चौन की जांच की जा रही है।

### विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय चौकी में समर्पित शिक्षक अजय कुमार को विदाई दी गई। जिन्होंने 19 वर्षो तक शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दिया।श्री कुमार जो कि शारीरिक शिक्षक के रूप में कार्यरत थे। अपनी सेवानिवृत्ति के बाद स्कूल से विदा ले रहे हैं। स्कूल के सभागार में आयोजित इस समारोह में छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों, ग्रामीणों और गरिमामयी अतिथियों ने भाग लिया। समारोह का आरंभ श्रीमती अनामिका कुमारी (प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, साहेबपुर कमाल) उमेश सिंह (प्राथमिक शिक्षक संघ के महासचिव) रामाशीष पाठक (प्राथमिक शिक्षक संघ के राज्य परिषद सदस्य) शैलेन्द्र यादव (अंचल मंत्री) रामविलाश यादव (पूर्व डीडी ओ एस कमाल एजाज रसूल (पूर्व लेखपाल सा कमाल) पवन पासवान (एम डी एम बीआरपी एस कमाल) समाजसेवी टुन्नी सिंह (कार्यक्रम के अध्यक्ष) और गरिमामयी अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। जिसके बाद छात्रों ने अतिथियों के लिए स्वागत गीत और अजय बाबू के सम्मान में एक प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत किया।प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने अपने संबोधन में अजय के समर्पण, अनुशासन और छात्रों के जीवन पर उनके सकारात्मक प्रभाव की सराहना की। उन्होंने कहा इतने वर्षों तक अजय ने न केवल खेल के क्षेत्र में अपितु शैक्षणिक विषयों का ज्ञान के साथ-साथ अपने छात्रों को जीवन के मूल्यों और नैतिकता से भी परिचित कराया। उनकी कमी हमेशा खलेगी। छात्रों ने भी अपनी भावनाएँ व्यक्त करते हुए कहा कि वे हमेशा उनके द्वारा सिखाए गए सबक को याद रखेंगे। रामाशीष पाठक के द्वारा मंच संचालन किया गया।

# शिवनगर गांव में कटाव निरोधक कार्य प्रारम्भ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** प्रखंड क्षेत्र के भवानंदपुर पंचायत अंतर्गत शिवनगर गांव में विगत दो दिनों पूर्व गंगा नदी से हुये कटाव को लेकर जल संसाधन विभाग के द्वारा गंगा कटाव से बचाव को लेकर कार्य शुरू कराये गये हैं। इस कटाव से शिवनगर गांव से पूरब ऐजेंडा संख्या 220.286.2025 के तहत कुतलूपुर पंचायत के वार्ड 4, 6 एवं 7 तथा शिवनगर पुराना डीह ग्राम में वर्ष 2024 में कराये गये। कटाव निरोधक कार्य के साथ टेगिंग कार्य जो करीब 12 करोड़ 40 करोड़ की लागत से कराया गया था वह पूरी तरह से ध्वस्त हो गये हैं। जो विभाग के लिये सरदर्द तो बना हुआ ही है। साथ ही यह ग्रामीणों के लिये मुसीबत लेकर आया है। रविवार देर शाम से जल संसाधन विभाग के द्वारा श्लोप कटिंग के साथ बांस, बल्ला, झांकी एवं बोरा से इस कार्य को कराया जा रहा है। कार्य में दर्जनों मजदूरों को लगाया गया है। जिसके द्वारा तेज गति से कटाव निरोधक कार्य किये जा रहे हैं। बताते चले की लागातार हो रहे गंगा कटाव से शिवनगर सहित शाहपुर, टिटहियां टोला, भवानंदपुर गांव के हजारों की आबादी को भी विस्थापन का डर सताने लगा है। वहीं जल संसाधन विभाग के सहायक अभियंता रामचंद्र चौरसिया ने बताया कि गंगा के जलस्तर में हुई वृद्धि के कारण कटाव शुरू हुये हैं। जिसकी रोकथाम के लिये फ्लड फाइटिंग के तहत कार्य कराये जा रहे हैं।

# सनातन धर्म मानव जीवन के सर्वांगीण उत्थान का आधार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज के पावन अध्यक्षता मे आज राम जानकी मंदिर, गोविंदपुर के प्रांगण में एक भव्य धर्म सभा का आयोजन किया गया। इससे पूर्व जगतगुरु शंकराचार्य गोविंदपुर में धर्मवीर चौधरी जी के निवास स्थान पर उपस्थित लोगों को अपना आशीर्वचन दिया। जहां धर्मवीर चौधरी ने शंकराचार्य का पूजन किया। तत्पश्चात जगतगुरु शंकराचार्य पंडित दयानंद मिश्रा के आवास पर पहुंचकर वहां उपस्थित लोगों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। राम जानकी मंदिर गोविंदपुर में आयोजित धर्म सभा में कामेश्वरसिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति



पंडित देवनारायण झा ने शंकराचार्य जी के पादुका का पूजन किया। श्री शंकराचार्य उत्सव समिति के सदस्य मुकुंद चौधरी ने इस अवसर पर स्वागत उद्बोधन दिया। इस अवसर पर शंकराचार्य जी महाराज ने अपने दिव्य आशीर्वचन में कहा कि सनातन धर्म केवल आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि मानव जीवन के सर्वांगीण उत्थान का आधार है। उन्होंने समाज से आग्रह किया कि धार्मिक आस्था के साथ-साथ संस्कार, सदाचार और राष्ट्रप्रेम को भी जीवन का अभिन्न अंग बनाया जाए। धर्म सभा में शंकराचार्य जी ने वर्तमान समय में धर्म, संस्कृति और शिक्षा के संरक्षण की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति धर्म को समझता है, तभी समाज में स्थायी शांति और समरसता स्थापित होती है। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे जिन्होंने शंकराचार्य जी के दर्शन एवं आशीर्वचन का लाभ उठाया। धर्म सभा का संचालन स्वामी प्रत्यक्चैतन्यमुकुन्दानन्द गिरि जी जबकि धन्यवाद ज्ञापन गोविंदपुर निवासी अनिल चौधरी जी ने किया। इस अवसर पर पंडित दयानंद मिश्रा, पंडित शिवाकांत मिश्रा, धर्मवीर चौधरी, मनोज कुमार झा पप्पू, अशोक झा, इंदल यादव, अनिल चौधरी, चंदन चौधरी, अमरदीप झा, मुकुंद चौधरी, गणेश मिश्र, हरखित चौधरी, गुड्डू चौधरी, गौतम झा, ललन जी चौधरी सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विधानसभा चुनाव को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** विधानसभा चुनाव की तिथि घोषित होते ही शिवाजीनगर प्रखंड में प्रशासनिक तैयारी तेज हो गई है। इसी क्रम में मंगलवार को शिवाजीनगर पुलिस प्रशासन द्वारा क्षेत्र में व्यापक स्तर पर फ्लैग मार्च निकाला गया। इसका उद्देश्य क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना और लोगों में निर्भीक होकर मतदान करने का माहौल तैयार करना था फ्लैग मार्च का नेतृत्व शिवाजीनगर थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने किया। यह मार्च थाना परिसर से आरंभ होकर शिवाजीनगर बाजार, मुख्य सड़क मार्ग, बस स्टैंड, डुमरा



मोहन, ठनका सहित कई ग्रामीण इलाकों से होकर गुजरा। इस दौरान लोगों को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव में सहयोग करने की अपील की गई। फ्लैग मार्च में स्थानीय पुलिस बल के साथ अर्धसैनिक बल (पैरा मिलिट्री फोर्स) के जवान भी शामिल थे। बलों ने पूरे क्षेत्र में पैदल गश्ती कर कानून-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि चुनाव को लेकर किसी भी प्रकार की असामाजिक या अफवाह फैलाने वाली गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है उन्होंने कहा कि सीमांचल और ग्रामीण इलाकों में सघन वाहन चेकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। पुलिस प्रशासन ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की जानकारी तुरंत स्थानीय थाने को दें, ताकि क्षेत्र में शांति और सौहार्द बना रहे। मौके पर पु अ नि प्रवीण कुमार, राजेश कुमार सहित कई पुलिस पदाधिकारी व जवान मौजूद थे।

# किसान समाज पार्टी (एस) ने पंकज पाण्डेय को नियुक्त किया प्रदेश संयोजक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** किसान समाज पार्टी (एस) ने बिहार में संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए पंकज कुमार पाण्डेय को पार्टी का बिहार प्रदेश संयोजक नियुक्त किया है। यह नियुक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एस.पी. मिश्रा (सत्य प्रकाश) द्वारा जारी मनोनयन-पत्र के माध्यम से की गई है। श्री पाण्डेय बक्सर जिले के उनवांस के निवासी हैं। उनको पूर्व राजनीतिक अनुभव के आधार पर यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी द्वारा उन्हें बधाई देते हुए यह अपेक्षा की गई है कि वे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे और अगले 30 दिनों के भीतर प्रदेश स्तर, जिला स्तर एवं प्रखंड स्तर पर संगठन का गठन कर पार्टी को अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करेंगे।

इस नियुक्ति से बिहार में किसान समाज पार्टी (एस) के संगठनात्मक ढांचे को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। श्री पांडेय के मनोनयन से लोग खुश है।

# विद्यालय शिक्षा समिति की बैठक में पठन-पाठन पर हुई चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** प्रखंड क्षेत्र स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय अतरूआ में मंगलवार को उक्त विद्यालय की शिक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष जगतारिणी देवी ने की। उक्त बैठक में सबसे पहले शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा की गई। जिसके संबंध में प्रधानाध्यापक विश्वनाथ साह के द्वारा सदस्यों को जानकारी दी गई कि मतदाता पुनरीक्षण कार्य समाप्ति के उपरांत उक्त कार्य में लगे विद्यालय के शिक्षकों के वापस लौटने के बाद पठन पाठन का माहौल बेहतर हुआ है। उसके बाद विद्यालय में संचालित प्रधानमंत्री पोषण योजना के क्रम में बर्तन की साफ-सफाई, खाद्यान्न की स्वच्छता तथा मशाला की गुणवत्ता पर सदस्यों ने संतोष जताया तथा विद्यालय में संचालित पोषण योजना के अंतर्गत माह सितम्बर में व्यय की गई राशि का अनुमोदन किया गया। शिक्षा समिति के सदस्यों ने विद्यालय परिसर में अवस्थित जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र का महीनों से चल रहे जीर्णोद्धार में संवेदक द्वारा लापरवाही के कारण हो रहे कच्छप गति से कार्य पर क्षोभ जताया। प्रधानाध्यापक विश्वनाथ साह, अध्यक्ष जगतारिणी देवी व सचिव रुक्मिणी देवी ने संयुक्त रूप से बताया कि उक्त आंगनबाड़ी केंद्र विद्यालय के परिसर में अवस्थित है। तथा इसका जीर्णोद्धार का काम महीनो से चल रहा है। इसके कारण उक्त आंगनबाड़ी केंद्र का आगे और पीछे दोनों द्वार खुला हुआ है। उक्त अवसर पर प्रधानाध्यापक, अध्यक्ष, सचिव के आलावा सदस्य आरती देवी, कविता देवी, रूक्मिणी देवी, हीरा देवी, संजीला देवी, विजय भारती आदि उपस्थित थे।

# आंगनबाड़ी केन्द्र पर गोदभराई कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मंगलवार को गोदभराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समारोह पूर्वक गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गई। एलएस कुमारी कृष्णा ने कहा कि गोदभराई भी एक संस्कार है। मां के गर्भ में पल रहे शिशु के सर्वांगीण विकास के लिए संतुलित आहार आवश्यक है। उपस्थित माताओं को गर्भवती महिला एवं बच्चों की देखभाल के लिए विस्तृत जानकारी दी गयी। सेविका ने बताया कि इस अवस्था में गर्भवती महिलाओं में रक्त की कमी हो जाती है। गोदभराई का मुख्य उद्देश्य गर्भावस्था के दिनों में बेहतर पोषण के संबंध में जानकारी देनी है। गर्भवती महिलाओं को अपने गर्भस्थ शिशु की उचित देखभाल करने के तौर तरीके तथा उचित खान पान के संबंध में बताया गया। माता एवं गर्भस्थ शिशु के बेहतर स्वास्थ्य एवं प्रसव के दौरान होने वाली संभावित जटिलताओं में कमी लाने लाने के लिए गर्भवती के साथ परिजनों को भी अच्छे पोषण पर ध्यान देने का आह्वान किया गया। बेहतर पोषण ही स्वस्थ बच्चे के जन्म में सहायक होने के साथ गर्भवती महिलाओं में मातृ मृत्यु दर में कमी भी लाता है। इस अवधि में गर्भवती महिलाओं को अधिक पोषक तत्वों की जरूरत होती है। उन्हें अपने भोजन में प्रोटीन, विटामिन, कार्बोहाइड्रेट के साथ वसा की जरूरत होती है। अपने भोजन में हरी पत्तेदार साग, सब्जी, सतरंगी फल, दाल, सूखे मेवे एवं दूध को शामिल करने की अपील की। इसके सेवन से आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति आसानी से हो जाती है। सेविका गर्भवती महिला को परंपरागत तौर पर लाल चुनरी ओढाकर गोदभराई की। गर्भवती महिला को अनाज, फल, सब्जी, आयरन फोलिक एसिड एवं आयरन के टेबलेट सहित अन्य विटामिन युक्त सामग्री से गोदभराई की गयी।मौके पर सेविका मीना कुमारी, शकीला बेगम, जीवछ कुमारी, गीता कुमारी, रोजी खातुन, इंदु कुमारी आदि सहायिका एवं अभिभावक महिला ने शिरकत किया।

### मंदिर से पूजा कर लौट रही महिला को पीटा

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गौरीचक थाना क्षेत्र के उष्फा गांव में सोमवार की शाम मंदिर से पूजा कर लौट रही एक महिला के साथ अमानवीय बर्ताव का मामला सामने आया है. आरोप है कि गांव के ही एक दंपति ने महिला को बेवजह गाली-गलौज करते हुए बाल पकड़कर बेरहमी से पीटा. मारपीट के दौरान महिला के कपड़े तक फाड़ दिए गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई. गांव के लड़के दौड़े और महिला की जान बचाई जा सकी। ग्रामीणों का कहना है कि अगर मौके पर कुछ युवक नहीं पहुंचे होते, तो स्थिति और भी भयावह हो सकती थी. घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है।

# महिंद्रा बोलेरो से पांच लाख की विदेशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कामयाबी**

**आरा।** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया के आदेश पर मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी एवं वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, रजनीश को गुप्त सूचना मिली की एक महिंद्रा बोलेरो से भरी मात्रा में विदेशी शराब उत्तर प्रदेश से सोनपुर ले जाया जा रहा है। निरीक्षक प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम बनायी गई। टीम को मंगलवार अहले सुबह बक्सर पटना फोरलेन पर कुल्हड़िया टोल प्लाज़ा के पास, थाना कोइलवर, भोजपुर में एक महत्वपूर्ण सफलता मिली। टीम शक के आधार पर एक महिंद्रा बोलेरो को रोका। जांच करने पर वाहन के अंदर से भरी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया। वाहन के चालक वैशाली जिला के दिवान टॉक निवासी रूपेश कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वाहन से 180 एमएल का 1440 पीस टेट्रापैक, 750 एमएल का 48 बोतल, कुल 1488 पीस में 295.200 लीटर जप्त किया गया। जप्त शराब का बाजार मूल्य करीब 5 लाख के करीब आंका गया। जप्त शराब को उत्तर प्रदेश से सोनपुर ले जाया जा रहा था। छापेमारी दल में निरीक्षक प्रकाश चंद्र, अवर निरीक्षक शिवम कुमार झा, सहायक अवर निरीक्षक रवि कुमार, सहायक अवर निरीक्षक सोनाली कुमारी, मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे।

# शिवाजीनगर प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर मंगलवार को गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और देखभाल से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। कार्यक्रम में महिला पर्यवेक्षिकाओं ने विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का भ्रमण कर गोद भराई की रस्म पूरी करवाई। आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं ने पारंपरिक तरीके से गर्भवती माताओं का



तिलक, आरती एवं मिठाई खिलाकर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को पौष्टिक आहार, आयरन, फोलिक एसिड और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई इस मौके पर महिला पर्यवेक्षिका ने बताया कि यह कार्यक्रम पोषण अभियान के तहत आयोजित किया गया है, जिसका उद्देश्य गर्भवती माताओं में कुपोषण की समस्या को समाप्त करना और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से न केवल माताओं में जागरूकता बढ़ती है, बल्कि समुदाय में स्वास्थ्य और पोषण के प्रति सकारात्मक संदेश भी जाता है आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपस्थित स्थानीय महिलाएं और बच्चे भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी ने मिलकर गर्भवती माताओं को शुभकामनाएं दीं और स्वस्थ शिशु जन्म की कामना की।

## संक्षिप्त समाचार

### हेपेटाइटिस बी के संक्रमण से बचाव के लिए स्वास्थ्य कर्मियों को लगाया गया टीका

**रक्सौल (पूर्वी चम्पारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आदापुर प्रखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आदापुर के स्वास्थ्य कर्मियों को मंगलवार को हेपेटाइटिस बी का टीका लगाया गया स्वास्थ्य विभाग हेपेटाइटिस बी जैसे जानलेवा बीमारी के संक्रमण से बचाव हेतू स्वास्थ्य विभाग विशेष टीकाकरण अभियान चला रही है, सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संतोष कुमार सिन्हा ने हेपेटाइटिस बी का टीका लेकर शुरूआत की, उन्होंने बताया कि हेपेटाइटिस बी का टीका लिवर के एक गंभीर संक्रमण हेपेटाइटिस बी वायरस से बचाता है और इसे ऊपरी बांह में इंजेक्शन के रूप में दिया जाता है एवं सभी स्वास्थ्य कर्मियों को लिए हेपेटाइटिस बी का टीका लेना अनिवार्य किया गया है टीका लेने वाले स्वास्थ्य कर्मी में स्वास्थ्य प्रबंधक संजय शर्मा,बीएमएंडई अजय शंकर सिंह,वरीय उपचार पर्यवेक्षक पप्पू कुमार राय, काउंसलर गुड्डू कुमार,सीएचओ विक्रम रेवाला, दीपांशु मालव, पुनीत शर्मा, एएनएम सुहानी प्रिया,नीलम सिंह समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने टीका लिया।

### आदापुर थाना में नये प्रभारी की आगमन धर्मवीर कुमार चौधरी का विदाई

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों को बक्शा नहीं जाएगा, शराब माफिया भी सावधान रहें उक्त बातें आदापुर थाना प्रभारी पप्पू कुमार पासवान ने आदापुर थाना के कमान संभालते वक्त कहीं, उन्होंने का कि भारत नेपाल सीमा क्षेत्र का अतिसंवेदनशील इलाका होने के कारण विशेष चौकसी बरतने का अपने जवानों को आदेश दिया, ताकि समस्या उत्पन्न न हो, उनके थाने में पदस्थापित होने के बाद आरजेडी के नेता राजीव कुमार ने पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया वहीं दूसरे ओर पूर्व थानाध्यक्ष धर्मवीर कुमार चौधरी को थाना परिसर में ग्रामीण पुलिस एवं पुलिस कर्मियों के द्वारा सम्मान



समारोह का आयोजन कर अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया,बारी बारी से लोगों ने फुल की मालाओं को पहना कर स्वागत किया,इनके कार्य से प्रभावित चौकिदारो में भरत के आंखों में आसूं थे , जिन्होने अपने सेवा काल में सक्रिय रुप में कार्य किए, परिसर क्षेत्र में पुलिस कर्मियों की उपस्थिति में विदाई समारोह सोमवार के शाम सम्पन्न हुई।

### नौ में से पांच विधानसभा क्षेत्रों का होगा जिला मुख्यालय में नामांकन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में द्वितीय चरण चुनाव को लेकर नौ में से पांच विधानसभा क्षेत्रों का नामांकन जिला मुख्यालय में हीं होगा। जबकि बगहा व नरकटियागंज अनुमंडल मुख्यालय में दो दो विधानसभा क्षेत्रों का नामांकन होगा। जिन विधानसभाओं का जिला मुख्यालय में नामांकन होगा उसमें वाल्मीकिनगर के अभ्यर्थी जिला पंचायती राज पदाधिकारी सौरभ आलोक के कार्यालय कक्ष में, लौरिया विधानसभा के अभ्यर्थी अपर समाहर्ता विभागीय जांच कुमार रविंद्र के कार्यालय कक्ष में, चनपटिया विधानसभा के अभ्यर्थियों का नामांकन उप विकास आयुक्त सुमीत कुमार के कार्यालय कक्ष में, बेतिया विधानसभा क्षेत्र. के अभ्यर्थियों का नामांकन अनुमंडल पदाधिकारी सदर विकास कुमार के कार्यालय कक्ष में तथा नौतन विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थियों का नामांकन बेतिया डीसीएलआर शिवमगुप्ता के कार्यालय कक्ष में किया जायेगा। जबकि रामनगर(सु.) विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थियों का नामांकन डीसीएलआर बगहा अंजेलिका कति के कार्यालय कक्ष व बगहा विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थियों का नामांकन बगहा एसडीएम गौरव कुमार के कार्यालय कक्ष में संपन्न होगा। वहीं नरकटियागंज विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थी नरकटियागंज एसडीएम सूर्यकुमार गुप्ता के कार्यालय कक्ष में तथा सिकटा विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थी नरकटियागंज डीसीएलआर चंद्रशेखर कुमारन के कार्यालय कक्ष में संपन्न होगा।

### एनसीपी शरद गुट भी लड़ेगा चुनाव

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद चंद्र पवार के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता और जिला प्रभारी प्रो परवेज आलम ने कहा है कि हमारी पार्टी राष्ट्रीय और राज्य में इंडिया गठबंधन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इंडिया गठबंधन के वोटों का बंटवारा न हो इसलिए सभी दल को एकजुट होकर लड़ना चाहिए। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार साहब ने इंडिया गठबंधन के बड़े नेताओं से बिहार विधान सभा चुनाव में गठबंधन में लड़ने के लिए कुछ सीटें मांगी थी जिसमें पश्चिमी चंपारण और कटिहार से एक एक सीट की भी मांग की गई थी। परंतु अब सीट बंटवारा लगभग फाइनल स्थिति में है ।और हमारी पार्टी को इंडिया गठबंधन में जगह नहीं मिल पाई है । ऐसे स्थिति में पार्टी बिहार में कम से कम एक सौ सीटों पर पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगी। इस जिले के सभी नौ सीटों पर पार्टी चुनाव लड़ेगी। जिसके लिए उम्मीदवारों का चयन शुरू हो चुका है।

### पूर्व विधायक प्रतिनिधि संदीप सिंह ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात, दिया आर्थिक सहयोग

**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व विधायक मनोरंजन कुमार सिंह उर्फ. धूमल सिंह के प्रतिनिधि एवं उनके ज्येष्ठ पुत्र संदीप सिंह उर्फ. मन्नू मंगलवार को एकमा प्रखंड के आमदाढ़ी गांव पहुंचे। वहां बीते दिनों अतिवृष्टि के कारण दीवार गिरने से 75 वर्षीया तिजिया कुंवर की हुई मौत की सूचना मिलते ही वे स्वयं समर्थकों सहित पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने



परिजनों को ढांढस बंधाते हुए आर्थिक सहायता प्रदान की तथा आश्वासन दिया कि परिवार की हर संभव मदद की जाएगी। संदीप सिंह ने कहा कि मेरे पिताजी आमदाढ़ी को अपना ही गांव मानते हैं। एकमा, मांझी व लहलादपुर प्रखंड हमारा परिवार के समान हैं। आप हमें अपना सेवक समझें, जो भी कार्य संभव होगा, हम हर समय आपके साथ खड़े हैं। इस अवसर पर पूर्व मुखिया ओमप्रकाश सिंह, वार्ड नंबर 11 के सदस्य रामानंद राम, वार्ड नंबर 12 के सुशील कुमार मंटू, मंटू सिंह, कामेश्वर सिंह, फजलू हुसैन, वार्ड सदस्य संघ एकमा प्रखंड के अध्यक्ष अभिषेक सिंह उर्फ. मुन्ना सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### डिवाइडर से टकरायी कार, उड़े परखच्चे

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बगहा बेतिया मुख्य सड़क पर छोटकी पट्टी बड़गांव के पास सोमवार की देर रात एक कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और वाहन सड़क पर कई बार पलट गया। इस हादसे में कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।स्थानीय लोगों की माने तो कार बगहा की ओर से आ रही थी और चौतरवा की दिशा में जा रही थी। जैसे ही कार छोटकी पट्टी के पास पहुंची, वाहन अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर के बाद कार चार से पांच बार पलटी मारते हुए सड़क किनारे जा रुकी। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को वाहन से बाहर निकाला और घटना की सूचना नगर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां दो कि गंभीर हालत बताई जा रही जो बेहतर इलाज के लिए बेतिया रेफर किया गया । नगर थाना पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार को अपने कब्जे में ले लिया है और पूरे मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है।

### प्रसव के दौरान निजी क्लिनिक में जच्चा बच्चा की मौत, हंगामा

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के एक निजी क्लिनिक में प्रसव के बाद एक जच्चा बच्चा की मौत हो गई। घटना नगर के पुरानी बाजार स्थित आर ए हेल्थ केयर हॉस्पिटल की है। मृत महिला की पहचान नगर के वार्ड संख्या 12 प्रकाशनगर निवासी संदीप साह की 27 वर्षीय पत्नी रानी देवी के रूप में हुई है।घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल मे ही हंगामा शुरू कर दिया। इसपर क्लीनिक के स्टाफ व डॉ के समर्थकों ने परिजनों से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान शिवगंज निवासी सूरज कुमार नामक एक युवक का सिर फट गया। हल्ला हंगामा देख रास्ते से गुजर रही डायल 112 की टीम भी घटनास्थल पर रुकी। पुलिस वालों ने पूछताछ भी की। लेकिन मृतका के परिजनों ने पुलिस से शिकायत नही की और पुलिस वापस लौट गई। इस बीच कुछ लोगो ने पहल कर मामले को शांत करा दिया। बाद में परिजन शव को लेकर बिना पोस्टमार्टम के ही अपने घर चले गए। बताया जाता है कि प्रकाशनगर की महिला डिलिवरी को लेकर सरकारी अस्पताल में आई थी। लेकिन सरकारी अस्पताल की कतिपय आशा कार्यकताओं ने महिला व परिजनों को बहलाकर निजी अस्पताल में ले गई।

# निवार्ची पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी ने बैठक

**बैठक में सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारी भी रहे उपस्थित**




**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के द्वारा समाहरणालय स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद सभा भवन में पूर्वी चंपारण जिला के सभी 12 विधानसभाओं के निवार्ची पदाधिकारी एवं सहायक निवार्ची पदाधिकारियो के साथ बैठक कर बिहार विधानसभा आम निर्वाचन- 2025 के तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त, पारदर्शी एवं सहभागिता पूर्ण वातावरण में बिहार विधानसभा निर्वाचन संपन्न करने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है।जिलाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रेस नोट जारी होते ही जिला में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। इसका अक्षरशःअनुपालन का निर्देश दिया गया तथा इसकी अवहेलना या उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विधि सम्मत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। आयोग के निर्देश के अनुसार किसी भी मतदाता या मतदाताओं के पॉकेट्स को डराने धमकाने अथवा प्रलोभन के विरुद्ध सघन अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन व्यय के अनुश्रवण के लिए टीम 24 घंटे सक्रिय रहेगी। इसके लिए कंट्रोल रूम नंबर भी जारी किए गए हैं। चुनाव के दरमियान एसएसटी एवं फ्लाइंग स्क्वायड लगातार क्रियाशील रहेगा। सेक्टर पदाधिकारी, उत्पाद विभाग की टीम, वीडियो व्यूइंग टीम भी सतत क्रियाशील रहेगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा निर्वाचन के सुचारू रूप से संचालन के लिए सभी कोषांगों के वरीय एवं नोडल पदाधिकारी निर्धारित दायित्वों का अनुपालन करते हुए अंतकोर्षगीय समन्वय के साथ चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराएंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि चुनाव का हर एक चरण अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। नाम निर्देशन, संविक्षा, अभ्यर्थिता वापसी, प्रतीक चिन्ह आवंटन, मतदान, मतगणना सहित निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया की समाप्ति तक सभी पदाधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरसह अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। जिलाधिकारी के द्वारा उत्कृष्ट कम्युनिकेशन प्लान बना लेने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सुगम एवं समावेशी चुनाव कराने के लिए सभी कदम उठाए जा रहे हैं। जिला प्रशासन लोकतंत्र के इस उत्सव को एक सुखद अनुभव बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। सभी मतदान केंद्रों पर रैंप की सुविधा, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, शौचालय, बिजली, साइनेज, हेल्पडेस्क आदि की व्यवस्था रहेगी। डीएम ने कहा कि दिव्यांगजन मतदाताओं एवं वरिष्ठ मतदाताओं की जरूरातों के प्रति प्रशासन जागरुक एवं सतर्क है एवं उनके लिए सुलभ चुनाव सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप फ्री एंड फेयर चुनाव के सभी पहलुओं को सुनिश्चित करने के लिए बड़े पैमाने पर टेक्नोलॉजी का भी उपयोग किया जा रहा है। मतदाताओं के लिए वोटर हेल्पलाइन ऐप की सुविधा उपलब्ध है। जिलाधिकारी के द्वारा विधानसभाओं के निवार्ची पदाधिकारियो को नामांकन प्रक्रिया की पूर्ण तैयारी कर लेने का निर्देश दिया गया और नामांकन के दौरान अपनाई जाने वाली सभी प्रक्रियाओं का सावधानी से अनुपालन करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी के साथ नगर आयुक्त,अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, सभी छः अनुमंडल के अनुमंडल पदाधिकारी, डीसीएलआर, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मशाल प्रतियोगिता में स्टेट टॉपर आये आदित्य को किया गया सम्मानित

**मैनाटाड़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सूबे की राजधानी पटना में आयोजित मशाल खेल प्रतियोगिता में डयूज बॉल थ्रो में स्टेट चौंपियन होने पर हाई स्कूल मैनाटाड़ के नवम वर्ग के छात्र आदित्य कुमार यादव को विद्यालय परिवार की ओर से मंगलवार को सम्मानित किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक हरि प्रकाश पांडेय, शारीरिक शिक्षक अखिलेश्वर चौधरी,शिक्षक प्रवीण रजनीश, लिपिक विनोद कुमार,शिक्षक मोहित श्रीवास्तव सहित अन्य शिक्षकों और कर्मियों ने ड्यूज बॉल थ्रो में छात्र आदित्य कुमार यादव के पूरे बिहार में प्रथम स्थान लाकर चौंपियन बनने पर खुशी जाहिर किया।साथ ही कहा कि आदित्य कुमार यादव के इस उपलब्धि से मैनाटाड़ का नाम रौशन हुआ है। इससे अन्य छात्र छात्राओं को प्रेरणा लेने की जरूरत है। मौजूद शिक्षकों ने छात्र आदित्य कुमार को उत्साहवर्धन करते हुये उसे कलम, डायरी देकर मेडल पहनाया।साथ ही मिठाई भी खिलायी।



## दोस्तों के साथ सिजुआ नदी में नहाने गया 15 वर्षीय किशोर डूबा, खोजबीन जारी

**गोताखोर व ग्रामीणों की मदद से किशोर की तलाश जारी, एसडीआरएफ की टीम का इंतजार**

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारगंज थाना क्षेत्र के रसुलपुर गांव स्थित सिजुआ नदी की उपधारा में मंगलवार को दोस्तों के साथ नहाने के दौरान एक 15 वर्षीय किशोर डूब गया। डूबे हुए किशोर की पहचान सेमरा सगरदिना गांव निवासी शेख वोजैर के पुत्र आरीफ आलम के रुप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही शिकारगंज पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर घटना की पूरी जानकारी लेने मे जुटी हैं। बताया जा रहा है कि घटना के वक्त वह अपने चार दोस्तों के साथ नदी किनारे स्नान कर रहा था। इसी क्रम में वह नदी के तेज बहाव के कारण काफी गहरे पानी में चला गया और डूब गया। बाकी दोस्तों के द्वारा शोर मचाने पर गोताखोर तथा ग्रामीणों ने लगभग दो घंटे तक नदी मे खोजबीन किया लेकिन किशोर का कुछ भी पता नहीं चल सका। सूचना मिलने पर राजस्व कर्मचारी सुरजीत कुमार ने वहां पहुंच कर घटना की जानकारी ली। उन्होंने इसकी सूचना चिरैया सीओ आरधना कुमारी को दिया। जिसके बाद सीओ ने घटनास्थल पर पहुंच कर जिला आपदा से एसटीआरएफ की टीम की मांग की। डूबने के बाद नदी की तेजधारा में किशोर आरिफ के बह कर दूर चले जाने की आशंका ग्रामीण जता रहे है। आरिफ दो भाई व दो बहन में सबसे छोटा था। वह सेमरा सगरदिना गांव स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में पांचवीं कक्षा का छात्र था। समाचार प्रेषण तक एसटीआरएफ की टीम घटनास्थल पर नहीं पहुंच पाई थी। वही घटना की जानकारी मिलते ही किशोर आरिफ की मां अनवरी बेगम का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। उक्त घटना की जानकारी सेमरा सगरदिना के सरपंच मो. कमरुद्दीन ने दी। उन्होंने कहा किशोर की डूबने से मौत होने की आशंका है।



## 75 कार्टन विदेशी शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस टीम ने मंगलवार की तड़के छापेमारी कर 75 कार्टन विदेशी शराब के साथ तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद पुलिस ने तीनों को जेल भेज दिया है। एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि पिकअप पर छुपा कर लाई जा रही 75 कार्टन (648 लीटर) विदेशी शराब कुमारबाग थाना क्षेत्र से जब्त किया गया है। इस मामले में शिकारपुर थाना क्षेत्र के कुकुरा निवासी मनीष साह, ओदरवा पंचमवा निवासी मोहम्मद करमुल्लाह व नौतनवा निवासी पिकअप चालक सद्दाम हुसैन को गिरफ्तार किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि कुमारबाग थानाध्यक्ष ऋतुराज जायसवाल को रात करीब दो बजे गुप्त सूचना मिली कि उत्तर प्रदेश से केला लादकर एक उजले रंग के पिकअप आ रहा है। जिसके भीतर शराब छुपा कर रखी गई है। थानाध्यक्ष ने इसकी सूचना एसएसपी को दिया। एसएसपी ने एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम गठन किया। टीम कैथवलिया चौबे टोला रोड में छापेमारी कर पिकअप समेत शराब जब्त कर ली। छापेमारी टीम में एसडीपीओ के अलावा तकनीकी शाखा प्रभारी अमर कुमार, बानुछापर थानाध्यक्ष बबलू कुमार, कुमारबाग थानाध्यक्ष रितुराज जायसवाल, मनुआपुल थानाध्यक्ष रवि कुमार, कुमारबाग थाना के दारोगा राघवेंद्र प्रताप, सिपाही रोहित कुमार, विनोद कुमार, गृहरक्षक मोहम्मद हारुन आदि शामिल रहे।



## विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी हटाए गए बैनर पोस्टर

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही नगर में लगाए गए बैनर, पोस्टर एवं होर्डिंग आदि को प्रशासन द्वारा हटवाया गया। सोमवार की शाम विधानसभा चुनाव अधिसूचना जारी होने के बाद देर रात तक बैनर व पोस्टर हटाने का कार्य प्रशासन ने किया। सीओ सुधांशु शेखर ने बताया कि विधानसभा चुनाव का अधिसूचना जारी हो गयी है। अधिसूचना जारी होने के साथ ही अचार संहिता लागू हो गयी है। आदर्श आचार संहिता का पालन हो इसके लिए तमाम चौक चौराहा एवं विभिन्न मार्गो व पोल पर लगाए गए प्रत्याशियों का बैनर, पोस्टर व होर्डिंग आदि को उतार कर हटवाया गया। उन्होंने बताया कि प्रत्याशि भी अपना बैनर व पोस्टर खुद से हटा लें।

## महापौर की बढ़ी मुश्किलें, नगर विकास विभाग ने मांगा जबाब

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर निगम में आरोप प्रत्यारोप के बीच अब निगम महापौर गरिमा देवी सिकारिया की मुश्किलें बढ़ गयी है। नगर विकास एवं आवास विभाग के परियोजना पदाधिकारी सह अपर निदेशक ने महापौर गरिमा देवी सिकारिया को पत्र भेजकर जबाब मांगा है। अपर निदेशक ने महापौर से सात दिनों के भीतर जवाब देने को कहा है। यह कार्रवाई विभागीय जांच समिति की अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर की गई है। विदित हो कि सांसद डा. संजय जायसवाल, उपमहापौर गायत्री देवी और अन्य पार्षदों की शिकायत पर अपर सचिव के नेतृत्व में पांच सदस्यीय जांच समिति गठित की गई थी। समिति ने अपनी रिपोर्ट में महापौर पर कई गंभीर आरोप लगाया है। अपर निदेशक ने महापौर को भेजे गये पत्र में उल्लेख किया है कि महापौर श्रीमती सिकारिया पर नियमित बैठकों का आयोजन न करना, स्थाई समिति के कार्य संचालन नियमों की अवहेलना, गोपनीय सूचनाओं को सोशल मीडिया पर प्रसारित करना और अंकेक्षण के निर्देशों की अनदेखी शामिल हैं। विभागीय पत्र में कहा गया है कि महापौर द्वारा अपने पद और दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही एवं अनियमितता बरती गई है। बिहार नगरपालिका अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत नियमानुकूल कार्रवाई की जाए। महापौर को भेजे गए कारण बताओं नोटिस में कहा गया है कि विगत तीन अक्टूबर को जांच समिति ने महापौर पर लगे आरोपों की जांच की।

## विधानसभा चुनाव को लेकर कोषांग का गठन, बनाए गए चार एआरओ

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधान सभा चुनाव को लेकर कोषांग का गठन कर दिया गया है। उक्त जानकारी 03 नरकटियागंज विधान सभा आरओ सह एसडीएम सूर्यप्रकाश गुप्ता ने देते हुए बताया कि निष्पक्ष एवं भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने के लिए प्रशासन कटिबद्ध है। उन्होंने बताया कि 03 विधान सभा के लिए 16 कोषांग गठित किए गए है। इसमें बीडीओ सूरज कुमार, सीओ सुधांशू शेखर , ईओ उपेन्द्र कुमार सिंहा एवं लौरिया सीओ नितेश कुमार सेठ एआरओ बनाए गए है। सभी अधिकारियों को नाम निर्देशन कोषांग की जिम्मेवारी भी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी सुमंत राज को कार्मिक कोषांग का नोडल बनाया गया है। वहीं ईवीएम, स्वीप एवं एएमएफ कोषांग का नोडल बीडीओ सूरज कुमार सिंह को बनाया गया है। इसी तरह वाहन कोषांग का नोडल सीओ सुधांशू शेखर को, हेल्प डेस्क कोषांग का नोडल श्रन प्रवर्तन पदाधिकारी रूपेश कुमार , विधि व्यवस्था एवं आचारसंहिता कोषांग का नोडल पदाधिकारी अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी ओमप्रकाश सिंह , सामग्री प्रबंधन कोषांग के पदाधिकारी अनुमंडल कृषि पदाधिकारी संतोष कुमार को बनाया गया है। वही एमओ दीपक कुमार को कार्मिक कल्याण प्रबंधन का नोडल अधिकारी बनाया गया है। मीडिया कोषांग, एकल खिड़की एवं प्रेक्षक कोषांग की जिम्मेवारी सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी सौरव कुमार को सौंपी गई है। शिकायत अनुश्रवण एवं व्यय लेखा कोषांग के प्रभारी अवर निबंधन पदाधिकारी रामकृष्ण एवं नियंत्रण कक्ष कोषांग की पदाधिकारी मैनाटाड की एमओ सुप्रिया कुमारी को बनाया गया है।

## हड़ताल समाप्त कर वापस लौटे कार्यपालक सहायक

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड सह अंचल समेत अनुमंडल के सभी कार्यपालक सहायकों ने अपना भूख हड़ताल समाप्त कर मंगलवार को अपने कार्य पर लौट गए है। मंगलवार को कार्यपालक सहायक विकास कुमार, राजनं कुमार, राहुल देव रंजन, मो. नुरुल्लाह, अंतिमा कुमारी, सलोनी कुमारी, कविता कुमारी आदि ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुचकर बीडीओ सूरज कुमार सिंह के समक्ष अपना योगदान किया । कार्यपालक सहायकों ने बताया कि संघ के आवाहन पर तीन एवं चार अक्टूबर को अपनी प्रमुख मांगो को लेकर दो दिवसीय सामूहिक अवकाश पर थे। वही सोमवार से संघ ने भूख हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया था। हालांकि विधानसभा चुनाव को लेकर अचार संहिता लागू होने के पश्चात संघ के निर्णय पर सभी कर्मियों ने हड़ताल समाप्त कर दिया है।

## हिंदू नवजागरण मंच का प्रखंड स्तरीय मंगल मिलन सम्मेलन आयोजित

**मां भारती को पुनः विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठित करने का लिया गया संकल्प**

**चिरैया(पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड अंतर्गत मधुबनी पंचायत के शीतलपट्टी (पश्चिमी टोला) गांव स्थित कबीर मठ में मंगलवार को हिन्दू नवजागरण मंच के तत्वाधान में प्रखंड स्तरीय मंगल मिलन सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिला के कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश कुमार ने कहा कि हिन्दू नवजागरण मंच सहित देश के सभी धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संगठनों को आगे आकर मां भारती को एक बार पुनः विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठित करने का संकल्प लेने की आवश्यकता है। वही सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए राम बहादुर सिंह ने कहा कि राम राज्य लाने के उद्देश्य से ही हिन्दू नवजागरण मंच की स्थापना की गयी है। उन्होंने कहा कि रामराज्य का लक्ष्य समृद्ध व स्वाभिमानी भारत यानि सुखमय समाज की स्थापना करना है। सम्मेलन में आध्यात्मिक सत्र में पर्व त्योहार में आई विसंगतियों पर जिला सचिव शंभू प्रसाद जायसवाल, स्वास्थ्य सत्र में मनोहर सिंह ने योगाभ्यास के अंतर्गत पवनमुक्तासन, औषधि सत्र में जिला कोषाध्यक्ष राजेश्वर सिंह ने तुलसी पर चर्चा तथा सामाजिक सत्र में संत प्रसाद सिंह व लालबाबू प्रसाद गुप्ता ने विवाह के दौरान आई कुप्रथा के संबंध में, धार्मिक सत्र में ब्रह्मानंद सिंह ने विस्तार से चर्चा की। धन्यवाद ज्ञापन मधुबनी पंचायत के सरपंच सतेंद्र सिंह ने किया।



## बाढ़ से नदियां उफान पर, विधायक ने मुख्यमंत्री से बाढ़ राहत की मांग की

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लगातार बारिश के बाद नेपाल के पहाड़ी नदियों के पानी से भारतीय क्षेत्र के नदियों में पानी की भारी इजाफा हुई हैं, यहां की नदियां पसाह, कड़ियां, मरधर,बगरी सभी नदियां अपने उफान पर है चारों तरफ बाढ़ की स्थिति बनी हुई है, तथा बाढ की पानी जमने से घान की फसलें पुर्ण रूप से छती हो गई है,बाढ़ की पानी श्यामपुर गांव, मूर्तियां, कोरैया, नकरदेई, भलुअहिया, भवनरी, ठकुराई टोला मूर्तियां, औरैया, जमुनभार सहित दर्जनों गांवों के सरेह में पानी की जमावड़ा है, वहीं श्यामपुर बाजार के मछली हटटा की सड़क पर एक बी पानी बह रही है, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के परिसर तलाब नुमा की स्थिति है जहां आम पिडित व्यक्तियो को इलाज कराने के क्रम आने जाने में काफी दिक्कत हो रही है,बाढ़ की समस्या को लेकर स्थानीय भाजपा विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा ने एक चिट्ठी मुख्यमंत्री नितीश कुमार को भेज कर बताया है कि रक्सौल व आदापुर में बाढ की समस्या बरकरार है जिसे बाढ़ क्षेत्र घोषित किया जाए, नितेश कुमार पटेल, लाल बाबू सिंह, जिलाध्यक्ष अशोक कुमार पाण्डेय, राजेश कुमार गुप्ता ने विधायक को इस कार्य को देखते हुए शुभकामनाएं दी।



## एमजीसीयू के शिक्षकों की अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि, विश्व के शीर्ष 2% वैज्ञानिकों में शामिल हुए विश्वविद्यालय के चार शिक्षक

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक और अनुसंधान उत्कृष्टता के बल पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान बनाई है। विश्वविद्यालय के चार प्रख्यात शिक्षकों- प्रोफेसर देवदत्त चतुर्वेदी, प्रोफेसर सुजीत कुमार चौधरी, डॉ. राम प्रसाद तथा डॉ. अखिलेश कुमार सिंह को विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में स्थान प्राप्त हुआ है। यह सूची अमेरिका के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय और एल्सेवियर के संयुक्त प्रयास से 25 सितंबर 2025 को जारी की गई है।



प्रोफेसर देवदत्त चतुर्वेदी, जो भौतिक विज्ञान स्कूल के संकायाध्यक्ष हैं, को लगातार तीन वर्षों- 2022, 2023 और 2024 में एडी साइंटिफिक इंडेक्स द्वारा जारी विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल किया गया है। उनका यह चयन उनके दीर्घकालिक शोध योगदान, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सतत अकादमिक उत्कृष्टता का प्रमाण है । वहीं, प्रोफेसर सुजीत कुमार चौधरी, जो सामाजिक विज्ञान स्कूल के संकायाध्यक्ष एवं समाजशास्त्र विभाग के शिक्षक हैं, को भी वर्ष 2026 की एडी साइंटिफिक इंडेक्स सूची में स्थान मिला है। इसके अतिरिक्त उन्हें भारत के सामाजिक विज्ञान एवं समाजशास्त्र के शीर्ष 100 वैज्ञानिकों में शामिल किया गया है, जो विश्वविद्यालय की सामाजिक अनुसंधान में बढ़ती प्रतिष्ठा और प्रभाव को दशार्ता है। डॉ. राम प्रसाद, जो विज्ञान संकाय से संबद्ध हैं, ने लगातार पाँच वर्षों (2021 से 2025) तक विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में अपना स्थान बनाए रखा है । उनका मुख्य शोध क्षेत्र 'सक्षम एवं रणनीतिक प्रौद्योगिकियां' तथा उप-क्षेत्र 'पादप जीवविज्ञान एवं वनस्पति शास्त्र' है। उन्हें अपने उप-क्षेत्र में 181वाँ स्थान प्राप्त हुआ है, जो उनके अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रभावशाली अनुसंधान का प्रमाण है । डॉ. अखिलेश कुमार सिंह, जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र से जुड़े हैं और उन्हें वर्ष 2023 एवं 2025 की सूची में स्थान प्राप्त हुआ है। उनका मुख्य शोध क्षेत्र 'सक्षम एवं रणनीतिक प्रौद्योगिकियां' तथा उप-क्षेत्र 'जैव प्रौद्योगिकी' है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर कुलपति प्रोफेसर संजय श्रीवास्तव ने सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा, यह उपलब्धि हमारे शिक्षकों की निष्ठा, समर्पण और शोध उत्कृष्टता का प्रतीक है।

CMYK

# देव छठपूजा में बुनियादी सुविधाओं को ले डीएम ने किया निरीक्षण

**सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं मानक के अनुसार पूर्ण की जाएं**



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। देव कार्तिक छठ मेला क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा किया गया। इस निरीक्षण का उद्देश्य आगामी छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं के सुचारू एवं सुरक्षित दर्शन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की स्थिति का जायजा लेना और इसे पूर्ण रूप से सुनिश्चित करना था। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने देव सूर्यकुंड एवं रूद्र कुंड छठ घाट, देव मेला क्षेत्र के आवासन स्थल, यातायात व्यवस्था, ड्रॉप गेट एवं बैरिकेडिंग, देव सूर्य मंदिर परिसर, पार्किंग व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, पेयजल सुविधा, शौचालय एवं प्रकाश व्यवस्था सहित मेला क्षेत्र के प्रमुख मार्गों का विस्तारपूर्वक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सहज आवागमन और सुविधाजनक दर्शन के लिए सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं मानक के अनुसार पूर्ण की जाएं। विशेष रूप से आवासन व्यवस्था, यातायात एवं पार्किंग की सुविधा, आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल एवं सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने हेतु कहा गया। जिलाधिकारी ने व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा आश्वस्त किया कि इस महापर्व के दौरान देव कार्तिक छठ मेला क्षेत्र श्रद्धालुओं के लिए एक सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं भव्य आयोजन स्थल बनेगा।

# छह माह में दूसरी बार कार्यपालक पदाधिकारी पर जानलेवा हमला

**वार्ड पार्षद के पति नीरज कुमार गिरफ्तार**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। नगर परिषद जहानाबाद के कार्यपालक पदाधिकारी दीनानाथ प्रसाद सिंह पर मंगलवार को उनके ही कार्यालय कक्ष में घुसकर वार्ड पार्षद के पति ने जानलेवा हमला कर दिया। आरोप है कि वार्ड संख्या 30 की पार्षद विभा देवी के पति नीरज कुमार ने कार्यालय में प्रवेश कर पदाधिकारी पर मोटे तार से हमला किया और मारपीट की। हमले में दीनानाथ प्रसाद सिंह घायल हो गए। घटना के बाद नगर परिषद कार्यालय परिसर में अफरातफरी मच गई और भय का माहौल व्याप्त हो गया। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए नीरज कुमार को पकड़ लिया और नगर थाने की पुलिस को सौंप दिया। घायल पदाधिकारी को तत्काल इलाज के लिए जहानाबाद सदर अस्पताल भेजा गया, जहां उनका उपचार किया गया। घटना को लेकर कार्यपालक पदाधिकारी दीनानाथ प्रसाद सिंह ने नगर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि नीरज कुमार से पिछले एक महीने से कोई बातचीत या संपर्क नहीं था। अचानक वह उनके कक्ष में आए और बिना किसी बात के हमला कर दिया। दीनानाथ प्रसाद ने यह भी बताया कि नीरज कुमार पहले भी उनके एक कार्यालय कर्मी से मारपीट कर चुका है, लेकिन उस समय भी पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई थी। उन्होंने पुलिस से इस बार सख्त कार्रवाई की मांग की है।
गौरतलब है कि छह माह के भीतर कार्यपालक पदाधिकारी पर यह दूसरी बार हमला हुआ है। इससे पहले नगर परिषद अध्यक्ष के पति टी.टी. पासवान द्वारा भी कार्यालय कक्ष में घुसकर उनके साथ मारपीट की गई थी, जिसकी प्राथमिकी दीनानाथ प्रसाद सिंह ने दर्ज कराई थी। हालांकि उस मामले में भी पुलिस द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। फिलहाल पुलिस नीरज कुमार से पूछताछ कर रही है और पूरे प्रकरण की जांच में जुटी है। लगातार हो रहे हमलों से नगर परिषद कर्मियों में सुरक्षा को लेकर चिंता व्याप्त है।

## फरार अभियुक्तों के घर चिपकाया इश्तहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाने की पुलिस ने मखदुमपुर थाना कांड संख्या 331/ 25 एससी एसटी कांड में न्यायालय के आदेश पर फरार अभियुक्तों के घर इश्तहार चिपकाए है। इस मामले की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष दिवाकर कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि एससी एसटी एक्ट में फरार चल रहे अभियुक्त पारले कुमार उर्फ नीतीश कुमार पिता राम इकबाल यादव, भूषण यादव पिता राजरूप यादव, गुड्डी यादव पिता राजरूप यादव, पंकज यादव पिता साधु शरण यादव, अजय यादव पिता विजय यादव, राजरूप यादव पिता स्वर्गीय चंद्र यादव, जेपी यादव पिता साधु शरण यादव, चुन्नू यादव पिता साधु शरण यादव, विनय यादव पिता राजदेव यादव, बौरा उर्फ रितिक कुमार पिता विनय यादव सभी ग्राम चातर थाना मखदुमपुर जिला जहानाबाद के घर पर न्यायालय के आदेश पर इश्तेहार चिपकाया गया है। साथ ही लोगों को कांड में जल्द से जल्द न्यायालय में आत्मसमर्पण करने की सलाह दी गई है।

# न्याय की मजबूत बुनियाद से ही सशक्त लोकतंत्र : आनंद



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। स्थानांतरण पर व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के जिला जज चतुर्थ न्यायधीश आंनद भूषण का विदाई समारोह आयोजित किया गया। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि न्यायधीश आनंद भूषण का स्थानांतरण न्यायिक एकादमी पटना में उपनिदेशक पद पर हुई है। वे मगध में गया के बाद व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में जून 2023 से न्यायिक कार्य कर रहे है। यहां बार और बेंच के मधुर तालमेल से अच्छी तादाद में वाद निष्पादन सुलभ हुआ। उन्होंने अधिक से अधिक मुवक्किलों को लाभ दिलाने का प्रयास किया है। कार्यक्रम में सर्वप्रथम जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय महासचिव जगन्नारायण सिंह, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने साल बुके व मोमेंटो देकर सम्मानित किया और उनके उज्वल भविष्य के कामना करते हुए पुनः औरंगाबाद न्यायिक सेवा में आने का आग्रह किया। इस अवसर पर न्यायधीश आनंद भूषण ने न्यालय कर्मियों का आभार व्यक्त करने हुए कहा कि स्थानांतरण एक सरकारी प्रक्रिया है। यहां के कर्मचारियों व अधिवक्ताओं से अपेक्षित सहयोग मिला। कहा कि न्याय किसी भी शासन-तंत्र का सबसे महत्वपूर्ण तत्व होता है। न्यायधीश विश्व विभूति गुप्ता, उमेश प्रसाद, निशित दयाल, विवेक कुमार सिंह, मनीष जयसवाल, पंकज पांडेय, लाल बिहारी पासवान, एपीपी धर्मराज शर्मा, इरशाद आलम, सुरजमल शर्मा, अनील कुमार चतुर्वेदी, जिला विधिज्ञ संघ कार्यकारणी सदस्य प्रदीप कुमार, क्षीतीज रंजन, सुदर्शन यादव, दिलीप कुमार सिंह, सतीश कुमार स्नेही तथा अधिकांश न्यायिक कर्मचारी मौजूद रहे।

# पार्टी प्रदेश के बच्चों और युवाओं के भविष्य को लेकर गंभीर : सरला दीदी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा**। पिछले 35 वर्षों से बिहार में सत्ता संभाल रखे लालू - नीतीश की सरकारों ने कुछ भी नहीं किया। इन दो भाइयों की सरकारों ने बिहार के लोगों को सिर्फ ठगने का काम किया। न तो राज्य में रोजगार की समुचित व्यवस्था की गयी और न ही गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा का अवसर मुहैया कराया गया। जनसुराज पहली ऐसी पार्टी है जो बिहार की जनता को गारंटी के तौर पर परिवार लाभ कार्ड देकर वादा कर रही है कि उनकी सरकार बनने पर सबसे पहले इन समस्याओं को दूर किया जायेगा। उक्त बातें नवादा विधानसभा से जनसुराज पार्टी की संभावित उम्मीदवार सरला कर्ण उर्फ सरला दीदी ने कही। सरला दीदी ने कहा कि उनकी पार्टी प्रदेश के बच्चों और युवाओं के भविष्य को लेकर गंभीर है। सरकार बनने पर जनसुराज पार्टी सबसे पहले इन समस्याओं का निदान तो करेगी ही, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण बेहतर शिक्षा की व्यवस्था की जायेगी और युवाओं का पलायन नहीं हो, इसके लिए प्रदेश में ही उन्हें रोजगार मुहैया कराया जायेगा। किसानों और बुजुर्गों को भी उनकी जरूरतों के अनुसार लाभ दिया जायेगा।

# सुप्रीम कोर्ट में हुई घटना की जहानाबाद सिविल कोर्ट के अधिवक्ताओं ने की निंदा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश के न्यायालय में बीते सोमवार को एक अधिवक्ता द्वारा माननीय मुख्य न्यायाधीश की ओर जूता निकाल कर फेंकने की घटना पर जिला विधिज्ञ संघ जहानाबाद से जुड़े अधिवक्ताओं ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। मंगलवार को व्यवहार न्यायालय जहानाबाद परिसर में ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन के बैनर तले जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष डॉ गिरजानंदन प्रसाद के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने एक विरोध मार्च निकाला। इस मौके पर उन्होंने कह कि यह घटना न्यायिक व्यवस्था के इतिहास में सबसे काला दिन है। न्यायालय और उससे जुड़े न्यायाधीश के प्रति देश के करोड़ों लोगों की आस्था और विश्वास है। लेकिन सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में एक अधिवक्ता द्वारा जिस प्रकार की शर्मनाक कृत्य किया गया है वह सिर्फ माननीय न्यायाधीश का ही अपमान नहीं बल्कि पूरी न्यायिक व्यवस्था का अपमान है। अधिवक्ताओं ने कहा कि एक वकील द्वारा की गई इस ओछी हरकत से देश के पूरे अधिवक्ता शर्मसार हैं। उन्होंने इस घटना में शामिल अधिवक्ता के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति ना हो। यूनियन से जुड़े अधिवक्ता दिनेश कुमार ने भी घटना की कड़ी निंदा करते हुए इस घटना में शामिल अधिवक्ता के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करने की मांग की है। इससे पूर्व अधिवक्ता द्वारा की गई इस ओछी हरकत के खिलाफ वकीलों ने न्यायालय परिसर में विरोध मार्च निकाला और दोषी अधिवक्ता के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर अधिवक्ता विनय कुमार, रामानंद सागर, मुकेश कुमार गौतम, पंकज कुमार, रूबी यादव समेत काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे।

# वरीय उप समाहर्ता शिल्पी आनंद को भावपूर्ण विदाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। निवर्तमान वरीय उप समाहर्ता शिल्पी आनंद के स्थानांतरण के उपरांत जिला जनसंपर्क कार्यालय प्रकोष्ठ में मंगलवार को एक भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर समाहर्ता अनिल कुमार सिन्हा ने की। इस अवसर पर पदाधिकारियों और कर्मियों ने शिल्पी आनंद के कार्यकाल को याद करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया और उन्हें भावभीनी विदाई दी। समारोह में पदाधिकारियों ने कहा कि शिल्पी आनंद के नेतृत्व में जहानाबाद जिला कई योजनाओं और अभियानों के सफल क्रियान्वयन में राज्य स्तर पर अग्रणी रहा। उन्होंने बताया कि कई बार विकट परिस्थितियां उत्पन्न हुईं, जहां निर्णय लेना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन शिल्पी आनंद के सहयोग से सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में सहजता से पूरे किए गए। उनके नेतृत्व में विभिन्न विभागों और शाखाओं के बीच उत्कृष्ट समन्वय स्थापित हुआ, जिससे सभी अभियानों को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। अपने संबोधन में निवर्तमान वरीय उप समाहर्ता शिल्पी आनंद ने जहानाबाद जिले में अपने कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि उन्हें सभी कार्यालयों — चाहे वह लोकसभा आम निर्वाचन, जिला विधि शाखा, जिला सामान्य शाखा, जनसंपर्क कार्यालय या अनुमंडल लोक शिकायत निवारण कार्यालय हो — से पूर्ण सहयोग मिला। उन्होंने बताया कि कुछ कठिनाइयों के बावजूद सभी पदाधिकारियों और कर्मियों के सहयोग से सभी कार्य सफलतापूर्वक पूरे किए गए। इस मौके पर अपर समाहर्ता अनिल कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) विनय कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजीव कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी राजीव रंजन सिन्हा, भूमि सुधार उप समाहर्ता अमू अमला, सहायक निदेशक (जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग) पूनम कुमारी, जिला नजारत उप समाहर्ता सह जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, सहायक निदेशक (दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग) विजेता कुमारी, वरीय उप समाहर्ता नेहा, वरीय उप समाहर्ता होमा इरफ़ान, डीपीओ (नमामि गंगे) अमित कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## आचार संहिता लगते अधिकारियों ने हटाई होर्डिंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। हसपुरा प्रखंड मुख्यालय, मेनरोड, पचरूखिया बाजार, सिहाड़ी बाजार सहित विभिन्न जगहों पर लगाए गये प्रचार-प्रसार होर्डिंग को आचार संहिता लगते अधिकारियों ने घुम-घुम कर हटा दिया। बताया जाता है कि सोमवार को भारत निर्वाचन चुनाव आयोग द्वारा आचार संहिता लगा दिया गया है। जिसे लेकर बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी, थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, सीओ कौशल्या कुमारी ने सभी जगहों से राजनीति होल्डिंग को देर रात तक हटाया है। ब्लॉक परिसर, बसस्टैंड, नरसंन रोड सहित कई जगहों पर राजनीतिक होल्डिंग लगाया हुआ था। जिसे अधिकारियों ने हटा दिया।

# विष्णु धाम का इतिहास है कई सौ वर्षो पुराना

**यहां मांगी गई मन्नत होती है पूरी पर्यटन मानचित्र से अबतक ओझल है विष्णु धाम**



रंजन सिंह/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। सदर प्रखंड के जम्होर स्थित रढुआ धाम में भगवान विष्णु की महिमा अपार है। यहां जो भी श्रद्धालु सच्चे दिल से मन्नते मांगते हैं उसे भगवान पूरी करते हैं। पुनपुन नदी के तट पर अवस्थित भगवान विष्णु समेत अन्य देवाताओं की प्रतिमाएं स्थापित हैं। बिहार के महत्वपूर्ण स्थानों में चिह्नित है, परंतु पर्यटन विभाग की उदासीनता के कारण आज यह स्थल उपेक्षित है। इसका इतिहास कई 100 वर्ष पुराना है। कहा जाता है कि इस धाम पर बाहर से महात्मा हंसराज दास उर्फ खाकी बाबा पहुंचे थे। यहां रहना आरंभ किया तो धाम की लोकप्रियता बढ़ती गई। बता दें कि यह धाम भगवान विष्णु को समर्पित है और भक्तों के बीच यह मान्यता है कि सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना यहां पूरी होती है। रढुआ धाम पुनपुन नदी के किनारे पर स्थित है, जहां भगवान विष्णु के साथ-साथ अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं भी स्थापित हैं।
गांव के लोग और पुजारी मिलकर इसकी देखरेख करते हैं। यहां पहुंचने के लिए सड़क की स्थिति ठीक नहीं थी, जिसके निर्माण की मांग स्थानीय लोगों द्वारा की जाती रही है। रढुआ धाम सदियों से चली आ रही एक धार्मिक आस्था का केंद्र है, जो कि इसकी प्राचीनता और भगवान विष्णु के प्रति भक्तों की श्रद्धा को दर्शाता है। यह धाम ओबरा थाने के कारा के जमींदार नवाब साहब का था। एक बार कारा गांव में भयंकर आग लगी थी। बुझाने में काफी परेशानी हो रही थी। इसी बीच ग्रामीण बाबा को ले गए। इनके जाते ही आग बुझ गई। बुजुर्गो के अनुसार नबाब साहेब ने मठ बनवाकर बाबा की रहने की व्यवस्था कर दी। तब से विष्णु धाम खाकी बाबा के लोगों के प्रति आस्था बढ़ती गई और तभी से इस धाम पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचने लगे। 25 एवं 26 फरवरी को महोत्सव मनाने की तैयारी की जा रही है। समाजसेवी व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से भगवान विष्णु के साथ अन्य भगवान के मंदिरों का निर्माण हुआ है। परिसर में शादी मंडप के साथ संस्कृत विद्यालय की स्थापना की गई। भगवान की आरती हेतु पुजारी बालिका नंद स्वामी नियुक्त किए गए हैं। इतना प्रसिद्ध स्थल होने के बावजूद भी विष्णु धाम को पर्यटन सर्किट से अबतक नहीं जोड़ा गया है।

# शहर में बने दो प्याऊ केंद्र से नागरिकों से नहीं मिल रहा पानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। शहर में बने दो प्याऊ केंद्र की स्थिति इन दिनों काफी बदतर हो गई। बता दें वर्षों पहले शहर में नागरिकों का प्यास बुझाने के लिए प्याऊ केंद्र का निर्माण कराया गया था परंतु अब लोगों को नल से जल नहीं मिल रहा है। योजना को धरातल पर उतारने की सोच प्यासे को प्यास बुझाना था। लेकिन स्थिति क्या है अब धरातल पर देखा जा सकता है। प्याऊ केंद्र का देखभाल कौन करेगा यह जिम्मेवारी किसकी है किसी को पता नहीं है। प्याऊ केंद्र में पानी नहीं है। बता दें कि शहर के ब्लाक मोड़ के पास वर्षों पहले पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह की निधि से प्याऊ केंद्र का निर्माण कराया गया था। प्याऊ केंद्र में जलापूर्ति की सुविधा नहीं है। यहां रहे नागरिकों ने बताया कि कुछ दिन प्याऊ से लोग प्यास बुझाए फिर बेकार हो गया। यही हाल शहर के नावाडीह मोड़ स्थिति महावीर मंदिर के पास बना प्याऊ खराब पड़ा है। मंदिर में पूजा करने जाने वाले श्रद्धालु हाथ पांव धोकर मंदिर में प्रवेश करते थे। नावाडीह निवासी दिनेश सिह, पप्पू कुमार सहित बताते हैं कि जब प्याऊ केंद्र का निर्माण कराया गया था तो कुछ समय तक अच्छा से चला परंतु इसके बाद देखरेख के अभाव में प्याऊ केंद्र खराब हो गया। पानी के लिए आमजन को इधर-उधर भटकना पड़ता है। इतना होने के बावजूद भी जनप्रतिधियों और अधिकारियों का ध्यान नहीं है।

## मखदुमपुर थाने की पुलिस ने तीन शराबियों को किया गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना की पुलिस ने माछिल गांव से तीन शराबी को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष दिवाकर विश्वकर्मा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर मखदुमपुर थाना की पुलिस ने माछिल गांव से शराब के नशे में साजन कुमार, कंचन कुमार एवं सचिन कुमार को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगो का मेडिकल जांच कराया गया जिसमें शराब पीने की पुष्टि होने पर उन्हें कानूनी प्रकृया हेतु न्यायालय भेजा गया है।

# जेवर की दुकान में चोरी, वेंटिलेटर तोड़कर घुसे चोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा**। हसपुरा बाजार के कनाप रोड मोहल्ला स्थित पूजा ज्वेलर्स में सोमवार की रात चोरों ने वेंटिलेटर तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इस घटना में लगभग 40 हजार रुपये मूल्य के पुराने गहनों की चोरी की बात सामने आई है। चोर दुकान के वेंटिलेटर को तोड़कर अंदर घुसे और चोरी कर फिर उसी रास्ते से बाहर निकल गए। घटना की जानकारी मंगलवार सुबह तब हुई जब पास के होटल के मालिक ने अपनी चौकी ढूंढते हुए दुकान के पास देखा। चौकी उठाने के दौरान उसकी नजर दुकान के वेंटिलेटर पर पड़ी, जो टूटा हुआ था। उसने तुरंत आसपास के लोगों को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने पूजा ज्वेलर्स के मालिक धर्मेंद्र कुमार सोनी (निवासी - कनाप गांव) और डायल 112 को सूचना दी। दुकानदार धर्मेंद्र कुमार और उनकी पत्नी मौके पर पहुंचे। दुकान खोलने पर पता चला कि काउंटर में रखे गहने और अन्य कीमती सामान गायब हैं। साथ ही, दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। धर्मेंद्र कुमार ने हसपुरा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार को घटना की लिखित जानकारी दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम का जायजा लिया। उन्होंने वेंटिलेटर के रास्ते चोरों के घुसने का डमी फोटो भी तैयार कराया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे पहले भी दुकान बंद कर घर जाते समय दुकानदार के साथ दो बार छिनतई की घटनाएं हो चुकी हैं। इससे प्रतीत होता है कि उन्हें लगातार टारगेट किया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। चोरी की इस घटना से इलाके के व्यापारियों में दहशत का माहौल है।

## शराब बनाने का उपकरण बरामद, दो गिरफ्तार

**गोह (औरंगाबाद)**। मंगलवार की सुबह देवकुण्ड पुलिस ने थाना क्षेत्र के बिलारू मठिया से 20 लीटर जावा महुआ व दो लीटर देसी शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि बिलारू मठिया पर शराब चुलाई के साथ शराब की बिक्री की जा रही है। जिसके बाद उक्त जगह पर छापेमारी की गई, छापेमारी के क्रम में 20 लीटर जावा महुआ, दो लीटर शराब व दो बड़ा गैस सिलेंडर जब्त किया गया। तथा उक्त गांव निवासी जीतन नट व छोटू कुमार को गिरफ्तार कर शराब अधिनियम के तहत जेल भेज दिया गया है।

# जर्जर सड़क से आवागमन करने में ग्रामीणों को होती है परेशानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। रफीगंज प्रखंड के सिमला मोड़ से बदरपुर गांव जाने वाली करीब 12 किमी की सड़क जर्जर अवस्था में है। जानकारी के अनुसार सड़क का निर्माण करीब नौ वर्ष पहले मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत कराई गई थी। वर्षों से सड़क जर्जर हालत में है। इससे जहां आवागमन के दौरान लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी गांव स्थित विद्यालय में शिक्षा को ले आने जाने वाले छात्रों को झेलनी पड़ रही है। इतना ही नहीं सड़क जर्जर सड़क से स्कूली बच्चे जर्जर सड़क का शिकार होकर चोटिल हो रहे है, लेकिन लोगों की समस्या जस की तस है। इससे ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। सड़क जर्जर होने से ग्रामीण ही नहीं गांव में आने जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं अब तो ग्रामीणों के रिश्तेदारों ने गांव भी आना छोड़ दिया है। वह कहते है कि ऐसी जर्जर सड़क से इंसान के साथ वाहन की हालत तक खराब हो जाती है। जब गांव की सड़क सही हो जाएगी उसके बाद ही वह उनके यहां आएंगे। इस पथ से होकर सिमला, कियाखांप, मेघुआ, साहो कर्मा, कुम्हैनी सहित दर्जनों गांवों के ग्रामीणों का प्रतिदिन आवागमन करते हैं। दोपहिया व साइकिल सवार को सड़क से होकर आवागमन करने में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। वर्षा के दिनों में सबसे अधिक परेशानी होती है। ग्रामीण प्रतिदिन सड़क पर उभरे गड्ढों में गिरकर चोटिल होते रहते हैं। जर्जर सड़क से होकर छात्र प्रतिदिन विद्यालय कासमा पढ़ने जाते हैं लेकिन सड़क की हालत के कारण हम लोगों को चोटिल होकर शारीरिक नुकसान के साथ शिक्षा का नुकसान भी झेलना पड़ रहा है। इतना होने के बावजूद भी अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों सड़क निर्माण के प्रति गंभीर नहीं हो रहे हैं।

# ग्राम पंचायत पश्चिम सरेन में 'गोद भराई' कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। समेकित बाल विकास सेवा द्वारा संचालित गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत पश्चिम सरेन में किया गया। इस अवसर पर पंचायत की मुखिया सविता देवी उपस्थित रही। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र संख्या- 31, 34, 35 एवं 264 की सभी सेविकाओं एवं लाभार्थियों ने मिलकर कार्यक्रम को उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम के दौरान मुखिया सविता देवी ने सभी गर्भवती लाभार्थियों को आश्वासन पत्र प्रदान किया तथा उन्हें अच्छे खानपान, संतुलित पोषण, सरकारी अस्पताल में प्रसव करवाने एवं आपात स्थिति में एम्बुलेंस सेवा का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पिरामल फाउंडेशन की ओर से काजल सुथार ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की।



उन्होंने आईएफए टैबलेट, कैल्शियम टैबलेट, गर्भावस्था के दौरान होने वाले चार अनिवार्य एएनसी जांच, प्रसव उपरांत नवजात शिशु की देखभाल तथा परिवार नियोजन के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा दीदी सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे। सभी ने बाल विकास परियोजना द्वारा संचालित इस पहल की सराहना करते हुए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संकल्प लिया।

# अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा गांधी मैदान बस स्टैंड

**यात्री शेड में जुआरी खेलते रहते हैं जुआ, बस स्टैंड में पेयजल के लिए भटकते हैं यात्री**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। शहर स्थित गांधी मैदान बस स्टैंड इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। बस स्टैंड कभी बसों की भीड़ से गुलजार रहता था परंतु अब यहां सन्नाटा पसरा रहता है। यहां न कर्मी और न ही स्टैंड की स्थिति ठीक है। बता दें कि बस स्टैंड का निर्माण 1953 में हुआ था। पहले बस स्टैंड में दिन-रात भीड़ लगी रहती थी परंतु आज यहां सन्नाटा पसरा है। यहां पहले 10 बड़े होटल थे। लाइट की पूरी व्यवस्था थी। रात भर स्टैंड जगमगाते रहता था परंतु अब यहां अंधेरा पसरा रहता है। यहां तक की बस स्टैंड का प्रतीक्षालय इन दिनों जुआरियों का अड्डा बन गया है। सुबह आठ बजे से देर रात तक जुआरी जुआ खेलते रहते हैं। प्रतीक्षालय में गंदगी लगी रहती है। गंदगी के कारण लोग यहां बैठने से कतराते हैं। वर्ष 1992-1993 से लेकर वर्ष 1999 तक स्टैंड से स्टैंड से



40 बसें पटना, डाल्टेनगंज, वाराणसी, रायगढ़, रांची, टाटा, बोकारो समेत अन्य जगहों के लिए खुलती थी। बता दें कि 15 नवंबर 2000 को बिहार-झारखंड का बंटवारा हुआ। उसी समय अधिक बसें झारखंड के कोटे में चली गई लेकिन अब यहां से पटना, गया सहित के लिए बसे चलती है। बिहार बंटवारे के बाद से स्टैंड एवं उसके कर्मी रो रहे हैं। स्टैंड में पेट्रोल पंप है जो पिछले 13 वर्षों से बेकार पड़ी है। यह पंप अब पूरी तरह से कबाड़खाना में तब्दील हो गया है। स्टैंड के भवन की स्थिति अत्यंत जर्जर हो गई है। इसको लेकर किसी को भी ध्यान नहीं है। सरकार का करोड़ो रुपये पानी में जा रहा है। बस की कमी के कारण धीरे-धीरे डीजल आना बंद हो गया।
बस स्टैंड परिसर में आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है। बस स्टैंड को जीर्णोद्धार की जरूरत है। अगर इस स्टैंड का जीर्णोद्धार कर पहले की तरह कर दी जाए तो यह पुनः गुलजार हो जाएगा। इतना होने के बावजूद भी अधिकारियों का ध्यान नहीं है।
बस स्टैंड में पहुंचने वाले यात्रियों को पेयजल का अभाव है। यात्री पेयजल के लिए इधर-उधर भटकते रहते हैं। शाहपुर के प्रदीप कुमार, अंकित कुमार ने बताया कि स्टैंड में पेयजल का अभाव है। अगर कोई यात्री को प्यास लगती है तो बाहर से 20 से 30 रुपये में पानी लेकर पीने को मजबूर हैं। बताया कि अगर स्टैंड में पेयजल की सुविधा हो जाती है तो काफी सहूलियत होगी।

# स्वच्छ भारत दिवस-सह-सम्मान समारोह आयोजित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति की अध्यक्षता में ग्राम प्लेक्स भवन में स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के तहत स्वच्छ भारत दिवस-सह- सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित कर किया गया समापन। इस दौरान स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों की गई। जिसमें स्वच्छता लक्षित इकाई का परिवर्तन, प्रखंड एवं पंचायतो में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, स्वच्छ एवं हरित पूजा पंडाल का निर्माण, सभी पूजा पंडालों की साफ -सफाई स्वच्छता रंगोली, डोर टू डोर जागरूकता अभियान, स्वच्छता रैली, स्पोर्ट्स लीग, नो सिंगल यूज प्लास्टिक ड्राइव, जीविका दीदी के साथ स्वच्छता संवाद, एक दीया स्वच्छता के नाम, तथा एक पेड़ मां के नाम इत्यादि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इन सभी कार्यक्रमों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 14 स्वच्छता कर्मियों, 7 स्वच्छता पर्यवेक्षकों, पांच मुखिया, दो प्रखंड विकास पदाधिकारी को एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, नमामि गंगे को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में निर्देशक डीआरडीए डॉ.रोहित कुमार मिश्र, निर्देशक राष्ट्रीय रोजगार कार्यक्रम सुदर्शन कुमार, जिला स्तरीय एलबीएसए टीम , सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी प्रखंड समन्वयक संबंधित पंचायत पर्यवेक्षक , संबंधित मुखिया मुखिया गण तथा संबंधित स्वच्छता कर्मी उपस्थित थे।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दल एवं मीडिया कर्मियों के साथ की बैठक

## विधानसभा चुनाव में अभ्यर्थियों के लिए व्यय की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपए निर्धारित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, मीडिया कर्मियों के साथ आदर्श आचार संहिता एवं निर्वाचन व्यय के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 30.09.2025 को प्रकाशित निर्वाचक सूची में दर्ज निर्वाचकों के साथ-साथ 10.10.2025 तक प्राप्त सभी प्रपत्र-6 के आधार पर निर्वाचकों का परिवर्द्धन किया जायेगा परंतु विलोपन एवं संशोधन की कोई कार्रवाई नहीं की जायेगी। पंजीकृत निर्वाचकों को 15 दिन के अंदर इपिक उपलब्ध कराने का निर्देश भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिया गया है। मतदाता सूचना पर्ची में आवश्यक संशोधन करते हुए मतदान केन्द्र संख्या एवं क्रम संख्या को बड़े अक्षरों में इंट्री किया गया है जिससे निर्वाचकों को अपना नाम एवं क्रमांक खोजने में दिक्कत न हो। रोहतास जिला में कुल 2692 मतदान केन्द्र 1200 निर्वाचकों के मानक के आधार पर बनाये गये हैं। आज की तिथि में 15 मतदान केन्द्रों में 1200 से अधिक निर्वाचक है, निर्वाचन आयोग के निदेश के अनुसार 1250 से अधिक निर्वाचक होने पर सहायक मतदान केन्द्र का निर्माण किया जायेगा। सभी मतदान केन्द्रों पर मतदान केन्द्रों से लाइव वेबकास्टिंग की जानी है, चेनारी विधानसभा के कुछ मतदान केन्द्र जो पूर्व निर्वाचनों में स्थानांतरित किए जाते थे, उनका स्थानांतरण विधान सभा आम निर्वाचन 2025 नहीं किया जायेगा तथा निर्वाचन को पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाने के लिए सभी विधान सभाओं में समान्य प्रेक्षक नियुक्त किए जायेंगे जिसके साथ-साथ व्यय प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक की भी प्रतिनियुक्ति होगी। प्रेस नोट निर्गत (06.10.2025) होने के साथ हीं संपूर्ण बिहार में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। 24 घंटे, 48 घंटे एवं 72 घंटे में क्रमशः सरकारी भवनों, सार्वजनिक भवनों एवं निजी भवनों से प्रचार-प्रसार समाग्री हटा लेना है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथ ही संपति विरूपण अधिनियम, लाउडस्पीकर एक्ट एवं मोटर व्हीकल एक्ट का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा। साथ ही रैली, जुलूस, प्रदर्शन आदि निर्वाची पदाधिकारी के अनुमति के बिना नहीं किए जा सकेंगे। विधानसभा आम निर्वाचन 2025 में प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए व्यय की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपए निर्धारित की गई है जिसमें नामांकन से लेकर परिणाम की घोषणा तक समस्त व्यय शामिल है। प्रत्येक अभ्यर्थी को निर्वाचन की घोषणा के 30 दिन के अंदर अपने व्यय का ब्योरा विहित प्रक्रिया एवं पद्धति के अनुसार जमा करना होगा। आयोग की अपेक्षा है कि प्रत्येक अभ्यर्थी आय-व्यय खाता के माध्यम से करें। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि रोहतास जिलान्तर्गत 22 चेकपोस्ट कार्यरत हैं जहां संघन चेकिंग की जा रही है। उनके द्वारा बताया गया कि 74 अवैध हथियार जप्त किये जा चुके हैं एवं 109 लोगों पर सीसीए की कार्रवाई की गई है। उन्होंने उपस्थित मीडिया कर्मियों से अनुरोध किया कि सोशल मीडिया में प्रचारित भ्रामक सूचनाओं के संबंध में तुरंत जानकारी दी जाय, जिसका खंडन / पुष्टि 02 घंटे में अनिवार्य रूप से की जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि मतदान दिवस को इवीएम में पड़े मतों का लेखा सभी पोलिंग एजेंटों को उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है, सभी पीठासीन पदाधिकारी उक्त डेटा सभी पोलिंग एजेंट को अनिवार्य रूप उपलब्ध कराएंगे ताकि किसी प्रकार की संशय, दुविधा न रहे।

# चुनाव को लेकर डीएम ने सभी कोषांगों के साथ की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारी के संबंध में मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी द्वारा विभिन्न कोषांगों के साथ समीक्षा बैठक की गई। इवीएम कोषांग के नोडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि अनुमंडल स्तर पर संचालित इवीएम प्रदर्शन तथा वाहन के माध्यम से जन सामान्य के बीच इवीएम जागरूकता के लिए चलाये जा रहे इवीएम प्रदर्शन को निर्वाचन घोषणा के उपरांत बंद कर दिया गया है। विधानसभा वार निर्मित डिस्पैच सेंटर की मानक के अनुसार तैयारी हेतु कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल से पत्राचार किया गया है। सभी मतदान केन्द्रों से लाइव वेबकास्टिंग हेतु सॉकेट लगाने के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी एवं जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस) को निदेशित किया गया जिसका सत्यापन सेक्टर पदाधिकारी के माध्यम से कराया जाना है। समीक्षा में निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग के नोडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि सभी राजनैतिक दलों को निर्वाचन में व्यय की सीमा एवं व्यय की विधि के संबंध में प्रशिक्षण दिया जा चुका है। नामांकन के समय रेट कार्ड एवं व्यय पंजी उपलब्ध कराई जायेगी। डीइएमपी के नोडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि फोर्स डेम्प्लॉयमेंट के अलावा सभी प्रविष्टि कर दी गई है तथा कम्यूनिकेशन प्लान तैयार कर लिया गया है। प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि गुणवत्ता युक्त प्रशिक्षण सामग्री के माध्यम से छोटे-छोटे ग्रुप में प्रशिक्षण दिया जाना है। प्रशिक्षण का टेस्टिमोनियल तैयार किया जाना है। आयोग के निदेश के अनुसार पीठासीन पदाधिकारी प्रथम मतदान पदाधिकारी एवं सेक्टर पदाधिकारी को 100-100 वोट डालकर सी०यू० डाटा से मिलान किया जाना है। साथ हीं प्रशिक्षण स्थल पर टीवीसीसीटीवी का अधिष्ठापन तथा मॉडल मतदान केन्द्र की व्यवस्था कराने हेतु निदेशित किया गया। वाहन कोषांग के नोडल पदाधिकारी द्वारा सासाराम विधानसभा के पांच मतदान केन्द्रों में इलेक्ट्रिकल वाहन का उपयोग करने तथा उन्हीं मतदान केन्द्रों में 02-02 महिला कर्मियों को मतदान कर्मी के रूप में प्रतिनियुक्त करने हेतु निदेशित किया गया।

# दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत, एक घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू थाना क्षेत्र के तहत सेवहीं बड़िहा मार्ग पर दो बाइकों के आमने-सामने की भिड़ंत में एक युवक की मौत मौके पर ही हो गई जबकि दूसरे शख्स की गंभीर स्थिति में प्राथमिक उपचार के बाद सासाराम रेफर किया गया है। घटना के संदर्भ में थानाध्यक्ष शुभम कुमार ने बताया कि सेवही बड़ीहा सासाराम मार्ग पर दो बाइकों की भिड़ंत में बड़िहा ग्राम का युवक मनीष कुमार पासवान उम्र 24 वर्ष की मौत मौके पर ही हो गई जबकि मुस्तकीम अंसारी उम्र 63 वर्ष ग्राम कुड़ुवां अकासी सासाराम को गंभीर स्थिति में सासाराम सदर रेफर किया गया है जो कुछ दिन पहले निमियाडीह चौक पर साइकिल की दुकान चला रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक के परखच्चे उड़ गए। लगातार तिलौथू थाना क्षेत्र में हो रहे सड़क दुर्घटना के लिए कहीं न कहीं लोग प्रशासन को भी जिम्मेदार बता रहे थे और आक्रोशित नजर आ रहे थे। स्थानीय लोगों के अनुरोध पर मौके पर पहुंचे अंचलाधिकारी हर्ष हरि ने आश्वासन दिलाया कि मृतक के परिवार को मुख्यमंत्री दुर्घटना योजना के तहत 4 लाख की राशि शीघ्र देने का प्रयास किया जाएगा। इधर पुलिस ने मृतक का शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया है। वहीं मृतक मनीष के घर में कोहराम मच गया है।

# बैनर पोस्टर 24 घंटे में हटाने का एसडीएम ने दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** चुनाव आयोग द्वारा सोमवार शाम विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद अनुमंडल प्रशासन सक्रिय हो गया। अनुमंडल प्रशासन ने सार्वजनिक स्थलों पर लगाये गए पोस्टर बैनर 24 घण्टे में हटाने का निर्देश दिया है। आयोग के निर्देशानुसार आचार संहिता लागू होते ही सभी सार्वजनिक जगह रेलवे स्टेशन, बस अड्डा, गलियों से लेकर मुख्य मार्ग व दीवारों पर लगे राजनीतिक दलों और सरकारी विज्ञापन हटाने का काम शुरू हो गया है। अनुमंडल प्रशासन द्वारा सोमवार के रात तक सार्वजनिक स्थलों पर लगे



बैनर पोस्टर हटाया गया। ऊंचाई पर लगे बैनर पोस्ट को नगर परिषद ने जेसीबी के माध्यम से हटाया गया। एसडीएम निलेश कुमार के अनुसार सभी राजनीतिक दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि वह अपने पोस्टर बैनर सार्वजनिक स्थानों से हटा लें। साथ ही आसपास के सभी स्थानों से पार्टी के प्रतीक चिन्ह वहां पर लगे बोर्ड, झंडा आदि को आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए मंगलवार शाम तक हटा लें। एसडीम निलेश कुमार के अनुसार अनुमंडल के सभी प्रखंडो में विभिन्न राजनीतिक दलों के बैनर पोस्टर हटाने का अभियान शुरू कर दिया गया है। आदर्श आचार संहिता लागू होते ही डिहरी अनुमंडल क्षेत्र के तहत डिहरी, सासाराम व चेनारी विधानसभा सभा में आने वाले पांचों प्रखंडों के चौक-चौराहे, गांव की दीवारों, बिजली के खम्भे और निजी आवास पर लगे राजनीतिक बैनर पोस्टर हटाए जा रहे हैं। प्रशासन की टीम में सार्वजनिक स्थलों पर पूरी तरह सक्रिय नजर आ रही है। एसडीएम ने चेतावनी दी है कि यदि कोई राजनीतिक दल दोबारा बैनर पोस्टर लगता है तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# आदर्श आचार संहिता लगते ही हटने लगे बैनर पोस्टर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अकोढ़ीगोला।** बिहार विधान सभा के चुनाव की अधिसूचना सोमवार की शाम जारी होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गया। अधिसूचना के नियमों को पालन कराने के लिए प्रशासन सक्रिय नजर आने लगे है। मंगलवार को अकोढीगोला प्रशासन ने सड़क के किनारे लगे सभी बैनर पोस्टर होडिंग को हटाने में जुट गए। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी रवि रंजन ने बताया कि अंचलाधिकारी निधि ज्योत्सना के नेतृत्व में राजनीतिक व्यक्तियों का शुभकामनाएं का पोस्टर हटवाया गया। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथ सरकारी स्थलों से 24 घंटे में, सार्वजनिक स्थलों से 48 घंटों में और निजी स्थलों से 72 घंटों के अंदर राजनीतिक प्रचार प्रसार से संबंधित बैनर पोस्टर हटा लेना है।

# आचार संहिता लागू, कैमूर में हटाए जा रहे सरकारी पोस्टर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों के बीच आदर्श आचार संहिता लागू होते ही कैमूर जिले में सरकारी योजनाओं और उपलब्धियों से जुड़े बैनर-पोस्टर हटाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला प्रशासन की टीम ने सोमवार को जिले भर में यह अभियान चलाया। सबसे पहले जिला मुख्यालय भभुआ स्थित समाहरणालय गेट के आसपास लगाए गए सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार वाले पोस्टर, बैनर और फ्लेक्स हटाए गए। इसके बाद शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, सरकारी भवनों, स्कूल-कॉलेजों और अन्य सार्वजनिक स्थलों से भी सरकारी विज्ञापनों वाले बैनर-पोस्टर हटाने का काम शुरू कर दिया गया है। जिलाधिकारी सुनील कुमार का कहना है कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत किसी भी प्रकार की सरकारी उपलब्धियों, योजनाओं या जनकल्याण कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार की अनुमति आचार संहिता लागू होने के बाद नहीं है। इसलिए सभी विभागों को अपने-अपने कार्यालय परिसरों में लगे ऐसे पोस्टर, बैनर, बोर्ड या होर्डिंग्स को तत्काल हटाने का निर्देश दिया गया है।

भभुआ नगर परिषद और विभिन्न प्रखंडों में तैनात कर्मियों को भी सख्त निर्देश जारी किए गए हैं कि वे सरकारी कार्यक्रमों, मुख्यमंत्री योजनाओं या सरकारी उपलब्धियों से संबंधित सभी प्रचार सामग्री हटाना सुनिश्चित करें। इस दौरान जिला प्रशासन की टीम ने लोगों से भी अपील की है कि वे आचार संहिता का पालन करें और किसी भी प्रकार की राजनीतिक या सरकारी प्रचार सामग्री सार्वजनिक स्थानों पर न लगाएं। बताया जा रहा है कि जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भी यह कार्रवाई जारी है, ताकि किसी प्रकार का उल्लंघन न हो। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की स्थिति में सख्त कार्रवाई की जाएगी। कैमूर जिले में प्रशासन की यह तत्परता आगामी विधानसभा चुनाव के निष्पक्ष और पारदर्शी संचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# राज्य स्तरीय मशाल प्रतियोगिता कबड्डी में राजेश्वर कुमार ने रेफरी की भूमिका निभाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** तिलौथू प्रखंड के खेल प्रेमियों के लिए गर्व का क्षण है जब मध्य विद्यालय कुशडिहरा के प्रतिभाशाली खेल प्रशिक्षक राजेश्वर कुमार ने राज्य स्तरीय मशाल प्रतियोगिता कबड्डी 2025 में रेफरी के रूप में अपनी उत्कृष्ट सेवा देकर पूरे जिले का नाम रोशन किया। राजेश्वर कुमार ने गया में आयोजित अंडर-16 कबड्डी ऑफिशियल टूर्नामेंट में बिहार स्तर पर प्रतिनिधित्व करते हुए अपने खेल कौशल, अनुशासन और निर्णय क्षमता का शानदार परिचय दिया। उनके कुशल संचालन और निष्पक्ष निर्णयों की सराहना राज्य स्तरीय खेल पदाधिकारियों ने भी की। तिलौथू क्षेत्र के लिए यह उपलब्धि न केवल खेल जगत में गौरव का विषय है, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। उनकी इस सफलता से यह सिद्ध होता है कि ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षक और प्रशिक्षक भी राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकते हैं।

# करमचट थाना परिसर में विशेष समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत करमचट थाना में मंगलवार को विशेष समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानांतरित थाना अध्यक्ष विकास कुमार को विदाई दी गई और नए थाना अध्यक्ष पंकज कुमार का स्वागत किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख घुरा सिंह ने की। कार्यक्रम का नेतृत्व उप प्रमुख सुनील यादव, मुखिया श्रीकांत पासवान, बीडीसी जहांगीर अंसारी ने किया। स्थानांतरित थाना अध्यक्ष विकास कुमार को लोगों ने अंगवस्त्र, पुष्प गुच्छ, प्रतीक चिन्ह आदि देकर सम्मान पूर्वक विदाई दी। वहीं थाना के एस आई संजय कुमार सहित थाना के सभी अधिकारी एवं कर्मियों ने थाना अध्यक्ष को नम आंखों से विदा किया। मुखिया प्रतिनिधि विनय शंकर दुबे ने कहा कि थाना अध्यक्ष विकास कुमार ने अपराध पर अंकुश लगाने में सफलता हासिल की। उनका कार्यकाल सराहनीय रहा सभी ने वर्तमान थाना अध्यक्ष पंकज कुमार से भी अपराध नियंत्रण की उम्मीद जताई। वहीं लोगों ने कहा कि विकाश कुमार के कार्यकाल के दौरान करमचट थानावासियों को भरपूर सहयोग मिला। विदाई के समय विकास कुमार ने पुलिस पदाधिकारी को समझाते हुए कहा कि आप जनता के साथ जैसा व्यवहार करोगे आपके साथ भी जनता वैसा ही व्यवहार करेंगी, हम पुलिस वाले जनता के सेवा के लिए आए हैं। जनता के साथ मित्रवत व्यवहार कर उनके सुख-दुख में शामिल हो और उनके समस्याओं का बारीकी से जांच करते हुए समाधान करें।

# राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को बताया गया चुनावी शिड्यूल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**भभुआ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी कैमूर सुनील कुमार के द्वारा आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के निमित मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्ष, सचिव, प्रतिनिधि के साथ बैठक की गई। बिहार विधान सभा आम निर्वाचन-2025 के तहत कैमूर जिलान्तर्गत चारों विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का चुनाव कार्यक्रम जानकारी दी गई। अधिसूचना आगामी 13 अक्टूबर को होगी। नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 20 अक्टूबर, नाम निर्देशन पत्रों के संवीक्षा की तिथि 21 और अभ्यर्थिता वापस लेने की अंतिम तिथि 23 अक्टूबर होगी। कैमूर की चारों विधानसभा सीटों पर मतदान 11 नवंबर को होगा। मतगणना की तिथि 14 नवंबर और वह तिथि जिसके पूर्व निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जायेगी 16 नवंबर होगी। आदर्श आचार संहिता से संबंधित मुख्य बातें की जानकरी देते हुए बताया गया कि मत प्राप्त करने के लिए जातियां संप्रदाय की भावनाओं के आधार पर कोई अपील नहीं की जाएगी। कोई भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी अपने अनुयायियों को किसी भी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसकी भूमि, भगवान, परिसर की दीवारों इत्यादि पर झंडा लगाने, बैनर लगाने, सूचना चिपकाने, नारा लिखने इत्यादि की अनुमति नहीं देगा। राजनैतिक दलों और अभ्यर्थियों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उनके समर्थक अन्य दलों द्वारा आयोजित सभा और जुलूस में बाधा खड़ी नहीं करेंगे या उन्हें भंग नहीं करेंगे। दल या अभ्यर्थी स्थानीय पुलिस प्राधिकारियों को किसी भी प्रस्तावित सभा के स्थान और समय के बारे में काफी पहले से सूचित करेंगे ताकि पुलिस यातायात को नियंत्रित करने और शाति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्था कर सके। दल या अभ्यर्थी अग्रिम रूप से सुनिश्चित करेगा कि क्या सभा के लिए प्रस्तावित स्थल पर कोई रोक या निषेधाज्ञा लागू तो नहीं है और यदि ऐसे आदेश मौजूद है तो उसका कड़ाई से पालन किया जाएगा। यदि ऐसे आदेशों से किसी रियायत की आवश्यकता हो तो अग्रिम रूप से इसके लिए आवेदन किया जाएगा और प्राप्त किया जाएगा। यदि किसी प्रस्तावित सभा के सबंध में लाउडस्पीकरों या किसी अन्य सुविधा के उपयोग के लिए अनुमति या अनुज्ञा प्राप्त करने की आवश्यकता है तो दल या अभ्यर्थी अग्रिम रूप से संबंधित प्राधिकरण के समक्ष आवेदन करेगा और यह अनुमति या अनुज्ञा प्राप्त करेगा। सभा के आयोजक, सभा में बाधा खड़ी करने वाले या अन्यथा अव्यवस्था पैदा करने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों से निपटने के लिए ड्यूटी पर तैनात पुलिस की निरपवाद रूप में सहायता प्राप्त करेगा। स्वय आयोजक ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं करेंगे। मतदान बूथ पर मतदाताओं को छोड़कर ऐसा कोई व्यक्ति बूथ के भीतर प्रवेश नहीं करेगा जिसके पास निर्वाचन आयोग का कोई मान्य पास नहीं है। राजनीतिक दलों के लिए निर्धारित स्टार कैंपेनर की संख्या में राष्ट्रीय पार्टी अधिकतम 40,राज्य स्तरीय पार्टी अधिकतम 40,क्षेत्रीय पार्टी अधिकतम 20 है। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश से अवगत कराया गया जिसमे भारत निर्वाचन आयोग ने आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों और ऐसे उम्मीदवारों को प्रायोजित करने वाले राजनीतिक दलों द्वारा आपराधिक पृष्ठभूमि के प्रकाशन के लिए एक अलग और विस्तृत निर्देश जारी किए गए।

# सोन का जलस्तर घटना जारी, 73 हजार 500 क्यूसेक पानी बराज पर पंहुचा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** सोन नदी के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में हो रही वर्षा में कमी से मंगलवार शाम को जलस्तर घटने का सिलसिला शुरू है। इंद्रपुरी बराज पर 75 हजार 540 क्यूसेक पानी पहुंच रहा है। बराज का 69 में से 20 गेट खोलकर लेवल मेनटेन करने के बाद 63 हजार 313 क्यूसेक पानी सोन नदी में छोड़ा जा रहा है। जल संसाधन विभाग के अनुसार झारखंड, उत्तरप्रदेश व जिले के कैमूर पहाड़ी इलाके में हो रही वर्षा के थमने के बाद सोन नदी का जलस्तर घटने का सिलसिला जारी है। मध्य प्रदेश के बाणसागर जलाशय से आज 16745 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। वही उत्तर प्रदेश के रिंहद जलाशय से आज 13 हजार 489 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। सोन नहर कमांड क्षेत्र में अत्यधिक बारिश के बाद नहरों में पानी की आपूर्ति घटा दी गई है। बराज से पश्चिमी संयोजक नहर में 5415 व पूर्वी संयोजक नहर में 3813 क्यूसेक पानी की आपूर्ति किया जा रहा है।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

जल संसाधन विभाग के मॉनिटरिंग के कार्यपालक अभियंता भारती रानी के अनुसार इंद्रपुरी बराज पर ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र से वर्षा में कमी होने के बाद सोन के जलस्तर घटने का सिलसिला जारी है। आज 72 हजार 540 क्यूसेक पानी ऊपरी जलग्रहण से आ रहा है जिसमें से बराज का लेवल मेनटेन करने के बाद 63 हजार 313 क्यूसेक पानी 20 गेट खोलकर सोन में छोड़ा जा रहा है। सभी नहरों में पानी की आपूर्ति कम किया गया है।

# विधि विधान से की बंगाली समुदाय ने लक्खी पूजा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** शहर के बंगाली समुदाय के लोगों ने सोमवार को पूर्णिमा की रात श्रद्धा, भक्ति और उजियार की बीच लक्खी पूजा पूरे उत्साह और आस्था के साथ मनाया। घर-घर में मां लक्ष्मी की आराधना पूरे विधि विधान से की गई। दीपों की रोशनी से घर को जगमग किया गया 'शंखनाद, आरती और भक्ति गीतों से देवी की पूजा की गई'। रामकृष्ण आश्रम के अध्यक्ष प्रदीप दास के अनुसार बंगाली समाज के लिए इस दिन का विशेष महत्व है। पूर्णिमा की पवित्र रात में मां लक्ष्मी स्वयं धरती पर अवतरित होती हैं जिन घरों में स्वच्छता, शुद्धता और सच्ची श्रद्धा का वास होता है वहां स्थाई रूप से सुख समृद्धि का आशीर्वाद देती है।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के वार्डन का उन्मुखीकरण कार्यक्रम गर्ल्स फर्स्ट का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की शिक्षिकाओं का मानसिक स्वास्थ्य एवं भावनात्मक कल्याण विषय पर उन्मुखीकरण कार्यशाला बिहार शिक्षा परियोजना कार्यालय रोहतास के निर्देश से वर्ल्डबीइंग इंडिया फाउंडेशन के द्वारा संचालित 'गर्ल्स फर्स्ट' कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में संचालित सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय विद्यालय के वार्डन का एकदिवसीय उन्मुखीकरण जिला शिक्षा परियोजना के कार्यालय में आयोजित किया गया। इस कार्यशाला में वर्ल्डबीइंग इंडिया फाउंडेशन की परियोजना प्रबंधक निवेदिता और कार्यक्रम पदाधिकारी पप्पू के द्वारा 'गर्ल्स फस्ट' कार्यक्रम



की प्रगति पर चर्चा करते हुए मानसिक स्वास्थ एवं भावनात्मक कल्याण (वेलबीइंग) विषय पर समझ बनाई गई। विभिन्न प्रकार के चारित्रिक गुणों, भावनाओं की पहचान एवं समझ तथा भावनाओं के प्रबंधन सहित भावनात्मक समुत्थान के विभिन्न कौशलों एवं उसके लाभ के बारे में चर्चा की गयी। साथ ही कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में संचालित 'गर्ल्स फर्स्ट' कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए योजना पर चर्चा की गई। कक्षा 6, 7 एवं 8 के छात्राओं के साथ विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उनके भावनात्मक समुत्थान के कौशल, चारित्रिक गुणों के प्रयोग तथा भावनाओं के प्रबंधन क्षमता आदि की समझ विकसित कर मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करने पर चर्चा की गयी। इस उन्मुखीकरण कार्यशाला में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी रोहित रौशन, समग्र शिक्षा ने सभी वार्डेन के साथ समीक्षा करते हुए कहा कि केजीबीवी में किए जा रहे कार्यों पर सभी को अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। विद्यालय का अच्छा प्रबंधन और बच्चियों की गुणवत्ता शिक्षा के साथ-साथ किशोरियों में 'भावनात्मक कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य' की समझ विकसित करना भी आवश्यक है। केजीबीवी में 'गर्ल्स फर्स्ट' कार्यक्रम अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों के आयोजन पर सभी को निर्देशित किया। कार्यक्रम में जिला जेंडर कॉर्डिनेटर सुधीर मोहन और सभी केजीबीवी की वार्डन उपस्थित थे।

# वोटर कार्ड से संबंधित शिकायत के लिए टॉल फ्री नम्बर पर करें सम्पर्क : नोडल पदाधिकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** कम्प्लेन मॉनिट्रिंग-सह-जिला नियंत्रण कक्ष-सह-हेल्पलाइन कोषांग के नोडल पदाधिकारी विनिता कुमारी द्वारा बताया गया कि गहन पुनरीक्षण अथवा वोटर कार्ड से संबंधित किसी भी तरह की शिकायत अथवा सहायता हेतु आम नागरिक सरकार द्वारा जारी किये गये टॉल फ्री नम्बर 1950 पर संपर्क कर सकते हैं। यह कोषांग चुनाव कार्य समाप्ति तक 24 घंटे चालू रहेगा। इस कोषांग में अभी तक वोटर कार्ड से संबंधित शिकायत एवं सहायता हेतु एनजीएसपी (नेशनल ग्रिएवांस सर्विस पोर्टल) पर कुल 227 आवेदन प्राप्त हुआ है जिनका निराकरण किया जा चुका है। कम्प्लेन मॉनिट्रिंग-सह-जिला नियंत्रण कक्ष -सह- हेल्पलाइन कोषांग में 1.02.2025 से 07.10.2025 तक एनजीएसपी क्वेरी एंड सजेशन के हेल्पलाइन नंबर 1950 पर 1314 लोगों को दूरभाष के माध्यम से सहायता की जा चुकी है। इस कोषांग में सीवीआइजीआइएल का कार्य भी चल रहा है। इसमें आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे व्यक्ति अथवा राजनीतिक पार्टी के विरूद्ध विजिल पोर्टल अथवा सिविजिल मोबाइल ऐप के माध्यम से आम नागरिक शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# सुप्रीम कोर्ट में जूता फेंकने की कोशिश : न्यायपालिका की गरिमा पर सवाल, स्थानीय वकीलों ने जताई तीखी नाराजगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता






**पूर्णिया।** सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान एक अधिवक्ता द्वारा मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने की कोशिश ने देशभर की न्यायिक बिरादरी को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना को लेकर पूर्णिया के स्थानीय वकीलों में गहरा आक्रोश देखा जा रहा है। अधिवक्ताओं ने इसे न केवल न्यायपालिका की गरिमा पर आघात बताया, बल्कि वकालत पेशे की मयार्दा के लिए भी गहरा धब्बा करार दिया।

स्थानीय अधिवक्ता संघ से जुड़े वरिष्ठ अधिवक्ता दिलीप कुमार दीपक ने कहा कि 'कोर्टरूम में ऐसी हरकत न सिर्फ न्यायालय की गरिमा को ठेस पहुँचाती है बल्कि समूचे वकालत पेशे पर सवाल खड़ा करती है। वकील समाज का मार्गदर्शक होता है, भावनात्मक उत्तेजना में ऐसी प्रतिक्रिया अस्वीकार्य है।'

वहीं अधिवक्ता अरुणाभ भास्कर उर्फ गौतम वर्मा ने कहा कि 'मुख्य न्यायाधीश देश की न्यायपालिका के शीर्ष संवैधानिक पद पर आसीन होते हैं। उनके प्रति ऐसा असम्मान किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं। इस घटना से आम जनता के मन में अदालत की छवि को ठेस पहुँची है।'

अधिवक्ता किशोरी बबीता चौधरी ने कहा कि वकालत का पेशा संविधान की रक्षा का दायित्व निभाता है। ऐसे में कोई भी अधिवक्ता अगर व्यक्तिगत विचारधारा के प्रभाव में आकर न्यायपालिका की गरिमा भंग करता है, तो उस पर कठोरतम कार्रवाई होनी चाहिए।बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा आरोपी वकील के निलंबन के निर्णय का स्थानीय अधिवक्ताओं ने स्वागत किया है। उनका कहना है कि ऐसे कदम से भविष्य में कोई भी अधिवक्ता इस प्रकार की अनुशासनहीनता करने से पहले सौ बार सोचेगा।

स्थानीय अधिवक्ता प्रेरणा गुप्ता ने कहा, 'अदालत बहस का मंच है, विरोध का नहीं। जूता फेंकने जैसी हरकतें न सिर्फ शर्मनाक हैं, बल्कि न्याय व्यवस्था की नींव को कमजोर करती हैं। ऐसे लोगों को सख्त कानूनी सजा मिलनी चाहिए।' वकीलों का सर्वसम्मत मत है कि अदालत में अनुशासन, मयार्दा और सम्मान सर्वोपरि होना चाहिए। कोई भी मतभेद या असहमति विधिक प्रक्रिया के तहत ही दर्ज की जानी चाहिए, न कि हिंसक या अपमानजनक तरीकों से।

## नाव पर टिकी जिंदगी : जमीरा वासियों की आवाज अनसुनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

■ टापू में बसी छोटी बस्ती आज भी बाढ़ और भूख से जूझती, सरकार रही निष्ठुर

**अमौर/पूर्णिया।** टापू में बसे जमीरा गांव के 25-30 परिवार आज भी आजादी के सात दशक बाद जीवन की मूलभूत सुविधा आवागमन के अभाव में संघर्ष कर रहे हैं। चारों तरफ हिछामती नदी की लहरों में घिरे इस गांव के लोगों का एकमात्र आवागमन साधन नाव है। खासकर बाढ़ के छह महीनों के दौरान यह जीवन लगभग असंभव हो जाता है। कई बार ग्रामीण कई दिनों तक भूखे-प्यासे अपने घरों में ही रहने को मजबूर हो जाते हैं।

जमीरा गांव, तियरपारा पंचायत के वार्ड नंबर 9 में स्थित है। ग्रामीणों ने बताया कि उनके घर से मात्र 100 मीटर दूर प्रधानमंत्री सड़क गुजरती है, लेकिन स्थायी पुल या आवागमन मार्ग का निर्माण नहीं होने से उनकी जिंदगी कठिनाइयों से घिरी हुई है।ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार सांसद, विधायक, मुखिया, जिला परिषद और वार्ड सदस्य से गुहार लगाई, लेकिन अब तक उनकी आवाज कोई सुनने वाला नहीं रहा। मोहम्मद तहसीन आलम, मंगल कुमार, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद तबरेज, तनवीर आलम, दिलशाद अहमद सहित अन्य जमीरा वासी सरकार से आवागमन बहाल करने की ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों की सबसे बड़ी चुनौती बाढ़ के दिनों में होती है, जब नाव के बिना गांव और बाहर के बीच संपर्क टूट जाता है। इस दौरान बच्चों की पढ़ाई, बाजार से राशन, और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं तक पहुंच नामुमकिन हो जाती है। उनका कहना है कि अगर सरकार ने तत्काल कदम नहीं उठाया, तो यह समस्या और गंभीर होती जाएगी। जनता सरकार से सवाल कर रही है। क्या जमीरा वासियों की आवाज अब भी अनसुनी रहेगी, या उनके जीवन को कुछ राहत देने का समय अब आएगा?

## पूर्णिया पुलिस ने छात्राओं की सुरक्षा के लिए उठाए ठोस कदम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

■ हर कदम पर पुलिस सतर्क 'उड़ान गश्ती' हुई सक्रिय, स्कूल-कॉलेज से लेकर पार्क तक रखी जा रही पैनी नजर



**पूर्णिया।** महिला सुरक्षा को लेकर पूर्णिया पुलिस हर स्तर पर सतर्क और संवेदनशील बनी हुई है। पुलिस अधीक्षक स्वीटी सहरावत के दिशा-निर्देश पर मंगलवार को 'उड़ान गश्ती' की टीम ने शहर के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक पार्कों का भ्रमण किया।

इस दौरान गश्ती दल ने सुरक्षा व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की और मौके पर मौजूद छात्राओं से संवाद स्थापित किया। छात्राओं ने अपनी राय और अनुभव साझा किए, वहीं पुलिस टीम ने उन्हें आश्वस्त किया कि हर परिस्थिति में पूर्णिया पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर है। किसी भी प्रकार की असुविधा या छेड़छाड़ की स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जाएगी। 'उड़ान गश्ती' की टीमें विशेष रूप से उन स्थानों पर नजर बनाए हुए हैं जहां छात्राओं की आवाजाही अधिक रहती है। पार्कों, विद्यालयों और कॉलेज परिसरों के आसपास संदिग्ध गतिविधियों पर पुलिस की पैनी निगाह है। गश्ती दल ने मौके पर छात्राओं को पुलिस हेल्पलाइन 112 और 1091 की जानकारी दी और असामाजिक तत्वों के खिलाफ त्वरित सूचना देने की अपील की। पुलिस अधीक्षक स्वीटी सहरावत की सोच स्पष्ट है— महिला सुरक्षा केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि पुलिस व्यवस्था का मूल आधार है। इसी दृष्टिकोण के तहत उन्होंने जिले के हर थाने और गश्ती दल को निर्देशित किया है कि छात्राओं और महिलाओं से जुड़े हर क्षेत्र में सुरक्षा उपायों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। पिछले कुछ महीनों में पूर्णिया पुलिस ने महिला सुरक्षा को लेकर कई ठोस कदम उठाए हैं शहर के मुख्य मार्गों पर नियमित पेट्रोलिंग, स्कूल-कॉलेज मार्गों पर विशेष निगरानी, और संवेदनशील इलाकों में महिला पुलिस बल की सक्रिय तैनाती ने जिले में सुरक्षा का माहौल और मजबूत किया है। इन निरंतर प्रयासों से छात्राओं और अभिभावकों में पुलिस के प्रति भरोसा और आत्मविश्वास बढ़ा है। लोग अब न केवल पुलिस को कानून-व्यवस्था की रखवाली करने वाली शक्ति के रूप में देख रहे हैं, बल्कि एक संवेदनशील और जवाबदेह तंत्र के रूप में पहचान रहे हैं, जो सुरक्षा की गारंटी बन चुका है। कुल मिलाकर, 'उड़ान गश्ती' अभियान यह दशार्ता है कि पूर्णिया पुलिस के लिए महिला सुरक्षा कोई नारा नहीं, बल्कि एक सतत मिशन है, जिसमें हर कदम पर जिम्मेदारी और संवेदनशीलता की झलक मिलती है।

## पांच महीने बाद फरार महिला बरामद, पुलिस की बड़ी कामयाबी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केनगर/पूर्णिया।** के नगर थाना पुलिस ने 5 माह से लापता चल रही पांच बच्चों की मां को कटिहार जिले से बरामद कर न्यायालय में सुपुर्द कर दिया। थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार पटेल ने बताया कि यह सफलता अपहरण की गहन जांच और वैज्ञानिक अनुसंधान के बाद मिली। उन्होंने बताया कि महिला को सोमवार को ही न्यायालय में 164 के बयान दर्ज कराने के लिए सुपुर्द किया गया और फिर थाना लाया गया। महिला के पति, हरिपुर गाँव निवासी पप्पू पासवान ने अचानक घर से लापता होने पर एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस की यह कार्रवाई महिलाओं की सुरक्षा और अपहरण जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## जल प्लांट कर्मी की संदिग्ध मौत से सनसनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

### परिजनों का आरोप– बेटे की हत्या कर लटकाया गया शव, पुलिस ने जांच शुरू की



**पूर्णिया।** शहर में एक दर्दनाक खबर सामने आई। न्यू सिपाही टोला स्थित जल प्लांट में कार्यरत एक युवक का शव कमरे के भीतर गमछे के फंदे से लटका पाया गया। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। लोगों की भीड़ घटनास्थल पर उमड़ पड़ी। के. हाट थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान साहबान, कस्टम ऑफिस निवासी 22 वर्षीय रितेश कुमार सिंह के रूप में की गई है। रितेश पिछले कुछ वर्षों से जल प्लांट में देखरेख की जिम्मेदारी निभा रहे थे। आठ वर्ष पूर्व पिता की मृत्यु के बाद वह परिवार की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। घर में मां दीपमाला देवी और तीन भाई हैं। बेटे की मौत की खबर मिलते ही मां समेत पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

परिजनों का कहना है कि रितेश आत्महत्या जैसा कदम नहीं उठा सकता। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि यह आत्महत्या नहीं, बल्कि सुनियोजित हत्या है। परिजनों के मुताबिक, रितेश का किसी से कोई विवाद नहीं था, न ही उसने कभी मानसिक परेशानी की बात घरवालों से साझा की। उनका आरोप है कि पहले रितेश की हत्या की गई, फिर मामले को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फंदे पर टांगा गया। परिवार ने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है।इधर, पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी के अनुसार, घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। प्लांट परिसर में कार्यरत कर्मियों से पूछताछ की जा रही है और आसपास के लोगों के बयान भी लिए जा रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध है, इसलिए हर पहलू पर जांच जारी है।

स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर गहरी नाराजगी है। उनका कहना है कि यदि यह हत्या का मामला साबित होता है, तो दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। फिलहाल, पुलिस पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी।इस घटना ने एक बार फिर सवाल खड़ा कर दिया है कि शहर के औद्योगिक परिसरों और निजी प्लांटों में कार्यरत कर्मचारियों की सुरक्षा कितनी सुनिश्चित है। साथ ही, कार्यस्थल पर उत्पीड़न और दबाव जैसे मुद्दों को लेकर भी चर्चा तेज हो गई है। परिजन और स्थानीय लोग प्रशासन से न्याय की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

## आचार संहिता को लेकर विशेष बैठक, सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट पर कड़ी नजर रखने के निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बड़हरा कोठी/पूर्णिया।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू होते ही रघुवंश नगर थाना परिसर में सोमवार को एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी शिशुपाल कुमार ने की। इसमें सभी पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मियों को दिशा-निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान शांति, सौहार्द और निष्पक्षता बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

थाना प्रभारी ने बैठक में सोशल मीडिया अवेयरनेस पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली भ्रामक या भड़काऊ पोस्टों पर कड़ी नजर रखी जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि ऐसी किसी भी गतिविधि की तुरंत जांच कर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।इसके साथ ही थाना क्षेत्र के भीतर आने वाले हॉटस्पॉट क्षेत्रों की पहचान कर वहां विशेष गश्ती और निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि आचार संहिता उल्लंघन की किसी भी घटना पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए और किसी भी स्थिति में निष्पक्षता से समझौता नहीं किया जाए। थाना प्रभारी ने पुलिसकर्मियों से कहा कि वे कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं ताकि मतदान के दौरान किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। अंत में, थाना प्रशासन ने जनता से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें, और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या सूचना की जानकारी तुरंत पुलिस को उपलब्ध कराएं, ताकि क्षेत्र में शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखा जा सके।

## ईंटभट्ठा विवाद में बढ़ा तनाव, पहचान छिपाकर प्रभारी मुखिया को मिली जान से मारने की धमकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बड़हरा कोठी/पूर्णिया।** बड़हरा कोठी प्रखंड के औराही पंचायत के प्रभारी मुखिया तपेश कुमार पाठक को पहचान छिपाकर कॉल कर जान से मारने की धमकी दी गई है। बताया जाता है कि मुखिया पाठक ने विद्यालय और आबादी क्षेत्र के समीप चल रहे ईंटभट्ठा संचालन पर आपत्ति जताई थी। इसी के बाद उन्हें लगातार धमकी भरे कॉल आने लगे।

प्रभारी मुखिया ने इस संबंध में 26 अगस्त 2025 को पूर्णिया एसपी को आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। साथ ही उन्होंने अपनी जानमाल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की गुहार भी लगाई थी। मगर उनका कहना है कि अब तक प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।मुखिया पाठक ने बताया कि जांच के दौरान धमकी देने वाले व्यक्ति की पहचान रिंकू ऋषिदेव (पिता- बौका ऋषिदेव) के रूप में हुई है, जो पहचान छिपाकर कॉल कर रहा था। उन्होंने कहा कि जब रिंकू की पहचान उजागर हुई तो उसने खुलेआम जान से मारने की धमकी दी। मुखिया पाठक के अनुसार, रिंकू ऋषिदेव, बौका ऋषि और रणजीत ऋषि से उनका जमीन विवाद भी लंबे समय से चला आ रहा है। ये सभी आरोपी उसी विवादित ईंटभट्ठा में कार्यरत हैं। उन्होंने प्रशासन से तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

## अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल आज मनायेगा अपना पांचवां स्थापना दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** विश्व दृष्टि दिवस, 8 अक्टूबर के अवसर पर अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल अपना पांचवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस प्रतिष्ठित अस्पताल ने पिछले पांच वर्षों में 25,000 से अधिक गरीब मरीजों की आंखों का सफल ऑपरेशन कर उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा का शानदार रिकॉर्ड स्थापित किया है।

अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल, जो श्रीनगर प्रखंड के तारा नगर स्थित जगैली चौक पर 8 अक्टूबर 2020 को स्थापित हुआ था, ने गरीब एवं निस्सहाय नेत्रहीनों के हित में अपनी सेवाओं को लगातार सुदृढ़ किया है। अस्पताल में मोतियाबिंद सहित आंखों की विभिन्न सर्जरी और बीमारियों का मुफ्त इलाज किया जाता है। मरीजों को घर से लाया जाता है और उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

अस्पताल के इस पांच साल के सफर में इसके संस्थापक एवं मेडिकल डायरेक्टर डॉ. अजित कुमार पोद्दार, मैनेजर श्री आलोक कुमार और पूरी टीम के योगदान को व्यापक रूप से सराहा जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता विजय कुमार श्रीवास्तव ने अस्पताल के सभी सदस्यों के प्रति आभार प्रकट करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और सफलता की कामना की।

विश्व दृष्टि दिवस के माध्यम से आंखों की देखभाल और दृष्टि हानि से बचाव के महत्व को जागरूक करने का संदेश लोगों तक पहुंचाना भी इस अवसर का मुख्य उद्देश्य है।

## चंपानगर में आचार संहिता की सख्ती : प्रशासन ने हटाए प्रचार बैनर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**चंपानगर/पूर्णिया।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सोमवार से लागू हुई आचार संहिता के तहत प्रशासन ने मंगलवार को चम्पानगर में सघन अभियान चलाकर बड़ी संख्या में राजनीतिक दलों के प्रचार सामग्री को हटाया। यह अभियान केनगर अंचल के सक्रियता के तहत आयोजित किया गया। प्रखंड प्रशासन की ओर से दिवाकर कुमार के निर्देश पर राजस्व कर्मचारी सुधीर कुमार ने नेतृत्व किया। उनके साथ प्रखंड और नगर पंचायत के कर्मचारी भी शामिल रहे। टीम ने रोड बाजार, मुख्य सड़क तथा सरकारी परिसरों के आसपास लगाए गए बैनर, पोस्टर और झंडों को हटाया।

सीओ दिवाकर कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी सरकारी भवन, सार्वजनिक स्थल या निजी संपत्ति पर बिना अनुमति लगाए गए प्रचार सामग्री आचार संहिता का उल्लंघन है और इसे हटाना अनिवार्य है। 'जो भी व्यक्ति या दल इस नियम का उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी,' उन्होंने कहा। प्रशासन की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से स्पष्ट संदेश गया है कि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय प्रशासन पूरी तरह तत्पर है।

### सुरक्षा और अपराध नियंत्रण

## बनमनखी में पुलिस-बीएसएफ का वाहन चेकिंग अभियान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बनमनखी/पूर्णिया।** पुलिस अधीक्षक पूर्णियां के निर्देशानुसार आगामी विधानसभा चुनाव को सुरक्षित कराने और अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से बनमनखी पुलिस ने बीएसएफ जवानों के साथ मिलकर व्यापक वाहन चेकिंग अभियान चलाया। यह अभियान बनमनखी हृदयनगर चौक एवं बस स्टैंड के समीप आयोजित किया गया।

अभियान के दौरान मेन रोड से गुजरने वाले चारपहिया और दोपहिया वाहनों की कड़ी जांच की गई। बिना हेल्मेट और बिना आवश्यक कागजात के चल रहे बाइक चालकों को रोका गया। कई वाहनों की डिक्की की भी जांच की गई। नियमों का उल्लंघन करने वाले कई बाइक चालकों पर चालान भी काटा गया।अपर थानाध्यक्ष कमल कुमार ने बताया कि वाहन जांच अभियान का उद्देश्य न केवल सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करना है, बल्कि क्षेत्र में अपराधिक गतिविधियों पर भी लगाम लगाना है। उन्होंने कहा कि अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा ताकि असामाजिक तत्वों में भय बना रहे और आम जनता सुरक्षित महसूस करे।

जांच के दौरान पुलिस ने चालकों को हिदायत देते हुए उन्हें हेल्मेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने के लिए निर्देशित किया। अभियान में पुलिस के साथ बीएसएफ जवान भी मौजूद थे, जिससे सुरक्षा व्यवस्था और प्रभावी बनी रही।

## आचार संहिता लागू, प्रशासन ने शुरू किया सघन अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**बनमनखी/पूर्णिया।** आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन ने सक्रियता दिखाते हुए प्रखंड स्तर पर सघन अभियान शुरू कर दिया है। नेताओं और भावी प्रत्याशियों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए पोस्टर, बैनर और होर्डिंग्स को हटाने का काम मंगलवार को तेजी से किया गया।प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार के नेतृत्व में प्रखंड प्रशासन और नगर परिषद के कर्मियों ने बस स्टैंड, मुख्य सड़क मार्ग, मुख्य बाजार और सरकारी परिसरों के आसपास लगी राजनीतिक प्रचार सामग्री को हटाया।

अभियान के दौरान कर्मचारियों ने बड़े पैमाने पर पोस्टर और बैनर को हटाया और उन्हें सरकारी संग्रहालय में जमा किया।

साथ ही, नेताओं ने स्वयं भी अपने पोस्टर और बैनर हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी। इस दौरान कई राजनीतिक दलों ने प्रशासन की कार्रवाई का समर्थन किया और कहा कि निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है।

अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार किसी भी सरकारी भवन या सार्वजनिक स्थल पर प्रचार सामग्री लगाना आचार संहिता का उल्लंघन है। इसके अलावा, निजी संपत्ति पर बिना अनुमति लगाई गई सामग्री भी नियमों का उल्लंघन मानी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति या दल के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

प्रखंड प्रशासन ने बताया कि अभियान के तहत विशेष ध्यान सरकारी परिसरों, बाजार क्षेत्र और प्रमुख सड़कों पर लगाया गया है, ताकि सार्वजनिक स्थान पूरी तरह साफ-सुथरे और आचार संहिता के अनुरूप हों। प्रशासन का कहना है कि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए यह कदम बेहद आवश्यक है।

## वाहन चेकिंग के दौरान जिंदा कारतूस के साथ दो युवक गिरफ्तार

**बनमनखी/पूर्णिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस प्रशासन की नजरें शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक चौक-चौराहों पर सख्त रही हैं। पूर्णिया पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में वाहन चेकिंग अभियान लगातार जारी है।जानकीनगर पुलिस को सोमवार को वाहन चेकिंग के दौरान बड़ी सफलता मिली। राजेश्वरी पुल के समीप वाहन चेकिंग के दौरान दो युवक को एक जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा गया। पकड़े गए युवकों की पहचान कुंदन कुमार (27), निवासी रमजानी, वार्ड नं. 02, थाना जानकीनगर और सत्यवीर कुमार मंडल (23), निवासी रतनपट्टी, वार्ड नं. 05, थाना मुरलीगंज, जिला मधेपुरा के रूप में हुई।

# स्वस्थ व मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान जरूरी : श्रीकांत शास्त्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं को प्रेरित करने और मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य को लेकर औरंगाबाद जिला प्रशासन की ओर से मंगलवार की सुबह जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में शामिल लोग मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करने संबंधी नारे लगाएं। प्रभात फ़ेरी की शुरुआत गेट स्कूल मैदान से हुई जो शहर के मुख्य मार्ग से गुजरते हुए गांधी मैदान में जाकर समाप्त हुई। रैली में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह एवं अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह भी शामिल हुए। रैली का नेतृत्व करते हुए जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि स्वस्थ एवं मजबूत लोकतंत्र के लिए चुनाव के दौरान मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करना चाहिए। जिलाधिकारी श्री शास्त्री ने कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं बल्कि यह हर नागरिक का नैतिक एवं संवैधानिक दायित्व है। लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति तभी प्रकट होती है जब प्रत्येक नागरिक निर्भीक होकर मतदान करता है। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग, विशेष रूप से प्रथम बार मतदान करने वाले मतदाता, लोकतंत्र के भविष्य के आधार स्तंभ हैं। अतः उन्हें सक्रिय रूप से मतदाता बनने एवं अन्य लोगों को मतदान हेतु प्रेरित करने की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रत्येक नागरिक तक मतदान के महत्व की जानकारी पहुंचाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। इस उद्देश्य से जिले के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों, प्रखंडों एवं पंचायतों में विशेष जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं ताकि हर मतदाता अपनी भूमिका को समझे और लोकतंत्र की मजबूती में योगदान दे सके। इसके उपरांत सभी प्रतिभागियों को लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा एवं स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण मतदान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए सामूहिक शपथ दिलाई गई-हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। प्रभात फ़ेरी में जिले के विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट एवं गाइड सदस्य, जीविका दीदी, आशा कार्यकर्ता ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागी हाथों में आकर्षक बैनर, झंडे एवं तख्तियां लिए 'औरंगाबाद की यही पहचान-हर नारी करें मतदान, खेलेंगे औरंगाबाद औरंगाबाद करेगा मतदान, वोट दो ईमानदारी से-चुनो नेता जिम्मेदारी से, शत प्रतिशत मतदान-यही है औरंगाबाद का सम्मान' जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से पूरे मार्ग में मतदाता जागरूकता का संदेश प्रसारित कर रहे थे। प्रभात फ़ेरी के दौरान जगह-जगह नागरिकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागियों का स्वागत किया और मतदाता जागरूकता के संदेश से प्रेरित हुए। कार्यक्रम के दौरान गांधी मैदान में मेरा वोट, मेरा अधिकार ऽ मतदान ज़रूर करेंगे हम विषय पर एक आकर्षक सेल्फी पॉइंट स्थापित किया गया, जहां बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सेल्फी लेकर मतदाता जागरूकता का संदेश सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से प्रसारित किया। इस अवसर पर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शिनी, आईसीडीएस डीपीओ विनीता कुमारी, डीपीओ (स्वास्थ्य) मो. अनवर आलम, जिला खेल पदाधिकारी कुमार पप्पू राज, जिला आपदा प्रभारी अंतरा कुमारी सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।







# बदमाशों ने दिनदहाड़े शिक्षक को मारी गोली, गंभीर स्थिति में रेफर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े एक शिक्षक की गोली मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। शिक्षक को प्राथमिक इलाज के उपरांत बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। शिक्षक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अकौना गांव निवासी देवानंद सिंह यादव के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक देवानंद थाना क्षेत्र के ही प्राथमिक विद्यालय खान कपसियां में शिक्षक के तौर पर कार्यरत है। मंगलवार की दोपहर विद्यालय के समीप ही नाश्ता के लिए निकले थे। इसी क्रम में दो बाइक सवारों ने देवानंद से पहले औरंगाबाद जाने का रास्ता पूछा और फिर अचानक कमर में पीछे से गोली मार दी। गोली लगते ही देवानंद जमीन पर गिर पड़े। गोली की आवाज सुनकर स्थानीय लोग घटनास्थल की ओर दौड़े तब तक अपराधी फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में देवानंद को सदर अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की तहकीकात में जुट गई है। उन्होंने बताया कि अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने घटना को क्यों अंजाम दिया? वे कौन लोग थे, फिलहाल इसकी कोई जानकारी नहीं है। विदित हो कि जख्मी देवानंद के चाचा की कुछ साल पहले अज्ञात अपराधियों ने खेत पटवन के दौरान हत्या कर दी थी। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।



# प्रत्येक मतदाता को पांच दिन पूर्व मिले वोटर पर्ची

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** नगर भवन में आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 की तैयारियों के दृष्टिगत सेक्टर पदाधिकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयुक्त अध्यक्षता जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल द्वारा की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य सेक्टर पदाधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया, मतदान केंद्र प्रबंधन, मतदाता सुरक्षा, आचार संहिता के पालन, ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन संचालन, मतदाता सहायता तथा आपदा प्रबंधन के संबध में प्रासंगिक दिशा-निर्देश एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था, ताकि आगामी निर्वाचन की पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं प्रभावशीलता सुनिश्चित की जा सके। जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने प्रशिक्षण सत्र में स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि प्रत्येक सेक्टर पदाधिकारी अपने अंतर्गत आने वाले सभी मतदान केंद्रों का सम्यक निरीक्षण करें एवं वहां उपलब्ध एएमएफ (सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं) तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की पूर्ण रूप से जांच करें। यदि किसी मतदान केंद्र में किसी प्रकार की कमी पाई जाती है तो इसकी सूचना तत्काल वरीय पदाधिकारी को दें। उन्होंने आगे निर्देश दिया कि प्रत्येक सेक्टर पदाधिकारी को निर्वाचन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण का पूर्ण ज्ञान होना आवश्यक है, जिसमें फील्ड निरीक्षण से लेकर ईवीएम मशीन संचालन तक सभी कार्य शामिल हैं। इस बार निर्वाचन में प्रत्येक मतदान केंद्र पर लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था की जाएगी। अतः कैमरा लगाने तथा ईवीएम मशीन रखने के स्थान का पूर्व चिन्हांकन कर लिया जाना अनिवार्य है। कैमरा इस प्रकार स्थापित किया जाए कि मतदान के समय मतदाता की गोपनीयता सुनिश्चित रहे एवं वोटिंग का चरण कैमरे में न कैद हो। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी सेक्टर पदाधिकारी का किसी राजनीतिक दल या उसके प्रतिनिधि के साथ कोई व्यक्तिगत संपर्क या संबध नहीं होना चाहिए, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता एवं स्वतंत्रता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि मतदान से कम से कम पांच दिन पूर्व प्रत्येक मतदाता को उसकी मतदाता पर्ची प्राप्त हो, इसके लिए बीएलओ के साथ निरंतर समन्वय एवं मॉनिटरिंग करना अनिवार्य है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सत्रों में मतदान केंद्रों की तैयारी, मतदाता सूची की जांच, ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन संचालन, मतदाता शिकायत प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था एवं आकस्मिक परिस्थितियों में कार्य योजना पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल ने सभी पदाधिकारियों को मतदान केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाने, कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा आपात परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु दिशा-निर्देश दिए।




# घास काटने के विवाद में मारपीट, तीन जख्मी

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** ओबरा थाना क्षेत्र के श्री गौरैया गांव में घास काटने के विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई है जिसमें दोनों पक्ष से दो सगी बहन समेत तीन लड़कियां घायल हो गई। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में एक पक्ष से चंचला कुमारी और दूसरे पक्ष से खुशी कुमारी एवं निधि कुमारी शामिल है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल चंचला की बहन मंजूषा कुमारी ने बताया कि पूर्व से ही मुनील के साथ जमीनी विवाद चल रहा था। इसी विवाद को लेकर मुनील, उसकी पत्नी, बेटे और दोनों बेटियों ने उनकी बहन को अकेला पाकर मारपीट करना शुरू कर दिया। मारपीट में वो गंभीर रूप से घायल हो गईं। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। अभी तक किसी भी पक्ष ने कोई लिखित आवेदन नहीं दिया है। आवेदन या फर्द बयान मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# किशोरी ने अदरी नदी में छलांग लगा की आत्महत्या की कोशिश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मंगलवार की शाम शहर के अदरी नदी पुल से कूदकर एक 16 वर्षीय किशोरी ने आत्महत्या का प्रयास किया, परंतु स्थानीय लोगों की सूझ-बूझ से उसकी जान बच गयी। फिलहाल उसका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक किशोरी देव थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है। वह अपने परिजनों के साथ सिन्हा कॉलेज के समीप रहती है। किशोरी मंगलवार की शाम बाजार जाने को कह अपने घर से निकली। वह पैदल बाजार जा रही थी। इस दौरान फोन पर किसी से बातचीत कर रही थी तभी अदरी नदी पुल पर अचानक अपनी बैग रख कर नदी के छलांग लगा दी। गनीमत रही कि उसी जगह पर मौजूद कुछ लोगों ने जैसे ही उसे नदी में कूदते देखा तो बचाने के लिए लोगों ने भी छलांग लगा दी। कड़ी मशक्कत के बाद नदी से किशोरी को बाहर निकाला गया। घटना की सूचना परिजनों को दी। सूचना पर परिजन पहुंचे और उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज किया। इस घटना से संबंधित कोई भी जानकारी परिजनों ने देने से इंकार किया है। सूत्रों से पता चला कि किशोरी किसी बात को लेकर अपने घरवालों से नाराज चल रही थी। वैसे मामला प्रेम-प्रसंग से भी जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। पता चला कि कुछ महीने पूर्व उक्त किशोरी की बहन ने भी प्रेम प्रसंग में विवाह की थी। सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया कि किशोरी का इलाज किया जा रहा है। खतरे की कोई बात नहीं है। नदी में कूदने की वजह से वह डरी सहमी हुई है। फिलहाल डॉक्टरों की देखरेख में उसका इलाज जारी है।

# अदरी नदी किनारे चला पुनीत सागर अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पुनीत सागर अभियान के तहत 13 बिहार बटालियन एनसीसी, राम लखन सिंह यादव कॉलेज, औरंगाबाद के एनसीसी कैडेट्स ने मंगलवार को अदरी नदी के किनारे व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया। इस मासिक अभियान का उद्देश्य जलस्रोतों की स्वच्छता बनाए रखना एवं जनसामान्य में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कैडेट्स ने नदी तट की सफाई के साथ-साथ पेंटिंग, कविता एवं स्लोगन के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। कैडेट्स ने स्थानीय नागरिकों को प्लास्टिक के उपयोग से बचने एवं कचरे का उचित प्रबंधन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का नेतृत्व लेफ्टिनेंट विवेक कुमार ने किया। उन्होंने उपस्थित अतिथियों का स्वागत मोमेंटो एवं शॉल भेंटकर किया। इस अवसर पर सूबेदार मेजर रमेश पात्रा ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स द्वारा संचालित यह अभियान समाज में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता लाने का सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से जल्द ही औरंगाबाद को कचरा मुक्त एवं स्वच्छ शहर के रूप में स्थापित किया जा सकेगा। हवलदार सुधीर कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि कचरे को जलाने के बजाय उसे जैविक एवं उर्वरक खाद में परिवर्तित करने के लिए लोगों को प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने प्लास्टिक उत्पादों के उपयोग को पर्यावरण के लिए हानिकारक बताते हुए उसके परहेज़ पर बल दिया। लेफ्टिनेंट विवेक कुमार ने कैडेट्स को कचरा पृथक्करण की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि कचरे को तीन वर्गों - सूखा, गीला एवं हेज़ार्ड में विभाजित किया गया। सूखे कचरे को पुनर्चक्रण (रीसायकल) हेतु कारखाना में भेजा गया जबकि गीले कचरे का निस्तारण नगर परिषद के वाहनों के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विजय रजक का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर संजय हिमांशु, आर्यन कुमार, प्रेम प्रभात, रिया गिरी, सलोनी, पलवी, दिव्यांश, जया, मनीष, निशा, कशिश, लाडो सहित अनेक एनसीसी कैडेट्स सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।




# दुर्घटना में युवक की मौत



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** थाना क्षेत्र के महुली गांव के पास सोमवार की रात बाइक हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान उसी गांव निवासी सनी कुमार उर्फ सत्येन्द्र पासवान के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार,सनी कुमार बाइक से कहीं से लौट रहे थे। जैसे ही वे महुली गांव के पास पहुंचे, रात में बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना इतनी गंभीर थी कि सनी कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। रात में अंधेरे के कारण किसी को हादसे की जानकारी नहीं मिल सकी। सुबह जब ग्रामीण सड़क पर पहुंचे तो उन्होंने शव को देखा, जिसके बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों और ग्रामीणों ने बताया कि मृतक को मिर्गी (फिट आने की बीमारी) भी थी,जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि दौरा पड़ने के कारण भी यह हादसा हो सकता है। मृतक अपने पीछे पत्नी रेणु देवी, दो पुत्र सूरज कुमार (10 वर्ष) और लक्ष्य कुमार (8 वर्ष) तथा वृद्ध पिता चंदेश्वर राम (उम्र 70 वर्ष) को छोड़ गए हैं। पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की जानकारी मिलते ही डुमरा के सरपंच प्रतिनिधि श्याम किशोर यादव पीड़ित परिवार से मिलकर ढाढ़स बंधाया और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। गांव के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

# चुनाव को ले सेक्टर व व्यय लेखा कोषांग से जुड़े अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के सफल संचालन हेतु नगर भवन में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में विधानसभावार प्रतिनियुक्त एफएस एवं एसएसटी तथा पुलिस पदाधिकारी की एक कार्यशाला-सह-प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस क्रम में निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग के संभागों एवं दायित्वों को निर्वाचन आयोग के कंडिका के अनुसार पूर्ण रूप से जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा औरंगाबाद जिला में मतदान की तिथि 11 नवंबर 2025 निर्धारित की गई। इस तिथि को औरंगाबाद जिला के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में मतदान किया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के प्रतिनिधित्व में सभी पदाधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त अनुदेशकों के आलोक में कर्तव्यनिष्ठता के साथ अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपस्थित प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी उपेंद्र पंडित ने भी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त निर्देश एवं मानकों के आलोक में चुनाव संबंधी कार्यों का संपादन करने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए नोडल पदाधिकारी रवि रंजन आलोक एवं सहायक नोडल पदाधिकारी गुंजन कुमार द्वारा चुनाव आयोग द्वारा प्राप्त निर्देशिका में अधिसूचित नियमावली के बारे में पूर्ण रूप से जानकारी दी गई। बैठक में उपस्थित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सभी अंचल अधिकारी एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा गठित टीम के अन्य सदस्यों को औरंगाबाद जिला से संबंधित सभी विधानसभा क्षेत्र में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के दायित्व के निर्वहन हेतु एसओपी के बारे में बताया गया। नोडल पदाधिकारी एवं सहायक नोडल पदाधिकारी ने सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव तिथि की घोषणा कर दी गई है। इसके फलस्वरूप जिला में आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है। नोडल पदाधिकारी ने जांच के दौरान शराब एवं नकद जब्ती के पूर्ण प्रक्रिया एवं इस क्रम में आदर्श आचार संहिता से संबंधित प्राप्त शिकायत एवं उसके निष्पादन के एस ओ पी के बारे में जानकारी दी गई। एफएस को प्रतिदिन समर्पित किए जाने वाले विभिन्न प्रपत्रों की जानकारी दी गई तथा निर्देश दिया गया कि प्रतिदिन प्रपत्र बी 8 एवं बी 9 संबंधित कार्यालय में समर्पित की जानी है। इसके अतिरिक्त सी विसिल, ई लिट्रेस एवं ईएमएस ऐप के बारे में भी जानकारी दी गई। बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनियुक्त एसएसटी के कार्य एवं दायित्व के बारे में पूर्ण रूप से जानकारी देते हुए यह बताया गया कि अधिसूचना निर्गत होने की तिथि से अपने-अपने अधिसूचित चेक पोस्ट पर सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेट के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। सभी एस एस टी प्रपत्र 10 पूर्ण करके संबंधित कार्यालय में प्रतिदिन भी जमा करेंगे। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए पुलिस उपाधीक्षक टू मनीषा बेबी ने भी पुलिस पदाधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में अपनी दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण में आईटी मैनेजर ने भी जब्ती, शिकायत, शिकायत का निष्पादन आदि से संबंधित विभिन्न ऐप की जानकारी दी। बैठक में राज्य कर संयुक्त आयुक्त ज्ञानी दास, राज्य कर सहायक आयुक्त अनामिका कुमारी, सहायक आयुक्त संतोष कुमार राजगढ़ आदि उपस्थित थे।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक – कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

